जागरूक टाइम्स
YOUTUBE चैनल को सब्सक्राइब करने के लिए स्कैन करें


# जागरूक टाइम्स

jagruktimes.co.in

जयपुर, गुरुवार, 30 जनवरी, 2025 | वर्ष 16 | अंक 271 | पृष्ठ 12 | मूल्य 1.50 रु.





स्टीव स्मिथ 10,000 टेस्ट रन बनाने वाले 15वें खिलाड़ी

पेजः 10

## न्यूज ब्रीफ

### पीएम मोदी फरवरी में जा सकते अमेरिका



**नई दिल्ली।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप शपथ लेते ही एक्शन के मोड में आ गए हैं। इसी बीच ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद पहली बार भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ट्रंप के बीच फोन पर बात हुई। अब खबर है कि पीएम मोदी अगले माह यानी फरवरी में अमेरिका की यात्रा कर सकते हैं। ऐसे समय में जब प्रवासी भारतीयों के वापस भारत आने को लेकर कवायदें चल रही है।

### सऊदी अरब में नौ भारतीयों की मौत

**जेद्दा।** सऊदी अरब के पश्चिमी क्षेत्र में जीजान के पास बुधवार को एक हादसे में नौ भारतीयों की मौत हो गई है। इस सड़क हादसे पर जेद्दा में भारतीय वाणिज्य दूतावास ने शोक जताते हुए कहा कि उन्होंने प्रभावित परिवारों को पूरी सहायता करने का आश्वासन दिया। जेद्दा स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास ने पीड़ितों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की।

### सूडान में 18 विमान यात्रियों की मौत

**सूडान।** दक्षिण सूडान के यूनिटी राज्य में बुधवार (29 जनवरी, 2025) को एक विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस विमान में 21 यात्री और क्रू मेंबर्स सवार थे। इस दुर्घटना में अब तक 18 लोगों की मौत हो चुकी है। संयुक्त राष्ट्र के रेडियो मिराया की रिपोर्ट के मुताबिक, ये प्लेन दक्षिणी सूडान की एक ऑयलफील्ड से उड़ान भर रहा था।

### केजरीवाल पर केस करेगी हरियाणा सरकार

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार की और से आम आदमी पार्टी सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल पर मामला दर्ज करवाया जाएगा। हरियाणा के केबिनेट मंत्री विपुल गोयल का कहना है कि अरविंद केजरीवाल ने राजनीति के लिए यमुना में 'जहर' मिलाने का जो आरोप लगाया है, उसको लेकर हरियाणा सरकार द्वारा उन पर मुकदमा दर्ज करवाया जाएगा।

### 13,398 पदों पर निकली वैकेंसी, 18 से आवेदन शुरू

**जयपुर।** राजस्थान में नौकरी की तलाश कर रहे युवाओं के लिए अच्छी खबर है। प्रदेश की भजनलाल सरकार ने संविदा पर 13 हजार 398 पदों पर भर्तियां निकली हैं। इसमें कम्युनिटी हेल्थ अफसर, नर्स, लेखा सहायक, लैब टेक्नीशियन, महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता और इंजीनियर जैसे 29 से ज्यादा अलग-अलग पदों पर भर्तियां की जाएंगी। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड ने इसको लेकर 28 जनवरी को विज्ञप्ति जारी की है। इन पदों पर भर्ती के लिए 12वीं पास से लेकर पोस्ट ग्रेजुएट उम्मीदवार आरएसएसबी की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर 18 फरवरी से 19 मार्च तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे।

महाकुंभ में महाशोक

# भगदड़ में 30 श्रद्धालुओं की मौत, 60 घायल










## डीआईजी वैभव कृष्ण ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी जानकारी




**प्रयागराज।** मौनी अमावस्या के मौके पर प्रयागराज में आस्था की डूबकी लगाने वाले श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी थी। इस दौरान 10 करोड़ श्रद्धालुओं के महाकुंभ में पहुंचने का अनुमान था। लेकिन मंगलवार देर रात संगम नोज के पास अचानक भगदड़ मची। जिसमें 30 श्रद्धालुओं की मौत हो गई। 60 श्रद्धालु घायल हो गए। इस बात की जानकारी बुधवार शाम मेला प्रबंधन ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी।

मेला प्रबंधन क्षेत्र के डीआईजी वैभव कृष्णा ने बताया कि भगदड़ में 30 श्रद्धालुओं की मौत हुई। बुधवार शाम डीआईजी मेला वैभव कृष्णा ने मीडिया को प्रेस कॉन्फ्रेंस में पूरे भगदड़ के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया इस भगदड़ में 30 श्रद्धालुओं की मौत हुई, जिसमें से 25 शवों की पहचान कर ली गई है। 5 शवों की पहचान अभी नहीं हुई है।

### महाकुंभ में क्यों मची भगदड़

डीआईजी ने बताया कि ब्रम्हा मुहूर्त में भारी भीड़ के करण दूसरी ओर के बैरिकेड टूट गई। जिसके बाद भगदड़ मच गया। डीआईजी ने बताया कि अखाड़ा क्षेत्र में अफरा-तफरी मचने से एक के ऊपर एक चढ़ने से यह भगदड़ मची। डीआईजी वैभव कृष्ण ने कहा कि 10 करोड़ से अधिक भक्त ों के आने की उम्मीद के कारण हादसा हुआ। पुलिस और प्रशासन सभी अखाड़ों को उनके पारंपरिक जुलूसों में मदद करेगा। स्थिति नियंत्रण में है।

### 30 की मौत, 25 शवों की हुई पहचानः डीआईजी

डीआईजी, महाकुंभ वैभव कृष्ण ने बताया कि महाकुंभ में रात 1-2 बजे के बीच हुई भगदड़ में 30 लोगों की मौत हो गई है। 25 लोगों की पहचान हो गई है और बाकी 5 की पहचान की जा रही है। मेला प्रशासन की तरफ से डीआईजी वैभव कृष्णा ने बताया कि कुछ श्रद्धालु बैरिकेड्स तोड़कर आगे जाना चाहते थे। इस दौरान कुछ श्रद्धालु सो रहे थे जो कुचल दिए गए। डीआईजी ने बताया कि वहां कोई वीआईपी प्रोटोकॉल नहीं था।

### मृतकों के परिजनों को 25-25 लाख रुपये की मदद का ऐलान

मुख्यमंत्री योगी के आदेश के अनुसार, कुम्भ हादसे की ज्यूडिशियल इंक्वायरी होगी, जिसके लिए पूर्व न्यायाधीश हर्ष कुमार की अध्यक्षता में जांच समिति गठित कर दी है। कमेटी में वीके गुप्ता, रिटायर्ड आईएएस बीके सिंह शामिल किए गए हैं। हादसे की तह तक जाने के लिए पुलिस भी जांच करेगी। मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों को 25-25 लाख रुपये की मदद का एलान किया है।

### » सीएम ने दिए हादसे की न्यायिक जांच के आदेश



महाकुंभ भगदड़ को लेकर सीएम योगी आदित्यनाथ ने हादसे की न्यायिक जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा कि 3 सदस्यीय आयोग घटना की जांच करेगा। उन्होंने घटना पर दुख भी जताया है।

### » सीएम योगी ने की बैठक

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना के बाद लखनऊ में एक उच्च स्तरीय बैठक की। मुख्यमंत्री ने राजधानी लखनऊ में प्रदेश के मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक, गृह विभाग के प्रमुख सचिव तथा अपर पुलिस महानिदेशक (कानून-व्यवस्था) एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। मंगल-बुधवार की मध्य रात्रि के करीब एक से दो बजे के बीच प्रयागराज महाकुंभ में अचानक बेतहाशा भीड़ बढ़ने से धक्का-मुक्की की स्थिति हो गई। इसी दौरान भगदड़ मच गई।

### » मोदी ने किया योगी को चार बार फोन

हादसे के कुछ देर बाद ही प्रधानमंत्री मोदी ने एक-एक करके अभी तक सीएम योगी आदित्यनाथ को चार बार फोन किया है। पीएम मोदी ने फोन पर सीएम योगी से सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ सभी घायलों के बारे में जानकारी ली। वहीं सीएम योगी ने घायलों के समुचित इलाज की बात कही है। हादसे के बाद सीएम योगी ने तुरंत पुलिस प्रशासन को फोन करके अलर्ट कर दिया और कहा कि लोग सुरक्षा के साथ गंगा के किसी भी घाट पर स्नान करें। अफवाहों पर ध्यान न दें।

### » पीएम ने की अश्विनी वैष्णव से भी बात

दूसरी तरफ पीएम मोदी ने श्रद्धालुओं के आने-जाने के इंतजाम को लेकर केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से भी विस्तार से बात की है। वहीं रेल मंत्री ने भी प्रधानमंत्री को रेल व्यवस्थाओं की पूरी जानकारी दी। रेल मंत्री ने आश्वस्त किया कि श्रद्धालुओं के आवागमन के लिए ट्रेनों की संख्या बढ़ाई गई है। यात्रियों को कोई परेशानी न हो, इसका पूरा इंतजाम किया गया है।

### » पीएम ने जताया गहरा दुख



*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रयागराज महाकुंभ में हुए हादसे पर दुख जताया है। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा कि यह हादसा अत्यंत दुखद है। यहां जिन श्रद्धालुओं ने अपने-अपने परिजनों को खोया है, उनके प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। स्थानीय प्रशासन पीड़ितों की हरसंभव मदद में जुटा हुआ है। इस सिलसिले में मैंने मुख्यमंत्री योगी जी से खुद बातचीत की है। मैं लगातार राज्य सरकार के संपर्क में हूं।*

### » सीएम भजनलाल ने जताई संवेदना



*राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने श्रद्धालुओं की मौत पर दुख जताते हुए सोशल मीडिया पर पोस्ट कर लिखा कि 'प्रयागराज महाकुंभ में हुए हादसे में हुई जनहानि का समाचार सुनकर मन अत्यंत दुखी है। प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्माओं को अपने श्री चरणों में स्थान तथा घायलों को शीघ्रातिशीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करे।'*

### » समाचार बेहद कष्ट देने वाला : गहलोत



*राजस्थान के पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर लिखा कि 'प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान भगदड़ से श्रद्धालुओं की मृत्यु एवं कई श्रद्धालुओं के घायल होने का समाचार बेहद कष्ट देने वाला है। मैं ईश्वर से दिवंगतजनों को श्रीचरणों में स्थान एवं घायलों को जल्द स्वास्थ्य लाभ देने की प्रार्थना करता हूं।'*

दिल्ली विधानसभा चुनाव-2025

# आठ को दिल्ली में भाजपा सरकारः प्रधानमंत्री मोदी

### » घोंडा के यमुना खादर में पीएम की चुनावी रैली






**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली के घोंडा में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि आठ फरवरी के बाद दिल्ली में बनने वाली भाजपा सरकार अपने सभी वादों को समयबद्ध तरीके से पूरा करेगी। यह मोदी की गारंटी है। यहां का दृश्य दिल्ली के मूड को दर्शाता है, यह दिल्ली के लोगों के जनादेश को दर्शाता है। दिल्ली कह रही है कि अब 'आपदा' के बहाने नहीं चलेंगे, 'आपदा' के झूठे वादे नहीं चलेंगे। दिल्ली कह रही है कि अब 'आपदा' की लूट और झूठ नहीं चलेगा। यहां के लोग भाजपा की ऐसी डबल इंजन वाली सरकार चाहते हैं जो गरीबों के लिए घर बनाए, दिल्ली को आधुनिक बनाए, हर घर में नल का जल पहुंचाए और टैंकर माफिया से मुक्ति दिलाए। आज दिल्ली कह रही है कि जब पांच फरवरी आएगी, 'आपदा' जाएगी, भाजपा आएगी।

### केजरीवाल पर पीएम का हमला

अरविंद केजरीवाल के जहरीले पानी वाले बयान पर पीएम मोदी ने कहा, दिल्ली के एक पूर्व सीएम ने हरियाणा के लोगों पर घिनौने आरोप लगाए हैं। हार के डर से 'आपदा' वाले घबरा गए हैं। क्या हरियाणा के लोग दिल्ली के लोगों से अलग हैं? क्या हरियाणा में रहने वालों के रिश्तेदार दिल्ली में नहीं रहते? क्या हरियाणा के लोग अपने ही लोगों के पीने के पानी में जहर मिला सकते हैं? हरियाणा द्वारा भेजा गया पानी दिल्ली में रहने वाला हर व्यक्ति पीता है, जिसमें यह प्रधानमंत्री भी शामिल हैं।

कांग्रेस का घोषणा पत्र जारी

## 500 में सिलेंडर, बिजली मुफ्त




**नई दिल्ली।** दिल्ली चुनाव के लिए पार्टी का घोषणा पत्र जारी होने के बाद कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने कहा कि गारंटी का मतलब है कि यह जनता का अधिकार है। दिल्ली के लोगों के लिए पांच गारंटी की घोषणा की गई है। अभी दिल्ली में व्यापार करने में आसानी की बात नहीं बल्कि सांस लेने में आसानी की बात हो रही है। अगर आप प्रदूषण और रासायनिक संदूषण के लिए कोई भी पैरामीटर देखेंगे तो कोई भी दिल्ली से मेल नहीं खा सकता। न तो भाजपा और न ही दिल्ली की आप सरकार ने इस मुद्दे को गंभीरता से लिया है। कर्नाटक चुनाव में हमने सबसे पहले गारंटी शब्द का प्रयोग किया। हम लोगों को यह विश्वास दिलाना चाहते थे कि कांग्रेस पार्टी जो कहती है, उसे पूरा करती है। ये गारंटी न केवल कांग्रेस पार्टी का है, बल्कि जनता का अधिकार भी है। डॉ. मनमोहन सिंह की सरकार में सबसे पहले हमने कानून को गारंटी के रूप में लाया था।

### » कांग्रेस की पांच गारंटी

कांग्रेस के घोषणापत्र में महिलाओं को 2500 रुपए की आर्थिक सहायता देने का किया वादा। 25 लाख रुपए तक का निःशुल्क स्वास्थ्य बीमा देने का वादा किया। 500 रुपए में एलपीजी सिलेंडर। मुफ्त राशन किट। 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली का वादा। इसके साथ ही कांग्रेस अगर दिल्ली में सत्ता में आई तो जातिगत जनगणना कराएगी और पूर्वांचलियों के लिए मंत्रालय बनाएगी।

बजट से पहले किसानों को बड़ी राहत

# इथेनॉल की कीमतें बढ़ाने को मोदी कैबिनेट की मंजूरी

### 16300 करोड़ की नेशनल क्रिटिकल मिनरल्स मिशन को मंजूरी



**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आम बजट से पहले किसानों को बड़ी राहत दी है। मोदी कैबिनेट ने बुधवार को दो अहम फैसलों पर अपनी मुहर लगाई। इस फैसले से किसानों को भी फायदा पहुंचेगा। साथ ही एग्री सेक्टर समेत कई अन्य सेक्टर्स को भी फायदा मिलेगा। साथ ही कैबिनेट ने 16300 करोड़ रुपए की नेशनल क्रिटिकल मिनरल्स मिशन को भी अपनी मंजूरी दे दी है। इससे मिनरल्स के क्षेत्र में देश को आत्मनिर्भर बनाया जा सकेगा। पीएम नरेंद्र मोदी की अगुवाई में सीसीईए ने इथेनॉल की खरीद में संशोधित कीमतों को अपनी मंजूरी दे दी है। ये कीमतें पहली नवंबर 2024 से 31 अक्टूबर 2025 तक लागू होंगी। इस फैसले से इथेनॉल ब्लैंडेड पेट्रोल प्रोग्राम के जरिए सी-हैवी मोलासेस (सीएचएम) के लिए एक्स मिल कीमत 56.58 रुपए प्रति लीटर से बढ़ाकर 57.97 रुपए प्रति लीटर कर दिया गया है। इससे किसानों को फायदा मिलेगा। साथ ही देश की कच्चे तेल पर निर्भरता कम होगा और विदेशी मुद्रा बचाने में मदद मिलेगी। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि देश में इथेनॉल के ज्यादा प्रयोग की कोशिश की जा रही है। साथ ही सरकार ग्रीन एनर्जी की दिशा में आगे बढ़ रही है। इथेनॉल आपूर्ति वर्ष 20024-25 के लिए सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) के लिए इथेनॉल खरीद मूल्य में संशोधन को मंजूरी दे दी गई है। सरकार ने पेट्रोल में 20 फीसदी इथेनॉल मिश्रण के लक्ष्य को भी साल 2025-26 से आगे बढ़ाकर 2030 इथेनॉल कर दिया है।

# बेंगलुरु में एयरो इंडिया 2025 फरवरी में

## एएमसीए फाइटर जेट इंजन की दौड़ में फ्रांस, यूके, यूएस और रूस



भारत कर सकता बड़ा ऐलान

### भारत का महत्वाकांक्षी फाइटर जेट प्रोजेक्ट एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट

**बेंगलुरु।** भारतीय सेना अपनी रक्षा क्षमताओं में एक महत्वपूर्ण छलांग लगाने के लिए तैयार है। फरवरी 2025 में बेंगलुरु के येलहंका एयर फोर्स स्टेशन में होने वाले एयरो इंडिया 2025 में रक्षा मंत्रालय एक बड़ा ऐलान कर सकता है। भारत के महत्वाकांक्षी फाइटर जेट प्रोजेक्ट एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एएमसीए) के लिए 110केएन थ्रस्ट इंजन के विकास के लिए विदेशी साझेदारीका ऐलान कर सकता है।

### कौन होगा भारत का साझेदार

सूत्रों के मुताबिक (फ्रांस), (यूके) और (अमेरिका) में से किसी एक विदेशी कंपनी के साथ समझौता करेगा। वहीं हाल ही में रूस ने भारत के एएमसीए प्रोजेक्ट के लिए आरडी-33 इंजन के 5वें-जनरेशन संस्करण की पेशकश की है। इस पेशकश में टेक्नोलॉजी ट्रांसफ़र (टीओटी) भी शामिल है। यानि अब गेंद भारत के पाले में है जो दावेदार बेहतर डील इस प्रोजेक्ट के लिए पेश करेगा भारत उसी के साथ एएमसीए इंजन की डील फाइनल करेगा।

### 110केएन इंजन की खासियत

*सुपरसोनिक गति बिना आफ्टरबर्नर के विमान की रेंज और मारक क्षमता में इजाफा। पिछले साल ही कैबिनेट सुरक्षा समिति (सीसीएस) ने एएमसीए प्रोजेक्ट के पहले चरण के लिए करीब 15,000 करोड़ की मंजूरी दी थी। सूत्रों के मुताबिक, इंजन प्रोग्राम के लिए अलग फंडिंग मंजूरी की संभावना है।*

### क्या है एएमसीए इंजन की खासियत

*110केएन इंजन विमान को बिना ज्यादा ईंधन जलाए लगातार तेज रफ्तार (सुपरसोनिक गति) बनाए रखने में मदद करेगा। इससे विमान की मारक क्षमता और रेंज बेहतर होगी।*

### सैफ हमले का आरोपी न्यायिक हिरासत

**मुंबई।** अभिनेता सैफ अली खान पर हमले के आरोपी शरीफुल इस्लाम शहजाद को बुधवार को बांद्रा कोर्ट में पेश किया गया और उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इस समय, अदालत ने पुलिस को सूचित किया कि यदि आवश्यक हुआ तो वह आरोपियों की हिरासत स्थिति की समीक्षा करेगी। पुलिस ने शरीफुल के पास से एक हथियार भी जब्त किया है और उसे जांच के लिए फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (एफएसएल) भेजा गया है। मजिस्ट्रेट ने कहा कि जांच खत्म हो गई है। अब पुलिस हिरासत की जरूरत नहीं है। अगर जांच में कुछ भी नया सामने आता है तो बीएनएसएस अधिनियम के अनुसार बाद में पुलिस हिरासत की मांग की जा सकती है। फिलहाल आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने विधानसभा के नए परिवेश का किया अवलोकन





जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को राजस्थान विधानसभा में 16वीं विधानसभा के तृतीय सत्र की सर्वदलीय बैठक में हिस्सा लिया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने विधानसभा के नए परिवेश का अवलोकन किया। उन्होंने विधानसभा में हुए डिजिटलाइजेशन सहित अन्य नवाचारों की सराहना की। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, संसदीय कार्यमंत्री जोगाराम पटेल, ऊर्जा राज्य मंत्री हीरालाल नागर, मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग सहित विभिन्न दलों के नेता मौजूद रहे।

# शूरवीर सैनिक एकेडमी के विद्यार्थियों ने रचा कीर्तिमान



## राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल प्रवेश परीक्षा में 13 विद्यार्थियों का चयन

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** झुंझुनूं एकेडमी विज्डम सिटी की शैक्षिक इकाई शूरवीर सैनिक एकेडमी के कीर्तिमानों की शृंखला में आज एक और कड़ी जुड़ गई। आठ दिसम्बर 2024 को बीकानेर में आयोजित राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल प्रवेश परीक्षा में संस्था ने 13 विद्यार्थियों का चयन करवा कर सम्पूर्ण शेखावाटी में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। जानकारी देते हुए शूरवीर सैनिक एकेडमी प्रभारी रामस्वरूप झाझड़िया ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतियोगी परीक्षा में 33 विद्यार्थियों में से 13 का चयन होना वास्तव में अपने आप में एक कीर्तिमान है। शूरवीर सैनिक एकेडमी के साहिल चौधरी, सेहरान नवाज, राजदीप दिलोई, अभि आर. गौतम, अंश मिश्रा, रूद्र प्रिया सिंह, दिव्यांश, सत्यम, बिलाल जैद, देवेश सिंह, अरमान कुमार, आरूषि राय एवं विशाल सिंह ने राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल में अपना चयन करवा कर माता पिता एवं विद्यालय का नाम रोशन किया है। झाझड़िया ने बताया कि सभी विद्यार्थियों ने ऑल इंडिया लेवल पर शानदार रैंक अर्जित की है तथा ये सभी चयनित विद्यार्थी आर्मी ऑफिसर बनकर देश सेवा करेंगे। स्कूल निदेशक आकाश मोदी ने बताया कि नियमित 10 घंटे की क्लासेज, ऑनलाइन व ऑफलाइन टेस्ट, विकली टेस्ट, ओएमआर सीट पर नियमित अभ्यास, गहन कॉपी जांच, छात्रावास की बेहतरीन सुविधाएं, अनुशासन एवं अध्यापकों व विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत से ऐसे परिणाम आते हैं। उन्होंने कहा कि शूरवीर सैनिक एकेडमी अपने स्थापना वर्ष से ही निरंतर कीर्तिमान रच रही है तथा अभिभावकों का विश्वास जीतने में सफल रही है। जिले में अब तक यह सर्वाधिक अनुपात में सिलेक्शन देने वाली कोचिंग है। सभी चयनित विद्यार्थियों का विद्यालय प्रांगण में जोरदार स्वागत किया गया। झुंझुनूं एकेडमी चेयरमैन डॉ. दिलीप मोदी, मैनेजिंग डायरेक्टर नीरजा मोदी, निदेशक आकाश मोदी, गरिमा मोदी, छात्रावास निदेशक कुरड़ाराम धींवा, स्कूल प्राचार्य डॉ. रविशंकर शर्मा, उप प्राचार्या सरोज सिंह, एडमिशन डायरेक्टर श्यामसुंदर शर्मा, हैडमिस्ट्रेस उमा शर्मा, प्रशासक कमलेश कुलहरि, शूरवीर सैनिक एकेडमी प्रभारी रामस्वरूप झाझड़िया, एनडीए प्री फाउंडेशन हैड डीसी मीणा, शूरवीर डायरेक्टर अजीत सिंह शेखावत, शूरवीर कोर्डिनेटर अमित शर्मा, सैनिक एकेडमी अध्यापक सतपाल सिंह, महावीर सिंह, रामगोपाल एवं प्रमोद कुमार ने पुष्प मालाएं पहनाकर विद्यार्थियों को सम्मानित किया एवं उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की।

## निशुल्क साइकिल बांटी

**मुकुंदगढ़।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कसेरू में कक्षा नौवीं की बालिकाओं को राज्य सरकार द्वारा निशुल्क साइकिल वितरण किया गया। विद्यालय के साइकिल प्रभारी अजीत सिंह ने बताया कि कक्षा नौवीं की 12 छात्राओं को साइकिल वितरण की गई। वितरण समारोह में विशिष्ट अतिथि एसडीएमसी सदस्य हनुमानसिंह शेखावत और विद्याधर गोदारा रहे। इस समय विद्यालय के धर्मवीर सिंह, नरपत सिंह, राजेंद्र जांगिड़, रामावतार मौर्य, प्रियंका पूनियां, अनिता, मंजू आदि उपस्थित रहे।

# संगठन विस्तार को लेकर चर्चा की, पोस्टर का विमोचन



**झुंझुनूं।** गौड़ ब्राह्मण समाज की बैठक चूणा चौक स्थित रामलीला मैदान में हुई। जिसमें संगठन विस्तार की चर्चा हुई। साथ ही नौ मार्च को जयपुर में प्रस्तावित अंतरराष्ट्रीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन के पोस्टर का विमोचन किया गया। इस मौके पर महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष उमाशंकर महमिया ने बताया कि चूणा चौक स्थित रामलीला पार्क में जिला अध्यक्ष पवन शर्मा की अध्यक्षता में संगठन के विस्तार व परिचय सम्मेलन पर चर्चा कर पोस्टर का विमोचन किया गया। गौड़ ब्राह्मण महासभा राजस्थान के द्वारा 9 मार्च 2025 रविवार को परशुराम भवन सेक्टर चार विद्याधर नगर जयपुर में 18वां अंतरराष्ट्रीय युवक युवती परिचय सम्मेलन राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार हरितवाल की अध्यक्षता में व एडवोकेट पंकज पचलंगिया के संयोजन में आयोजित किया जा रहा है। सम्मेलन में फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 10 फरवरी है। सम्मेलन का फॉर्म जिला एवं तहसील इकाई पर उपलब्ध है। समाज बंधु फॉर्म व्हाट्सएप के माध्यम से भी प्राप्त कर सकते हैं। फॉर्म को भरकर जिला तहसील इकाई अथवा डाक से परशुराम विद्याधर नगर जयपुर जमा करवा सकते हैं। जो अभिभावक अपने पुत्र पुत्री के लिए यथायोग्य वर वधु की तलाश में है।उनका सपना परिचय सम्मेलन के माध्यम से जरूर पूर्ण होगा। परिचय सम्मेलन में प्राप्त फॉर्म जिनका संबंध नहीं हुआ है। उनका बायोडाटा समाज की विवरणिका युगल दर्पण में प्रकाशित किया जाएगा। युगल दर्पण परिचय सम्मेलन का फॉर्म भरने वाले परिवारजन को निशुल्क उपलब्ध होगी। फॉर्म लेने वह जमा करने के लिए कार्यकारी अध्यक्ष प्रदीप शर्मा अलसीसर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेश बसावतिया, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पवन पुजारी, जिला संगठन महामंत्री वशिष्ठ शर्मा, ललित जोशी, रामगोपाल महमिया, जिला मंत्री योगेश चौमाल, सुरेंद्र शर्मा, पवन पांडे, एडवोकेट अनुपम शर्मा, विनोद पुरोहित, लीलाधर पुरोहित, कृष्ण कुमार पुरोहित से संपर्क कर सकते हैं।

# स्पॉट बिलिंग में आ रही समस्याओं को लेकर विद्युतकर्मियों ने सौंपा ज्ञापन



**झुंझुनूं।** अजमेर डिस्कॉम में स्पॉट बिलिंग कार्य लागू किए जाने पर कार्य के दौरान आने वाली समस्याओं को लेकर अजमेर विद्युत वितरण निगम श्रमिक संघ संबद्ध भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश आह्वान पर बुधवार को झुंझुनूं जिले के विद्युत कर्मी अधीक्षण अभियंता कार्यालय परिसर पर एकत्रित होकर जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में सभा की। सभा में श्रमिक संघ की जिला महामंत्री सुरेश कुमार शर्मा ने बताया कि विद्युत निगम में स्पॉट बिलिंग सिस्टम चालू किया गया है। जिसमें कार्य के दौरान अनेक समस्याएं आ रही हैं। साथ ही प्रदाता कंपनी द्वारा निम्न स्तर के उपकरण व नगण्य कनेक्टिविटी उपलब्ध होने के कारण बिलिंग कार्य में बहुत परेशानी हो रही है। सभा को संबोधित करते हुए डिस्कॉम महामंत्री देवकरण सैनी ने बताया कि बुधवार को अजमेर डिस्कॉम के सभी 17 वृत्तों में यूबीएस बिलिंग में आ रही समस्याओं को लेकर धरना प्रदर्शन कर अधीक्षण अभियंता को ज्ञापन प्रस्तुत किए गए हैं। सभा समाप्ति के उपरांत जिला महामंत्री सुरेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में मुख्य अभियंता लक्ष्मण सिंह बुरड़क व अधीक्षण अभियंता महेश कुमार टीबड़ा को ज्ञापन सौंपे गए।

# गुढ़ागौड़जी में होगी फिल्म 'पॉइंट जीरो' की शूटिंग



**गुढ़ागौड़जी।** राजस्थानी भाषा के गौरव को वापस लाने के लिए पारस देवी प्रोडक्शन जल्द ही एक राजस्थानी देशभक्ति फिल्म 'पॉइंट जीरो' बनाने जा रहे हैं। जो बाद में कई भाषाओं में डब होगी। फिल्म की लोकेशन देखने के लिए सोमवार को प्रोड्यूसर ममता जैन, डायरेक्टर क्षितिज कुमार, अभिनेत्री इशिका व संदीप जैन गुढ़ागौड़जी आए। यहां गणेश मंदिर में पूजा अर्चना करने के बाद पहाड़ी की लोकेशन देखी। ममता जैन ने बताया कि फिल्म में राजस्थान के वीरों व बॉर्डर पर दिन रात हर मौसम में काम करते हुए सैनिकों एवं उनके साहस की अद्भुत गाथा पर्दे पर दिखाई जाएगी। जो कि विभिन्न प्रादेशिक भाषाओं में प्रदर्शित होगी। फिल्म में पड़ौसी देश द्वारा किए जा रहे कुत्सित प्रयासों को उजागर किया जाएगा। साथ ही युवाओं को ड्रग्स जैसे नशीले पदार्थों से दूर रखने की प्रेरणा भी फिल्म के माध्यम से दी जाएगी। मनोरंजन से भरपूर इस देशभक्ति फिल्म की शूटिंग 17 फरवरी से गुढ़ागौड़जी में शुरू होगी। फिल्म के गाने मुंबई एवं अहमदाबाद स्टूडियो में रिकॉर्ड किए जा रहे हैं। इसमें क्षेत्र के नए कलाकारों को अवसर दिया जाएगा। एक इंटरव्यू में संदीप जैन ने बताया कि यह फिल्म बहुत बड़े स्केल पर बनाई जा रही है और यह फिर से राजस्थानी सिनेमा का गौरव प्राप्त करेगी। इस दौरान कैप्टन सीताराम धींवा, हवलदार सुरेश जाखड़, हवलदार नेमीचंद कुलहरि, भाजपा नेता वीरपाल सिंह शेखावत, राधेश्याम भारती, भाजपा जिला प्रवक्ता पवन शर्मा, हवलदार अशोक यादव सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# एपीएस स्कूल के लक्की यादव ने राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल परीक्षा में लहराया परचम

**चिड़ावा।** एपीएस स्कूल के लक्की यादव ने राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल परीक्षा में परचम लहराया है। प्रधानाचार्य सुनील श्रीवास्तव ने बताया कि एपीएस सैनिक अकेडमी के छात्र लक्की यादव पुत्र किशनसिंह गांव पचेरी खुर्द ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल में सफलता पाई है। आगे विशेष बात यह है कि चिड़ावा क्षेत्र में मात्र एक छात्र लक्की यादव ही सफल हुआ है जो कि अब राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल की कक्षा 9 में प्रवेश पाएगा। लक्की यादव की इस शानदार उपलब्धि पर विद्यालय में एक खुशी की लहर दौड़ गई और प्रधानाचार्य तथा समस्त स्टाफ ने लक्की यादव को बधाई दी तथा मिठाई खिलाकर माल्यार्पण किया तथा साफा पहनाया। इसके बाद चिड़ावा शहर में एक विशाल रैली निकाली गई। जो कि शहर के मुख्य मार्गों से गुजरती हुई सरस्वती स्कूल पहुंची। जहां पर सरस्वती स्कूल के प्रधानाचार्य सत्यवीरसिंह भास्कर, उप प्रधानाचार्य विकेश कुमार एवं समस्त स्टाफ ने छात्र लक्की यादव का स्वागत किया तथा बधाई देकर उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। इसके बाद रैली बावलिया बाबा के मंदिर पहुंची जहां बाबा के दर्शन करने के बाद फिर वापस स्कूल पहुंची। स्कूल मैनेजमेंट ने लक्की यादव की सफलता का श्रेय उसकी अपनी कड़ी मेहनत, प्रधानाचार्य एवं एचओडी सैनिक अकेडमी वीरेंद्र पायल, सचिव सैनिक अकेडमी अनिल बराला एवं उनकी पूरी टीम के अनुभव एवं मेहनत को दिया है। कार्यक्रम में पीआरओ डॉ. जीसी शर्मा, एकेडमिक हैड मनमोहन शर्मा, एचओडी फाउंडेशन धीरज कुमार, अंतराष्ट्रीय कोच राकेश सैनी एवं सिक्योरिटी ऑफिसर शमशाद खान सहित समस्त विद्यालय स्टाफ उपस्थित था।

# लोहार्गल धाम के सूर्य कुंड में मौनी अमावस्या पर लाखों श्रद्धालुओं ने लगाई श्रद्धा की डूबकी



**खिरोड़।** शेखावाटी के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल लोहार्गल धाम के सूर्य कुंड में बुधवार को मौनी अमावस्या को लाखों श्रद्धालुओं ने श्रद्धा की डूबकी लगाई। शेखावाटी जनपद से लाखों श्रद्धालुओं ने तीर्थ स्थल लोहार्गल धाम के सूर्य कुंड पहुंचकर मौनी अमावस्या का शाही स्नान किया। साथ ही विभिन्न मंदिरों में भगवान के दर्शन करने के पश्चात विभिन्न तरह का दान पुण्य भी किया। मौनी अमावस्या के दिन सुबह 5 से ही श्रद्धालुओं की भीड़ करने लगी। जो दोपहर तक जारी रही। मौनी अमावस्या को लोहरगढ़ धाम के विभिन्न मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। इस दौरान श्रद्धालुओं ने मंदिरों में पुजार चना करके विभिन्न तरह का दान पुण्य भी किया। श्रीमद् जगतगुरु श्रीरामानुजाचार्य लोहार्गल सूर्य मठ के पीठाधीश्वर महंत स्वामी अवधेशाचार्य महाराज ने बताया कि मौनी अमावस्या को ब्रह्म मुहूर्त में स्नान का समय 5:03 से 5:55 बजे तक का था एवं सर्वाधिक पुण्य प्रदान करने वाला रहा। माघ मास की अमावस्या को मौनी अमावस्या कहा जाता है। शास्त्रों में इस दिन मौन रहकर स्नान और दान करने का महत्व बताया गया है। भक्त मौन व्रत (मौन व्रत), पवित्र स्नान, दान और पूर्वजों की पूजा करते हैं सूर्य क्षेत्र लोहार्गल धाम में मौनी अमावस्या पर लाखों श्रद्धालुओं ने सूर्य कुंड में डूबकी लगाकर सूर्य भगवान के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

# झुंझुनूं प्रगति संघ करेगा शहर के विकास की बात, 11 लोगों की कमेटी गठित



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** शहर के विकास और सामाजिक जागरूकता के लिए झुंझुनूं प्रगति संघ का गठन किया गया है। संघ की पहली बैठक बुधवार को आदर्श बाल निकेतन स्कूल में शहर के गणमान्य व्यक्तियों की मौजूदगी में हुई। जिसकी अध्यक्षता ताराचंद गुप्ता भोड़कीवाला ने की। बैठक में शिक्षाविद् डॉ. दिलीप मोदी, प्रमोद खंडेलिया, डॉ. डीएन तुलस्यान, संजय टीबड़ेवाल, नेमी अग्रवाल, संपत चुड़ैलेवाला, प्रदीप पाटोदिया, राजेश ढेढिया, योगेश खंडेलिया, रघुनाथप्रसाद पोद्दार, आनंद टीबड़ा, विपिन कुमार राणासरिया, परमेश्वर हलवाई, हरीश तुलस्यान, नितेश मोरवाल, रूपेश तुलस्यान, राकेश टीबड़ा, राजेंद्र जोशी, दिलीप हंसासरिया, सीए पवन केडिया, नरेंद्र व्यास, किशनलाल जांगिड़, शिवचरण हलवाई एवं अनिल केजड़ीवाल सहित अन्य जन उपस्थित थे। विदित है कि गत कुछ माह पूर्व झुंझुनूं एकेडमी परिसर में आयोजित सार्थक संवाद के दौरान झुंझुनूं प्रगति संघ झुंझुनू के गठन का विचार आया था। जिस पर सकारात्मक रूप से इसके गठन के लिए यह सभा का आयोजन किया गया है। डॉ. दिलीप मोदी ने बताया कि उपरोक्त सार्थक संवाद के पश्चात उन्हीं के यहां महिलाओं का भी सार्थक संवाद आयोजित किया गया था। जिसमें भी झुंझुनूं के विकास के लिए झुंझुनू प्रगति संघ झुंझुनूं के गठन का विचार महिलाओं का रहा। सभा में आवश्यक रूप से झुंझुनूं के सर्वांगीण विकास पर चर्चा हुई। जिसमें झुंझुनूं में बड़ी इंडस्ट्रीज लेकर आना, सरकारी योजनाओं की जानकारी एवं उसका लाभ लेकर कार्य लेना, रेलवे का माल गोदाम नहीं है उसे लेकर आना, झुंझुनूं रेलवे स्टेशन को जंक्शन बनाना, नई रेलगाड़ियों का आवागमन शुरू हो, मुंबई सूरत स्टॉपेज करवाना, महिलाओं एवं युवाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना, बड़े कार्यक्रमों का आयोजन जिससे फैलोशिप हो सके, वर्तमान में नगर परिषद में बन रहे ऑडिटोरियम को शुरू करवाना, रेलवे ओवरब्रिज बनवाना, एरोड्रम की स्थापना हो, झुंझुनूं से युवाओं का पलायन रोकना, उच्च शिक्षा के लिए इंजीनियरिंग कॉलेज लेकर आना, आधारभूत व्यवस्थाओं में सुधार तथा झुंझुनूं में यूआईटी शुरू करवाना इत्यादि पर विस्तार से विचार विमर्श किया गया कि संस्था के इस प्रकार के उद्देश्य होने चाहिए। झुंझुनूं प्रगति संघ झुंझुनूं की सदस्यता शुल्क 5100 रूपए निर्धारित की गई तथा डॉ. दिलीप मोदी, डॉ. डीएन तुलस्यान, परमेश्वर हलवाई, राजेश ढेढिया, प्रदीप पाटोदिया, ताराचंद गुप्ता भोड़कीवाला, सीए पवन केडिया, नेमी अग्रवाल, नरेंद्र व्यास, योगेश खंडेलिया एवं राजेंद्र जोशी सहित 11 व्यक्तियों की एक कमेटी का गठन किया गया। संघ की बैठक आगामी 23 फरवरी सुबह 11 मुनि आश्रम गेस्ट हाउस में सभा संपन्न होगी। बैठक से पूर्व विभिन्न प्रकार की जानकारी संगठन के उद्देश्यों एवं इसके पंजीयन इत्यादि के बारे में कमेटी कार्य करेगी। इस संस्था के समान विचारधारा के झुंझुनूं में रहने वाले सभी व्यक्ति गैर राजनीतिक उद्देश्य के साथ महिला पुरुष एवं युवा बिना किसी आर्थिक भेदभाव के सदस्य बन सकते हैं। जिन्हें बनाने के लिए कन्वीनर डॉ. दिलीप मोदी, राजेश ढेढिया एवं राजेंद्र जोशी को नियुक्त किया गया।

## दुरंतो एक्सप्रेस से झुंझुनूं आए समाजसेवी शिवकुमार खेतान का स्वागत

**झुंझुनूं।** शेखावाटी रेल विकास संघर्ष समिति के अध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल एवं समाजसेवी नरोत्तमलाल आर्य द्वारा बुधवार शाम मुंबई-हिसार दुरंतो एक्सप्रेस ट्रेन से झुंझुनूं रेलवे स्टेशन पर पहुंचे। मुंबई प्रवासी नामी उद्योगपति एवं समाजसेवी शिवकुमार खेतान व उनकी धर्मपत्नी सरोज खेतान का साफा पहनाकर व दुपट्टा ओढ़ाकर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर अग्रवाल ने उद्योगपति शिवकुमार खेतान को झुंझुनूं स्टेशन पर अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत चल रहे विकास कार्यों की जानकारी देते हुए उनसे झुंझुनूं होकर अहमदाबाद, सूरत, पुणे, रांची, कोलकाता, गुवाहाटी, चेन्नई, श्रीमाता वैष्णो देवी कटरा, दिल्ली, लुधियाना, उदयपुर सिटी, जोधपुर आदि स्थानों के लिए नई रेलसेवाएं शुरू करवाने के लिए रेलमंत्री से बात करने का आग्रह किया। जिस पर खेतान ने जल्द ही रेलमंत्री से इन मांगों को पूरा करवाने का भरोसा दिलाया।

# न्यूज ब्रीफ

## जरूरतमंदों को आटे के बैग बांटे



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुलताना।** मौनी अमावस्या के उपलक्ष में जरूरतमंदों को आटा बैग वितरण कार्यक्रम सेठ ताराचंद, गजानंद, बसंत अग्रवाल की हवेली सुलताना में बुधवार को अशोक जी अग्रवाल, पुष्पहास अग्रवाल, सज्जन अग्रवाल परिवार द्वारा श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था के तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम में नवलकिशोर गोयल, अशोक गोयल, अनिल गोयल, कुणाल, रणवीर लांबा, जयनारायण पूनियां, रणसिंह नेहरा, सौरभ सोमानी, किशोर सिंह शेखावत सहित एवं अन्य जन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## गोमती कॉलेज में खेलों का आगाज



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बड़ागांव।** बस स्टैंड स्थित गोमतीदेवी पीजी कॉलेज के मैदान पर एयू बैंक द्वारा राज्य स्तरीय वॉलीबॉल, कबड्डी, थ्रो बॉल खेलों का आयोजन किया गया। जिसमें राजस्थान के विभिन्न जिलों से 70 टीमें शामिल हुई। इस कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में अंतरराष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी प्रदीप नरवाल, विशिष्ट अतिथि नवलगढ़ डीएसपी राजवीर सिंह, सीनियर आईएएस राजेंद्र सिंह शेखावत, डॉ. जेपी बड़सीवाल थे। एयू बैंक के स्पोर्ट्स जोनल हैड वर्ल्ड रिकॉर्डधारी सूबेदार मेजर आजादसिंह शेखावत ने बताया कि खेलकूद प्रतियोगिता में खिलाड़ी उत्साह से हिस्सा ले रहे है। कॉलेज निदेशक सीएल शर्मा, कॉलेज प्राचार्य डॉ. एसके सेवका, बीएड कॉलेज प्राचार्य डॉ. गजेंद्र सिंह शेखावत ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस कार्यक्रम में सेंट्रल बैंक मैनेजर गौरव पांडे, रजतसिंह, सवाईसिंह, रविंद्र महण, अजय कुमार भालोठिया, कैप्टन ओमप्रकाश, सरपंच राजेंद्र सैनी, प्रिंसिपल ओमनारायण, रामावतार पीटीआई, महेश मील, रामनिवास शेखावत, शुभम सैन, भंवरसिंह शेखावत, मोहनलाल सैनी, सुनिल महला, शिवराज सिंह शेखावत, सोहनलाल झाझड़िया, मोहन मील, विजय मील गिरदावर, संजय मील, नरेंद्र चौधरी, रणधीर नाटास, दारासिंह झाझड़िया, सुरेंद्र झाझड़िया, रामजी सैनी, योगेश सैनी, सुभाषचंद्र पायल, विजय शर्मा, जयप्रकाश चौधरी, भाजपा कार्यालय अधीक्षक, डाइट अधिकारी सुनिता झाझड़िया आदि उपस्थित थे।

## शांतिभंग में हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुकुंदगढ़।** पुलिस ने मंगलवार को शांतिभंग में थाना क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार किया। थानाधिकारी सरदारमल यादव ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक शरद चौधरी द्वारा सक्रिय अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में हिस्ट्रीशीटर बाबूलाल ऊर्फ बाबूड़ा पुत्र हजारीलाल को शांतिभंग में गिरफ्तार किया। कार्रवाई टीम में थाना अधिकारी सरदारमल यादव के नेतृत्व में कांस्टेबल शीशराम, मुल्तान राम शामिल रहे।



## पीर बाबा का सालाना उर्स 756वां तीन दिवसीय का आयोजन

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** जिले के चिड़ावा के नजदीक नरहड़ गांव मे हजरत हाजिब शक्करबार पीर बाबा का सालाना उर्स 756वां तीन दिवसीय का आयोजन हो रहा है। मंगलवार को उर्स के तीसरे दिन सुफी गेस्ट हाउस मे दोपहर को बाद ख़ादिम हाजी अमजद खान पठान के नेतृत्व में कव्वाली का कार्यक्रम जारी रहा। इसी के साथ कव्वाली में मशहूर गायकार अनीश साबरी व मिराज वारसी द्वारा एक से से बढ़कर एक कव्वाल की प्रस्तुस्तियां दी गई।

## बच्चों को पाठ्य सामग्री का वितरण



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**चिड़ावा।** श्री जमुनादास दास अड़ूकिया राजकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में वार्षिकोत्सव में भाग लेने वाले लगभग 100 बच्चों को विद्यालय की पूर्व व्याख्याता एवं वर्तमान में प्रिंसिपल सुनिता मील के द्वारा पाठ्य सामग्री का वितरण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रभारी ज्योति शर्मा, विद्यालय स्टाफ नरेंद्र झाझड़िया, उर्मिला, दीपक पचार, सूरजभान, शांति सैनी, सत्यवीर बराला, सुनिता कुल्हार, मनोरमा जाट, विमला, कुसुमलता, मेघा, कर्मवीर, बृजेश, प्रतिभा स्वामी एवं राजकौर उपस्थित रहे। विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक नरेंद्र झाझड़िया ने सुनिता मील द्वारा बच्चों के लिए किए गए इस पुण्य कार्य के लिए आभार व्यक्त किया। इसी अवसर पर विद्यालय की वरिष्ठ अध्यापिका उर्मिला कर्ण सिंह पायल के द्वारा 10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षा 2024 में हिंदी विषय में 75 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले सभी 15 बच्चों को 500 -500 रुपए का नकद पुरस्कार देने की घोषणा की।

## शहीद दिवस का आयोजन

**धौलपुर।** शहीद दिवस का आयोजन 30 जनवरी को गांधी पार्क जिला कलेक्ट्रेट परिसर में किया जायेगा। जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने बताया कि शहीद दिवस के दौरान कार्यक्रम प्रातः 10:30 बजे से प्रारंभ किया जायेगा। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पार्पण से की जायेगी।

### राजभवन में 16वां आदिवासी युवा आदान प्रदान कार्यक्रम आयोजित

# आदिवासी संस्कृति संरक्षण के लिए मिलकर कार्य करें : राज्यपाल

### 'विकसित भारत' के लिए योगदान दें, नए भारत का निर्माण करें



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि आदिवासी समाज जल, जंगल और जमीन के सच्चे संरक्षक हैं। आदिवासी युवाओं को चाहिए कि वे अपने स्थानों की विशेषता से जुड़ी संस्कृति संरक्षण में योगदान दें। राज्यपाल बागडे 16 वें आदिवासी युवा आदान प्रदान कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे। इसमें झारखंड, छत्तीसगढ़, उड़ीसा राज्यों के विभिन्न जिलों के युवा सम्मिलित हुए हैं।

राज्यपाल ने महाराणा प्रताप की वीरता को याद करते हुए कहा कि उनका इतना ओज था कि अकबर को सोते समय भी ऐसा लगता था जैसे उसके सिरहाने सांप बैठा है। उन्होंने आदिवासी वीरों को याद करते हुए कहा कि उन्होंने प्रताप और दूसरे राजाओं को मुगलों से युद्ध में निरंतर मदद की। उन्होंने विद्यार्थियों को भारतीय इतिहास के ऐसे प्रसंगों से प्रेरणा लेते हुए बौद्धिक क्षमता बढ़ाने का आह्वान किया। बागडे ने बिरसा मुंडा, गोविंद गुरु, कालीबाई आदि आदिवासी विभूतियों की चर्चा करते हुए जल, जंगल और जमीन बचाने के साथ ही आजादी आंदोलन में भी आदिवासियों के योगदान को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों से आए आदिवासी युवाओं से संवाद करते हुए कौशल विकास से जुड़ने का आह्वान किया।

बागडे ने युवाओं को 'विकसित भारत' के लिए योगदान देते हुए नया भारत बनाने के लिए मिलकर कार्य करने पर जोर दिया। राज्यपाल के सचिव डॉ. पृथ्वीराज ने राजस्थान में अरावली पर्वत श्रृंखलाओं और दूर तक फैले रेगिस्तान के बारे में युवाओं को जानकारी दी। आरम्भ में नेहरू युवा केंद्र के राज्य अधिकारी भुवनेश जैन ने सभी का स्वागत किया। कार्यक्रम में आदिवासी युवाओं ने अपने प्रदेश की संस्कृति से जुड़े नृत्य और गान के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। राज्यपाल ने आदिवासी युवाओं को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित भी किया।

# आज होगा 'स्पर्श कुष्ठ जागरुकता अभियान' का आगाज

### जिला कलक्टर ने किया अभियान के पोस्टर का विमोचन

### 30 जनवरी से 13 फरवरी तक होगा अभियान का आयोजन

### अभियान के तहत विभिन्न जागरुकता गतिविधियों का किया जाएगा आयोजन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** कुष्ठ रोग के इलाज एवं बचाव को लेकर आमजन में जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए गुरुवार 30 जनवरी 2025 को 'स्पर्श कुष्ठ जागरुकता अभियान' का आगाज़ होगा। बुधवार को जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने 'स्पर्श कुष्ठ जागरुकता अभियान' के पोस्टर का विमोचन किया। जिले में 30 जनवरी से 13 फरवरी तक 'स्पर्श कुष्ठ जागरुकता अभियान' का आयोजन किया जाएगा। अभियान के अंतर्गत विभिन्न जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

'आइए सब मिलकर जागरूकता बढ़ाएं, भ्रांतियां दूर करें तथा यह सुनिश्चित करें कि कुष्ठ रोग से प्रभावित कोई भी व्यक्ति छूट न जाए' थीम आधारित अभियान में 30 जनवरी को कुष्ठ दिवस पर जिला कलेक्टर द्वारा जनता के नाम कुष्ठ रोग के प्रति जागरूकता हेतु संदेश, ग्राम सभा प्रमुख (सरपंच) द्वारा ग्राम सभा के सदस्यों से कुष्ठ रोग से प्रभावित व्यक्तियों से भेदभाव दूर करने की अपील के साथ ही अन्य कार्यक्रमों का आयोजन होगा। साथ ही जिला व ब्लॉक स्तर पर माईकिंग के द्वारा आमजन को कुष्ठ रोग के प्रति जागरूक किया जाएगा।

अभियान के अंतर्गत 31 जनवरी से 13 फरवरी तक जिला, ब्लॉक एवं ग्राम पंचायत स्तर पर निरंतर प्रचार-प्रसार गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा एवं नुक्कड़ नाटकों सहित विभिन्न माध्यमों द्वारा लोगों को इस रोग के बारे में जानकारी दी जाएगी। अभियान के अंतर्गत स्लोगन लेखन, माइकिंग, पम्फलेट्स वितरण, प्रचार वाहन, फ्लैक्स बैनर प्रदर्शन आदि गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इलेक्ट्रॉनिक, प्रिंट मीडिया सहित जिले के सोशल मीडिया हैंडल्स पर अनवरत रूप से अभियान का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाएगा। इसके अतिरिक्त जिले के अधिकारीगण द्वारा कुष्ठ आश्रमों में जाकर कुष्ठ सहायता सामग्री व औषधियों का वितरण किया जाएगा।

जिला कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित विमोचन कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक जयपुर ग्रामीण आनंद शर्मा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक बी.पी. चंदेल, उपमुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (स्वास्थ्य), जयपुर द्वितीय डॉ. सुरेंद्र कुमार गोयल, उपमुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (परिवार कल्याण), जयपुर प्रथम डॉ. मनीष मित्तल सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# जोन उपायुक्तों एवं जोन ओआईसी ने किया सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** नगर निगम ग्रेटर आयुक्त रूकमणि रियाड़ के निर्देश पर बुधवार को सभी जोन उपायुक्त एवं जोन ओआईसी ने सफाई व्यवस्थाओं का अपने-अपने जोन में सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया। सांगानेर जोन उपायुक्त डॉ. रवि कुमार गोयल ने सांगानेर जोन के विभिन्न वार्डो का निरीक्षण किया एव आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उपायुक्त मुरलीपुरा जोन अर्पणा शर्मा ने वार्ड नं. 12 में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया और हाजरीगाह पर हाजरी रजिस्टर भी चैक किया। मालवीय नगर जोन प्रियवृत्त सिंह चारण ने मालवीय नगर जोन के सिटी प्रोफाइल एरिया में गंदगी करने वालों के विरूद्ध कैरिंग चार्ज वसूलने की कार्रवाई करने के निर्देश दिये एवं टोंक रोड़ पर गंदगी करने वाले दुकानदारों को समझाइश की नहीं मानने वाले दुकानदारों पर कैरिंग चार्ज किया गया। उपायुक्त विद्याधर नगर जोन मनोज कुमार वर्मा ने वार्ड नं. 27 में सफाई कर्मचारियों की उपस्थिति पंजिका को भी चैक किया। जिसका संबंधित जोन ओआईसी एवं उपायुक्तों द्वारा समय-समय पर निरीक्षण किया जाता है।

निरीक्षण के दौरान सभी जोन उपायुक्तों एवं जोन ओआईसी ने सफाई कर्मचारियों की हाजरी, ओपन कचरा डिपो की स्थिति, दुकानों के बाहर हरे व नीले रंग के डस्टबिन की स्थिति, स्वच्छ सर्वेक्षण के अंतर्गत चयनित सीटीयू पॉइंट्स की मॉनिटरिंग, स्वच्छ सर्वेक्षण के अंतर्गत आने वाले सभी मापदंडों की मॉनिटरिंग, डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, सीएनडी वेस्ट आदि का औचक निरीक्षण किया तथा कमियां पाई जाने पर तत्काल रूप से उन्हें सुधारने के निर्देश दिये गये।

# श्री दिगम्बर जैन समाज ने महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर का किया आभार व्यक्त




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** नगर निगम ग्रेटर की हाल ही में हुई साधारण सभा की सातवीं बैठक के दौरान पास हुये प्रस्ताव संख्या 2.6 के तहत नारायण सिंह सर्किल तिराहे पर आचार्य विद्यासागार जी महाराज की मूर्ति एवं कीर्ति स्तम्भ लगाने का प्रस्ताव पारित करने पर बुधवार को श्री दिगम्बर जैन समाज द्वारा नगर निगम ग्रेटर मुख्यालय पर महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर का आभार व्यक्त किया। महापौर ने इस अवसर पर बताया कि की पारित प्रस्ताव के तहत आचार्य विद्यासागर जी महाराज की मूर्ति एवं कीर्ति स्तम्भ लगाने के प्रस्ताव पर श्री दिगम्बर जैन समाज ने प्रसन्नता व्यक्त की।

## न्यूज ब्रीफ

### प्रयागराज महाकुंभ में हुए हादसे पर राज्यपाल की शोक संवेदना

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने प्रयागराज महाकुंभ में हुए हादसे पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने ईश्वर से मृतकों की पुण्यात्मा की शांति और शोक संतप्त परिजनों को यह दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की है। उन्होंने हादसे में घायलों के जल्द स्वस्थ होने की भी कामना की है।

### ट्रेफिक ब्लॉक के कारण रेल यातायात प्रभावित

**जयपुर।** उत्तर रेलवे द्वारा सरहिंद-दौलतपुर चौक रेलखण्ड के मध्य स्थित आनन्दपुर साहिब-नंगल डैम स्टेशनों के मध्य तकनीकी कार्य हेतु 4 फरवरी को ट्रेफिक ब्लॉक लिया जा रहा है। इस कार्य हेतु रेल यातायात प्रभावित रहेगा। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार उपरोक्त कार्य के कारण उत्तर पश्चिम रेलवे पर संचालित गाडी संख्या 19412, दौलतपुर चौक-साबरमती रेलसेवा जो दौलतपुर चौक से 04 फरवरी को अपने निर्धारित समय से 1 घंटा 20 मिनट की देरी से प्रस्थान करेगी।

### दो रेलसेवाओं के संचालन समय में आंशिक परिवर्तन

**जयपुर।** रेलवे द्वारा रेवाडी-हिसार रेलसेवा के संचालन समय में आंशिक परिवर्तन एवं नई दिल्ली-हिसार रेलसेवा के मार्ग के कुछ स्टशनों पर भी संचालन समय में आंशिक परिवर्तन किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार गाडी संख्या 05632, रेवाडी-हिसार प्रतिदिन स्पेशल रेलसेवा 01 फरवरी से रेवाडी से 19.00 बजे के स्थान पर परिवर्तित समय 18.00 बजे रवाना होकर 22.35 बजे के स्थान पर परिवर्तित समय 22.15 बजे हिसार पहुँचेगी। गाडी संख्या 54423, नई दिल्ली-हिसार रेलसेवा जो 01 फरवरी से नई दिल्ली से प्रस्थान करेगी उस रेलसेवा के मार्ग में भवानी खेडा, हांसी, सातरोड एवं हिसार स्टेषनों पर संचालन समय में आंशिक परिवर्तन किया जा रहा है।

### संतरागाछी-अजमेर-संतरागाछी एक्सप्रेस रेलसेवा में 2 थर्ड एसी के स्थान पर 2 साधाण श्रेणी डिब्बे होगे

**जयपुर।** रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु संतरागाछी-अजमेर-संतरागाछी एक्सप्रेस रेलसेवा में 2 थर्ड एसी के स्थान पर 2 साधाण श्रेणी डिब्बे लगाये जा रहे है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार गाडी संख्या 18009/18010, संतरागाछी-अजमेर-संतरागाछी एक्सप्रेस रेलसेवा में संतरागाछी से 4 अप्रेल से एवं अजमेर से 06 फरवरी से 2 थर्ड एसी के स्थान पर 2 साधारण श्रेणी डिब्बे लगाये जा रहे है। इस परिवर्तन के पश्चात् इस रेलसेवा में 3 सैकण्ड एसी, 6 थर्ड एसी, 7 द्वितीय शयनयान, 4 साधारण श्रेणी, 1 पॉवरकार व 1 गार्ड डिब्बो सहित कुल 22 डिब्बे होगे।

### राज्य सरकार ने हनुमानगढ़ जिले के 9 गांव अभावग्रस्त घोषित किये

**जयपुर।** राज्य सरकार ने एक आदेश जारी कर खरीफ फसलों में ओलावृष्टि से 33 फीसदी से अधिक खराबा होने के कारण प्रभावित कृषकों को कृषि-आदान अनुदान वितरण करने के लिए हनुमानगढ़ जिले के 9 गांवों को अभावग्रस्त घोषित किया है। आपदा प्रबंधन, सहायता एवं नागरिक सुरक्षा विभाग के संयुक्त शासन सचिव भगवंत सिंह ने बताया कि राजस्थान एफेक्टेड एरियाज (सस्पेंशन ऑफ़ प्रोसिडिंग्स) एक्ट 1952 के तहत जिला कलेक्टर हनुमानगढ़ द्वारा खरीफ फसल सम्वत-2081 (वर्ष-2024) में हुई ओलावृष्टि से खरीफ फसलों में खराबे की गिरदावर रिपोर्ट के आधार पर राज्य सरकार ने हनुमानगढ़ की संगरिया तहसील के 9 गांवों को अभावग्रस्त घोषित किया है।

#### जेडीए की बड़ी कार्रवाई

# 42 बीघा भूमि पर तीन अवैध कॉलोनियों को किया पूर्णतः ध्वस्त



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** जयपुर विकास प्राधिकरण जोन-11 में निजी खातेदारी करीब 25 बीघा कृषि भूमि पर नवीन अवैध कॉलोनी को प्रारंभिक स्तर पर ही पूर्णत: ध्वस्त किया गया। जोन-13 में निजी खातेदारी करीब 07 बीघा कृषि भूमि पर 02 नवीन अवैध कॉलोनियों का प्रारंभिक स्तर पर ही पूर्णत: ध्वस्त किया गया। साथ ही निजी खातेदारी करीब 10 बीघा कृषि भूमि पर अवैध फार्म हाउस योजना बसाने के विरूद्ध प्रारंभिक स्तर पर ही पूर्णत: ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गई।

महानिरीक्षक पुलिस कैलाश चन्द्र विश्नोई ने बताया जोन-11 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम जयसिंहपुरा उर्फ रूपवास, तहसील सांगानेर, जिला जयपुर में करीब 25 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सडकें, प्लॉटों की बाउण्ड्रीवाल व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-11 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया।

जेडीए द्वारा जोन-13 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित बस्सी में बलबेरी धाम मंदिर के पास, जिला जयपुर में ही करीब 02 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर "नई नाथ" के नाम से विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सडकें, बाउण्ड्रीवाल व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-13 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। जोन-13 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम बस्सी रीको एरिया के पास, जिला जयपुर के खसरा नं. 1110 में करीब 05 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सडकें व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-13 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया।

जेडीए द्वारा जोन-13 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम रामसर पालावाला से ईश्वरवाला रोड़ पर जिला जयपुर में करीब 10 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर "गोवर्धन एलिस वैली नामक फार्म हाउस योजना" के नाम से विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सडकें, बाउण्ड्रीवाल, मुड्डियां व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध फार्म हाउस योजना बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-13 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध फार्म हाउस योजना बसाने के प्रयास को विफल किया गया। उक्त कार्यवाहियां मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन आदर्श चौधरी के पर्यवेक्षण में उपनियंत्रक प्रवर्तन-प्रथम, द्वितीय, प्रवर्तन अधिकारी जोन-11, 13 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई। प्रवर्तन प्रकोष्ठ जविप्रा द्वारा वर्ष 2024 में 383 व वर्ष 2025 में 31 आज तक कुल 414 नवीन अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त कर अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयासों को विफल किया गया।

जागरूक टाइम्स

संपर्क करें

विज्ञापन देने के लिए

+91-9819170710

+91-9587022840

+91-8696111716

प्रति के लिए

9057203837

कार्यालय :- 0141-2743001

Email :- jtjaipur@gmail.com

# बगैर लाइसेंस के संचालित न हो नशामुक्ति केन्द्रः जिला कलक्टर



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** नार्को कॉर्डिनेशन सेंटर की जिला स्तरीय समिति की बैठक बुधवार को जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। जिला कलक्टर ने कहा कि मादक पदार्थों का सेवन न सिर्फ सेवनकर्ता को तबाह करता है बल्कि उसके सम्पूर्ण परिवार की बर्बादी का कारण भी बनता है। उन्होंने मादक पदार्थों के अवैध उत्पादन, भंडारण एवं परिवहन पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिये है ताकि युवाओं को नशे की प्रवृति से दूर रखा जा सके। उन्होंने अवैध रूप से जयपुर जिले में संचालित हो रहे नशामुक्ति केन्द्रों पर प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक वी.पी. चन्देल को दिये है वही उन्होंने शिक्षा विभाग व चिकित्सा विभाग को विद्यालयों से 100 गज की परिधि के अन्दर बिक रहे, गुटका, बीड़ी, सिगरेट जैसे नशीले पदार्थों पर कोटपा एक्ट के तहत प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिये है। जिला कलक्टर ने विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के पास संचालित मेडिकल स्टोर्स पर प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री, तय सीमा से अधिक दवा बिक्री सहित समस्त प्रकार की अनियमितताओं पर प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश भी चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को दिये है।

जिला पुलिस अधीक्षक ग्रामीण आनन्द शर्मा ने बताया कि कोटपा अधिनियम, 2003, सिगरेट और तंबाकू से जुड़े उत्पादों पर नियंत्रण रखने के लिए बनाया गया है। इस अधिनियम के तहत, सार्वजनिक जगहों पर धूम्रपान करना, तंबाकू बेचना, और तंबाकू से जुड़े विज्ञापन करना मना है कोटपा अधिनियम का उल्लंघन करने पर जुर्माना और जेल हो सकती है। उन्होंने बताया कि 18 साल से कम उम्र के बच्चों को तंबाकू व इस से बने नसीले पदार्थ बेचना निषेध है। उन्होंने बताया कि पुलिस विभाग द्वारा विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को नशे के प्रवृति से दूर रखने के लिए विशेष जागरूकता अभियान ऑपरेशन नोक आउट भी चलाया जा रहा है। उन्होंने इस अभियान को सफल बनाने में युवाओं से सहयोग की अपील की है। बैठक में पुलिस, चिकित्सा, शिक्षा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, सहित अन्य विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

### ट्रेफिक ब्लॉक के कारण रेल यातायात प्रभावित

### जम्मूतवी-अजमेर रेलसेवा रीशडयूल रहेगी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** उत्तर रेलवे द्वारा दिल्ली-अंबाला रेलखंड के पानीपत-बाबरपुर स्टेशनों के मध्य तकनीकी कार्य हेतु 31 जनवरी को ट्रेफिक्र ब्लॉक लिया जा रहा है। इस कार्य हेतु रेल यातायात प्रभावित रहेगा। उत्तर पष्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार उपरोक्त कार्य के कारण उत्तर पश्चिम रेलवे पर संचालित गाडी संख्या 12414, जम्मूतवी-अजमेर रेलसेवा जो 30 जनवरी को जम्मूतवी से अपने निर्धारित समय से 01 घंटा 50 मिनट की देरी से प्रस्थान करेगी।

# प्रदेश सरकार जनकल्याणकारी योजनाओं से दिव्यांगों का कर रही सम्मान : सहारण

## मुख्यमंत्री दिव्यांग स्कूटी योजनान्तर्गत जिले के 42 दिव्यांगजनों को वितरित की स्कूटी



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** प्रदेश सरकार बजट 2024-25 की घोषणा की अनुपालना में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा बुधवार को मुख्यमंत्री दिव्यांग स्कूटी योजना अन्तर्गत जिला मुख्यालय स्थित राजकीय महाविद्यालय स्तरीय कन्या छात्रावास में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री दिव्यांग स्कूटी योजनान्तर्गत जिले के 42 दिव्यांगजनों स्कूटी वितरित की गई। कार्यक्रम विधायक हरलाल सहारण, जिला प्रमुख वंदना आर्य, प्रधान दीपचन्द राहड़, विक्रम सिंह कोटवाद, दीनदयाल सैनी, एसजेईडी उपनिदेशक नगेन्द्र सिंह राठौड़ सहित अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए विधायक सहारण ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व कर प्रदेश सरकार अपनी जनकल्याणकारी योजनाओं के दिव्यांगों का सम्मान कर रही है। प्रदेश सरकार अपने जनहितैषी निर्णयों के माध्यम से समाज के वंचित वर्ग को मुख्याधारा में जोड़ने के लिए संकल्पबद्ध है। उन्होंने कहा कि जिले का कोई भी दिव्यांग आवश्यक सहायक अंग उपकरण से वंचित नहीं रहेगा। प्रदेश सरकार व स्थानीय शासन प्रशासन के सम्मिलित प्रयासों से प्रत्येक वंचित व जरूरतमंद की आवश्यकताओं को पूरा करने के प्रयास किए जाएंगे। जिला प्रमुख वंदना आर्य ने कहा कि प्रदेश सरकार ने अपनी संवेदनशीलता से दिव्यांगजनों की आवश्यकताओं को पूरा करने का प्रयास किया है। प्रधान दीपचन्द राहड़ ने कहा कि विभागीय योजनाओं का पात्र लाभार्थियों को समुचित लाभ मिले। इस दौरान विक्रम सिंह कोटवाद व दीनदयाल सैनी ने भी विचार व्यक्त किए। विभाग उपनिदेशक नगेन्द्र सिंह राठौड़ ने अतिथियों का स्वागत करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। विभाग के अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी रामनिवास भुंवाल ने विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान सहायक प्रशासनिक अधिकारी लाखनसिंह बीका, छात्रावास अधीक्षक चन्द्रावती, संदीप झाझड़िया, वरिष्ठ सहायक मनीष जाखड़, कनिष्ठ सहायक पवन कुमार थालोड़, दिनेश् पूनियां सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी व दिव्यांगजन व छात्रावास की छात्राएं उपस्थित रहीं। संचालन व्याख्याता मुकेश शर्मा ने किया।

# जिला कारागृह में भक्ति संगीत संध्या आयोजित

**चूरू।** जिला कारागृह में मंगलवार को भक्ति संगीत संध्या का आयोजन किया गया जिसमें जेल कार्मिक और बन्दियों ने श्रद्धा और उल्लास के साथ भाग लिया। कार्यक्रम का आरम्भ हनुमानजी के चित्र के समक्ष दीप व अगरबती प्रज्वलन तथा पुष्प अर्पण से हुआ। तत्पश्चात् समवेत स्वर में हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। उसके बाद 'मत सोच मुसाफिर रे राम करे सो होई, समय को भरोसो नहीं कद पलटी मार जावे, कांई कारण आयो बन्दा कांई धन्धै लाग्यो रे, मत दिज्यो मायड़ली नै दोस करमा री रेखा न्यारी न्यारी, बेटा श्रवण पाणीड़ो पिलाय वन में बेटा प्यास लगी आदि भजनों की मधुर स्वर में प्रस्तुति दी गई जिन्हें सुनकर श्रोता भाव विभोर हो गए और वातावरण भक्ति व संगीत मय हो गया। इस अवसर पर जेल में नवाचार प्रेरक पुरस्कृत षिक्षक फोरम के जिला सचिव ओमप्रकाष तंवर ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि संगीत आत्मा से परमात्मा के मिलन का सबसे सुगम साधन है। मधुर स्वर में जब हम भजन व गीत सुनते हैं तो इससे हमारे मन को शान्ति मिलती है, चिन्ताएं दूर होती है और आत्म बल मजबूत होता है। इसलिए जब भी हमें अवसर मिले एकान्त में बैठकर अपनी पसन्द के भजन व गीत आदि सुनने चाहिए। इस अवसर पर उपस्थित अणुव्रत समिति की जिला अध्यक्ष रचना कोठारी ने ओंकार मन्त्र और ध्यान के महत्त्व को रेखांकित करते हुए बन्दियों को इनका अभ्यास करवाया। कार्यक्रम में उपस्थित से.नि. प्रधानाचार्य ओमप्रकाष इन्दौरिया और पूर्व बैंक मैनेजर सांवताराम ईसराण ने भी बन्दियों को सम्बोधित किया तथा नियमित रूप से पुस्तकें पढ़ने और सुबह-षाम भजन-कीर्तन करने का सुझाव दिया। जेल उपाध्यक्ष नरेन्द्र कुमार स्वामी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए बन्दियों के व्यवहार व सोच में सकारात्मक परिवर्तन हेतु पुरस्कृत षिक्षक फोरम की ओर से जेल में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।

## न्यूज ब्रीफ

### उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी को लघु व कुटीर उद्योग से जुड़ी समस्याओं से अवगत करवाया



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** उप मुख्यमंत्री दीयाककुमारी के सरदारशहर दौरे पर लघु व कुटीर उद्योग से जुडी महिलाओं ने हैण्डीक्रॉफ्ट से बनी वस्तु भेंट की। इस मौके पर स्थानीय सूरज एक्सपोर्ट की सीइओ मोनिका सैनी, श्री जयभवानी उद्योग की सुगंधा जैन और रचना पापड़ उद्योग की मीनाक्षी बरडिया सहित अनेक महिलओं ने उप मुख्यमंत्री को लघु व कुटीर उद्योग से जुड़ी समस्याओं के बारे में अवगत करवाया। सैनी ने कहा की सरकार इन उद्योग को सरकारी सहायता करें तो महिलाओं आत्मनिर्भर हो सकती है। उन्होनें बताया की सरदारशहर जैसे कस्बे में घर-घर में पापड़-बड़ी,खाटा-चूरी जैसे कार्य महिलाएं कर रही है। उन्हें अगर सरकार से आर्थिक सहयोग मिले तो वो और अधिक महिलाओ को रोजगार मुहैया करवा सकती है। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री दीयाककुमारी ने सैनी के साथ आए प्रतिनिधि मंडल को पूरा सहयोग करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में शहर के कई गणमान्य जन मौजूद रहे।

### आज से शुरू होगा स्पर्श कुष्ठ जागरुकता पखवाड़ा, 13 फरवरी तक चलेगा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से जिले भर में 30 जनवरी से 13 फरवरी तक स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान संचालित किया जाएगा। कुष्ठ दिवस 30 जनवरी से शुभारम्भ कर इस अभियान में जिला, ब्लॉक एवं पंचायत स्तर तक कुष्ठ रोग निवारण के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जायेंगी।

**कुष्ठ रोग पर जिला कलक्टर का आम नागरिक के नाम संदेश :** स्पर्श कुष्ठ जागरुकता अभियान के तहत जिला कलक्टर ने आम नागरिकों के नाम संदेश जारी किया है। इस संदेश में लिखा है कि जिले के समस्त नागरिकगण एवं अधिकारी व कर्मचारीगण विकसित भारत अभियान के अवसर पर मिलकर यह घोषणा करते हैं कि हम अपने जिले को कुष्ठ रोग मुक्त बनाने में कोई कसर नहीं छोडेंगे। कुष्ठ रोग का निदान करना आसान है और इसका इलाज संभव है। जिले में कुष्ठ रोग के सभी मामलों को यथाशीघ्र खोजने का प्रयास करेंगे और जिले में उपलब्ध सभी संसाधनों का पूर्ण उपयोग कर कुष्ठ रोग मुक्त लक्ष्य प्राप्त करने की हर संभव कोशिश करेंगे। साथ ही कुष्ठ रोग से प्रभावित व्यक्ति एवं उनके परिवार के सदस्यों के साथ किसी तरह का भेदभाव नहीं करेंगे और न ही किसी ओर को करने देंगे। व्यक्तिगत तथा सामूहिक रूप से भी समाज में कुष्ठ रोग के प्रति कलंक, फैली भ्रान्तियों एवं भेदभाव को मिटाने के लिए काम करेंगे एवं कुष्ठ रोग प्रभावित व्यक्तियों को समाज की मुख्यधारा में जोड़ने का प्रयास करेंगे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्मसिंह मीणा ने बताया की स्पर्श कुष्ठ जागरुकता पखवाड़े के दौरान कुष्ठ दिवस पर ग्राम सभाओं में सरपंच द्वारा ग्राम सभा के सदस्यों से कुष्ठ रोग से प्रभावित व्यक्तियों के प्रति भेदभाव दूर करने के लिए सार्थक प्रयास करने की अपील की जाएगी। ग्राम सभा में कुष्ठ रोग प्रभावित व्यक्तियों का ग्राम सभा प्रमुख द्वारा अभिनंदन भी किया जाएगा। इस अवसर पर कुष्ठ रोग के प्रति जागरूकता को लेकर प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। इस वर्ष स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान' की थीम 'आइए सब मिलकर जागरूकता बढ़ाएं, भ्रांतियां दूर करें तथा यह सुनिश्चित करें कि कुष्ठ रोग से प्रभावित कोई भी व्यक्ति छूट न जाए' को सार्थक बनाने के लिए सभी स्तरों पर आवश्यक प्रयास सुनिश्चित किए जाएंगे। नोडल अधिकारी डिप्टी सीएमएचओ डॉ. चेतराम मीणा ने बताया की पखवाड़े के दौरान विभाग द्वारा घर-घर जाकर आशा सहयोगिनी एवं एएनएम के माध्यम से कुष्ठ रोगियों की पहचान की जाएगी एवं कुष्ठ रोग के प्रति आमजन को जागरूक भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सभी चिकित्सा संस्थानों पर कुष्ठ रोग उपचार के लिए दवा भी निशुल्क उपलब्ध है। यदि किसी के शरीर पर बदरंग व सुन्न चकत्ते हों, तो स्वास्थ्य केन्द्र पर चिकित्सक को अवश्य दिखाएं, यह कुष्ठ रोग के लक्षण हो सकते हैं। चिकित्सक से सम्पर्क कर नियमित दवा का सेवन करना चाहिए।

### लक्ष्मीपत सिंघानिया एकेडमी बिसाऊ में किया बाल मेले का आयोजन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** लक्ष्मीपत सिंघानिया एकेडमी, बिसाऊ में शीतकालीन विशाल बाल मेले का आयोजन 27 जनवरी 2025 को किया गया। प्राचार्य दीपक पुरोहित ने बताया कि अतिथियों द्वारा फीता काटकर बाल मेले का शुभारंभ किया गया। बाल मेले में चूरू जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा सहित, बिंदु प्रसाद, रजनीश सापरा तथा आस पास के गणमान्य लोगों ने शिरकत की। मेले में विभिन्न प्रकार की फूड स्टोल, संगीत, नृत्य, ऊंट की सवारी, ऊंट का नृत्य, बकरी नृत्य, घुड़सावरी, झूले तथा विभिन्न मनोरंजन के खेलों का आयोजन किया गया। मेले का मुख्य आकर्षण लकी ड्रा रहा जिसके अंतर्गत विभिन्न उपहार प्रदान किए गए, जिसके अंतर्गत टीवी, फ्रिज, प्रेस, साइकिल, स्पीकर, रजाई, इंडक्शन एवं कई अन्य उपहार प्रदान किए गए। मेले में बच्चों ने कई प्रकार के व्यापारिक और नैतिक मूल्यों को ग्रहण किया।

### 31 जनवरी तक हटवा सकेंगे नाम, उसके बाद होगी वसूली और एफआईआर

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** खाद्य सुरक्षा योजना से जुड़े सक्षम व्यक्तियों को चिन्हित कर राशन में उठाए गए गेहूं की पाई-पाई की वसूली की जायेगी। यह वसूली 27 रुपये प्रति किलो के हिसाब से की जोयगी। 31 जनवरी तक स्वेच्छा से अपना नाम खाद्य सुरक्षा योजना से हटवाने वाले व्यक्तियों को राहत दी जायेगी। रसद विभाग 31 जनवरी के बाद गिव-अप अभियान में गेहूं की वसूली शुरू करेगा। जिला रसद अधिकारी कल्याण सहाय करोल ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में चयनित सक्षम व्यक्ति को स्वेच्छा से योजना से नाम हटवाने के लिए गिव-अप अभियान चलाया जा रहा है।

# डीपीएस के नवोदित चित्रकारों ने उकेरे भित्ती चित्र



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**डूंडलोद।** डूंडलोद पब्लिक स्कूल डूंडलोद के नवोदित विद्यार्थी चित्रकारों ने तीन दिन तक अथक परिश्रम कर दीवार पर एज्यूकेशन, सेव वाटर स्पेस, स्केरी नाइट, सेव नेचर आदि विषयों पर एक से बढ़कर एक सुंदर व शिक्षाप्रद चित्र बनाए। हाउस वाइज प्रतियोगिता में जूनियर व सीनियर वर्ग के चार-चार विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के परिणामस्वरूप सीनियर वर्ग में यलो हाउस की दीक्षा, मिहिरा, सिमर, गर्व व हाउस इंचार्ज सुभाष शर्मा ने प्रथम स्थान, ब्लू हाउस की अद्विका, सुहानी, मनीषा, मंशिका व हाउस इंचार्ज रामकिशोर ढाका ने द्वितीय, ग्रीन हाउस के वैभव, अभिषेक, दिव्याशु, प्रिया व हाउस इंचार्ज रविकांत तथा रैड हाउस की अमन, वर्णिका, अक्षि, प्रिंसी व हाउस इंचार्ज बबिता शर्मा ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार जूनियर वर्ग में रेड हाउस के तनुष, मधुकांत, हिमांशु बनिला व हाउस इंचार्ज दीपिका ने प्रथम, यलो हाउस की पलक रिद्धम, वंशिका, याशिका व हाउस इंचार्ज आशा शर्मा ने द्वितीय, ब्लू हाउस के अनिरूद्ध, अर्जुन, दीक्षित, ध्रुवी व हाउस इंचार्ज के जिगर, प्रांजल, शान्वी, दीपिका व हाउस इंचार्ज देवेन्द्र सिंह ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। आर्ट एंड क्राफ्ट अध्यापक अनित कुमार, सुमन सैनी व प्रभारी रेखा स्वामी एवं सुमनलता ने निर्णायक की भूमिका निभाई। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में प्राचार्य जी. प्रकाश ने अपने विचार प्रकट करते हुए कहा कि विद्यालय के इन छोटे चित्रकारों ने आज भित्ती चित्रों में अपनी कल्पना को साकार करके भविष्य में प्राप्त होने वाली सफलता की छाप छोड़ी है। इनका यह नन्हा सा कदम भविष्य में बहुत विस्तार लेगा। संस्था सदस्य राहुल रणवां ने विद्यार्थी चित्रकारों की प्रशंसा करते हुए कहा कि विद्यालय के छात्र-छात्राएं केवल अध्ययन में ही नहीं अपितु खेलों में, चित्रकारी में, ओलिंपियाड में, वाद-विवाद व नृत्य प्रतियोगिता में भी अपनी योग्यता को सिद्ध करके हमेशा प्रथम स्थान प्राप्त करते हैं।

# महाविद्यालय की गौरवशाली परम्परा में विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास सन्निहित है : डॉ मंजू शर्मा



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** लोहिया महाविद्यालय में सांस्कृतिक, साहित्यिक एवं खेलकूद सप्ताह का दूसरे दिन का शुभारंभ करते हुए प्राचार्य मंजु शर्मा ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि चूरू के लोकदेवता कन्हैयालाल लोहिया द्वारा स्थापित इस महाविद्यालय की पावन धरा को ही ये वरदान है कि यहाँ के विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास होता है और वे संस्कारों से युक्त होकर अपने भविष्य को सँवारते हैं। इस अवसर पर उन्होंने महाविद्यालय की गौरवशाली शैक्षणिक परम्पराओ के साथ सहशैक्षणिक परम्परा का हवाला देते हुए कहा कि यहाँ के विद्यार्थी सांस्कृतिक कार्यक्रमों में ही नहीं अपितु खेलकूद गतिविधियों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हैं और जिले का नाम रोशन करते हैं। सांस्कृतिक समिति की संयोजक डॉ ट्विंकल शर्मा ने बताया कि आज के दिन युगल नृत्य व युगल गायन की प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों की भागीदारी रही व उनकी प्रस्तुतियां आकर्षण का केन्द्र रही व मनमोहक रही। युगल नृत्य प्रतियोगिता में क्रमश प्रथम द्वितीय व तृतीय तनिष्का व हंसिका, विशाल वाल्मिकी व जितेंद्र सिहाग, लक्ष्मी शर्मा व प्रिया पिलानिया रहे वहीं युगल गायन में क्रमश प्रथम, द्वितीय व तृतीय दक्षिता व विनिता शर्मा, आफ़रीन व ममता, संगीता कानखेडिया व संजना कानखेडिया रहे। उन्होंने बताया कि अभी आने वाले दो दिन में विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन प्रस्तावित है। कार्यक्रम का संचालन डॉ शान्तनु डाबी व डॉ आशीष शर्मा ने किया।

# विद्यार्थियों को दी सड़क सुरक्षा की जानकारी




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** जिला परिवहन एवं सडक सुरक्षा अधिकारी कार्यालय की ओर से सड़क सुरक्षा माह 2025 परवाह के अंतर्गत परिवहन विभाग ने डॉ. जाकिर हुसैन शिक्षण संस्थान में जिला परिवहन अधिकारी नरेश कुमार की ओर से सड़क सुरक्षा जागरूकता का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने के लिये शपथ दिलाकर यातायात नियमों के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में विद्यायल के प्रधानाध्यापक इदरीश खान, देवेन्द्र सिंह शेखावत, जिला परिवहन कार्यालय के सहायक लेखाधिकारी सत्यपाल सिंह,, वरिष्ठ सहायक भवानी सिंह, जगदीश कस्वां, भंवर सिंह व ऑटो यूनियन अध्यक्ष असगर अली आदि उपस्थित रहे।

# बैंकों का ऋण जमा अनुपात मानक स्तर पर रहे : सुराणा



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने जिला परिषद सभागार में जिला स्तरीय समीक्षा समिति एवं जिला परामर्शदात्री समिति की दिसम्बर 2024 तिमाही हेतु आयोजित बैठकों में बैंक अधिकारियों से चर्चा कर समुचित निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने कहा कि बैंकों का ऋण जमा अनुपात मानक स्तर पर रहे। बैंकों के माध्यम से आमजन के लिए संचालित की जाने वाली योजनाओं में लंबित आवेदनों को त्वरितता से निस्तारण करें। आमजन को बैंकों की ऋण व विभागीय योजनाओं संबंध में किसी प्रकार की शिकायत न रहे। बैंक अधिकारी आमजन की शिकायतों का समयसीमा निर्धारित कर निस्तारण करें। उन्होंने भारतीय स्टेट बैंक का 31 दिसंबर, 2024 पर ऋण-जमा अनुपात मानक स्तर से कम रहने, विभिन्न राजकीय योजनाओं में बहुत अधिक मात्रा में ऋण आवेदन लंबित रहने व ग्राहकों की बढ़ती शिकायतों पर नाराजगी जताई। जिला कलक्टर ने नाबार्ड डीडीएम जीएल निर्वाण द्वारा चूरू जिले की वर्ष 2025-26 के लिए 9459.87 करोड़ रुपए संभाव्यतायुक्त ऋण योजना का विमोचन किया। आरबीआई जयुपर के अग्रणी जिला अधिकारी अखिलेश तिवारी ने भारतीय स्टेट बैंक और येस बैंक को ऋण- जमा अनुपात को चरणबद्ध तरीके से मानक स्तर से अधिक करने का सुझाव दिया तथा 2000 रुपए मूल्य वर्ग के नोटों को भारतीय रिजर्व बैंक के किसी भी क्षेत्रीय कार्यालय में बदलवाने की सुविधा के बारे में जानकारी दी। अग्रणी जिला प्रबन्धक अमर सिंह ने बैठक का संचालन करते हुए रूपरेखा प्रस्तुत की।

# भाजपा जिलाध्यक्ष के निर्वाचन का रास्ता हुआ साफ, जिले में 42 में से 23 मंडल अध्यक्षों की घोषणा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** भाजपा में चल रहे संगठन पर्व के तहत बुधवार को जिले के 23 मंडल अध्यक्षों की घोषणा की गई। जिसके बाद भाजपा जिलाध्यक्ष के निर्वाचन का रास्ता साफ हो गया है। भाजपा के संविधान के तहत 50 फीसदी मंडल अध्यक्षों का निर्वाचन होने के बाद जिलाध्यक्ष का निर्वाचन हो सकता है। ऐसे में 42 में से 23 मंडल अध्यक्षों का निर्वाचन भी इसलिए ही किया गया है। ताकि जिलाध्यक्ष के निर्वाचन में कोई अड़चन ना आए। माना जा रहा है कि गुरूवार या फिर शुक्रवार तक हर हाल में पार्टी का नया जिलाध्यक्ष निर्वाचित हो जाएगा। इसके लिए जोड़-तोड़ शुरू हो गई है। जिलाध्यक्ष की दौड़ में विश्वंभर पूनियां, पवन मावंडिया, दिनेश धाबाई, योगेंद्र मिश्रा जैसे नाम प्रमुखता के साथ चल रहे है। इधर, जिला सह निर्वाचन अधिकारी संगठन पर्व विकास शर्मा लोटिया ने बताया कि प्रदेश संगठन पर्व समिति के निर्णयानुसार एवं प्रदेश चुनाव अधिकारी संगठन पर्व के निर्देशानुसार जिला निर्वाचन अधिकारी संगठन पर्व कैलाश मेघवाल ने इन 23 मंडल अध्यक्षों की घोषणा की है। जिसके तहत नवलगढ़ विधानसभा के नवलगढ़ शहर मंडल अध्यक्ष पद पर गौतम खंडेलवाल, मुकुंदगढ़ शहर कपिल शर्मा, नवलगढ़ ग्रामीण बाबूलाल सैनी, कारी धर्मेंद्र मेघवाल, मंडावा विधानसभा के मंडावा शहर मोहनलाल शर्मा, बिसाऊ शहर पवन कुमार रैगर, नूआं इंद्राज सिंह जाट, टांई जगमेंद्र सिंह जाट, मलसीसर ग्रामीण अमित व्यास व कोलिंडा मुकेश दूत, झुंझुनूं विधानसभा के बगड़ शहर सुदर्शन चौमाल, कुलोद अनुपम जाखड़, उदयपुरवाटी विधानसभा के उदयपुरवाटी शहर लक्ष्मणराम सैनी, गुढ़ा ग्रामीण लीलाधर जाट, बालाजी ग्रामीण राजेंद्रप्रसाद मेघवाल, खेतड़ी विधानसभा के खेतड़ी शहर ज्योति भारद्वाज, जसरापुर सुरेंद्र काजला, मेहाड़ा प्रभुराम गुर्जर, खेतड़ीनगर बनवारीलाल यादव, सूरजगढ़ विधानसभा के सूरजगढ़ ग्रामीण सुरेश शर्मा, पिलानी विधानसभा के चिड़ावा ग्रामीण विकास स्वामी, देवरोड़ सज्जन कोठारी तथा पिलानी शहर के मंडल अध्यक्ष पद पर हर्षवर्धन सिंह शेखावत का सर्वसम्मति से निर्वाचन हुआ है। जिला निर्वाचन अधिकारी संगठन पर्व कैलाश मेघवाल तथा सह निर्वाचन अधिकारी संगठन पर्व विकास शर्मा लोटिया ने सभी नव निर्वाचित मंडल अध्यक्षों को बधाई दी है।

## सबसे ज्यादा मंडावा, तो सबसे कम सूरजगढ़ में हुई घोषणा

बुधवार को घोषित हुए मंडल अध्यक्षों की बात करें तो सर्वाधिक संख्या मंडावा की रही। वहीं सबसे कम सूरजगढ़ की रही। मंडावा विधानसभा में भाजपा के आठ मंडल अध्यक्ष है। इनमें से छह की घोषणा हो गई है। वहीं तो सूरजगढ़ में सात मंडल अध्यक्षों में सिर्फ एक की ही घोषणा हो पाई। वहीं नवलगढ़ में छह में से चार, झुंझुनूं में पांच में से दो, उदयपुरवाटी में पांच में से दो, खेतड़ी में पांच में से चार तथा पिलानी में छह में से तीन मंडल अध्यक्षों की घोषणा हुई है। सूरजगढ़ ग्रामीण, मंडावा शहर, नूआं, टांई, जसरापुर, चिड़ावा ग्रामीण और देवरोड़ में निवर्तमान अध्यक्षों को ही रिपिट करते हुए दुबारा निर्वाचन किया गया है। जबकि उदयपुरवाटी शहर में पूर्व में लक्ष्मणराम सैनी अध्यक्ष रह चुके है। बाद में उनकी जगह दूसरे कार्यकर्ता को जिम्मेदारी दी गई थी। लेकिन एक बार फिर से लक्ष्मणराम सैनी को ही उदयपुरवाटी शहर का मंडल अध्यक्ष बनाया गया है।

# गणेशमल बैद स्कूल में विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित

**चूरू।** स्थानीय महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय रतनगढ़ गणेशमल बैद स्कूल के सभी विद्यार्थियों को रतनगढ़ नागरिक परिषद ट्रस्ट दिल्ली एन सी आर द्वारा कड़ाके की ठंड से बचाव हेतु स्वेटर वितरित किए गए। कार्यक्रम प्रभारी हिम्मत सिंह चारण ने बताया कि ट्रस्ट के उपाध्यक्ष डालमचंद बैद द्वारा गत सप्ताह इस सेवाकार्य हेतु भाव अभिव्यक्त किया गया था और आज ट्रस्ट की ओर से विद्यार्थियों के लिए स्वेटर्स उपलब्ध करवा दिए गए। छात्र-छात्राओं को स्वेटर वितरित करते हुए ट्रस्ट के सहयोजित ट्रस्टी पूर्व पालिकाध्यक्ष संतोष कुमार इंदौरिया ने गर्म वस्त्र रूपी भेंट स्वीकार करने के लिए विद्यालय स्टाफ और विद्यार्थियों का आभार प्रकट किया, उन्होंने कहा कि स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप समाज सेवी कार्य परिषद द्वारा निरंतरता के साथ किए जाएंगे। परिषद् के स्थानीय समन्वयक कुलदीप व्यास ने कहा कि शैक्षिक उन्नयन हेतु संसाधनों की उपलब्धता अत्यावश्यक है। संस्था प्रधान अनिल कुमार ने परिषद के पदाधिकारियों का आभार प्रकट किया।

## न्यूज ब्रीफ

### पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर का आयोजन आज

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**सादुलपुर।** भामाशाह एवं समाजसेवी स्मृति शेष करतार सिंह पूनिया की नौवीं पुण्य तिथि पर गुरुवार 30 जनवरी 2025 को विशाल रक्तदान शिविर आयोजित होने जा रहा है।रक्तदान शिविर प्रातः 10 बजे से प्रति वर्ष की भांति स्टेशन रोड स्थित बाला जी ट्रांसपोर्ट परिसर में शुरू होगा। आयोजकों ने रक्तदाताओं से इस हेतु अपील की है व युवाओं से सम्पर्क किया गया है। बालाजी ट्रांसपोर्ट कंपनी के सतवीर पूनिया व मुख्तयार सिंह ने बताया कि थान मठहुई महंत निर्मल नाथ व अन्य विभिन्न गणमान्य जन रक्तदान शिविर का शुभारंभ करेंगे।

### धौलपुर से प्रयागराज के लिये रोडवेज की सीधी बस सेवा को कलेक्टर ने दिखाई हरी झंडी

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**धौलपुर।** जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी द्वारा राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम की बस को धौलपुर से प्रयागराज महाकुंभ के लिए हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। बस प्रत्येक दिवस सायं 4 बजे धौलपुर से प्रयागराज महाकुंभ के लिये प्रस्थान करेगी व राजस्थान क्षेत्र की सीमा तक यात्रियों से किराये में मिलने वाली समस्त छूट निगम द्वारा दी जायेगी। यह बस सायं 4 बजे धौलपुर से प्रस्थान कर राजाखेड़ा, वाह, इटावा, औरैया, कानपुर होते हुए सुबह 4 बजे प्रयागराज पहुंचेगी। वापसी में यही बस सायं 5:50 बजे प्रयागराज से प्रस्थान कर कानपुर, औरैया, ईटावा, वाह, राजाखेड़ा होते हुए 5:50 बजे धौलपुर पहुंचेगी।

### वार्षिकोत्सव एवं खेल दिवस कार्यक्रम का आयोजन प्रतिभाओं को किया गया सम्मानित

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**सादुलपुर।** पीएम श्री राजकीय मोहता बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में बुधवार को वार्षिक उत्सव व खेल दिवस समारोह आगाज का आयोजन रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ हुआ। माँ शारदे की पूजा अर्चना के साथ प्रधानाचार्य डॉ. सुशीला बलौदा की अध्यक्षता में शुरू हुए इस कार्यक्रम में भाजपा नेत्री सुमित्रा पूनियां, आईपीएस निश्चय प्रसाद एम., सेवानिवृत्त प्राचार्य दलीप पूनियां, समाजसेवी जोगेंद्र झाझडिया, भाजपा जिला मंत्री डॉ. कौशल पूनियां, बॉक्सिंग कोच अनूप सहारण,सीबीईओ बबलेश शर्मा, ओमवती पूनियां, विमल जेठू, साँवरमल स्वामी, शुभराम स्वामी, नत्थूराम प्रजापत, रमेश भरतीया, सेवानिवृत्त शा. शि. यासीन खां, नन्दकिशोर मित्तल, रामावतार बैरासरिया, सीताराम जांगिड़ शिक्षाविद, एसडीएमसी सदस्य सतीश शर्मा, कृष्ण भाकर उपस्थित थे।

### साइकिल देख नवमीं क्लास की बालिकाओं के चेहरे खिले

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**राजसमंद।** मोही कस्बे में संचालित पीएम श्री नन्दलाल जोशी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में बुधवार को नवमीं कक्षा की 26 बालिकाओं को साइकिल वितरण की गई। यहां आयोजित कार्यक्रम में साइकिलों को देखकर नवमीं कक्षा की बालिकाओं में खुशी व्याप्त थी साइकिल वितरण कार्यक्रम में जिला प्रमुख रतनीदेवी चौधरी मार्बल एसोसिएशन के अध्यक्ष उप सरपंच दिग्विजय सिंह भाटी, संस्था प्रधान उमेश कुमार शर्मा, उप प्रधानाचार्य कृष्ण गोपाल नंदवाना, रामगोपाल आचार्य, सुरेश कुमार कीर, मुरारी लाल मीणा, अंजना पंचोली, करुणा सोनी, सुरेश पुरबिया, कैलाश चंद्, सत्यनारायण भी मौजूद थे।

### बेसहारा एवं जरूरतमंद व्यक्ति सर्दी से बचाव हेतु रेन बसेरों का उठाए लाभ

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**धौलपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव रेखा यादव द्वारा बुधवार को मचकुण्ड रोड़ फायर स्टेशन धौलपुर के पास स्थित आश्रय स्थल का निरीक्षण किया गया। सचिव द्वारा बताया गया कि राज्य सरकार के द्वारा सर्दी से बचाव हेतु आश्रय स्थल संचालित किये गये हैं। कोई भी व्यक्ति इन आश्रय स्थलों में निःशुल्क रात्रि विश्राम कर सकता है। जरूरतमंद, बेसहारा एवं असहाय व्यक्तियों को इस सुविधा का लाभ उठाना चाहिए और सर्दी से अपना बचाव करना चाहिए। आश्रय स्थल में रूकने के लिए किसी प्रकार का कोई शुल्क नहीं लिया जाता है। रेखा यादव द्वारा रैन बसेरों में सर्दी से बचाव हेतु मूलभूत सुविधाएं जैसे- कम्बल, रजाई, गद्दे, स्वच्छ पेयजल, पुरुष एवं महिलाओं के लिए पृथक-पृथक ठहरने की व्यवस्था के साथ शौचालय की साफ-सफाई का जायजा लिया तथा पंखों पर जमी गंदगी और रजाई गद्दे और कंबलों की साफ सफाई एवं एक्सपायरी दवाओं को हटाने तथा नई दवाएं मंगवाने के निर्देश दिए गए एवं रैन बसेरों में उपस्थिति रजिस्टर का अवलोकन किया गया साथ ही सभी ठहरने वाले लोगों के आधार कार्ड तथा मोबाइल नंबर एंट्री करने के भी निर्देश दिए। इस मौके पर आश्रय स्थल निरीक्षण के समय अशोक मिश्रा जिला परियोजना अधिकारी, अशोक कुमार मिश्रा, प्रशांत शर्मा, दिनेश दीक्षित, विशाल उपाध्याय व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के राहुल डंडोतिया, सुरेन्द्र सिंह उपस्थित रहे।

### पीएम सुरक्षा बीमा योजना के तहत 2 लाख रूपए का चेक दिया

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**फुलेरा।** भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत राजस्थान मरुधरा ग्रामीण बैंक द्वारा बीमा धारक मृतक की पत्नी को बीमा राशि के तहत दो लाख रु. क्लेम राशि का चेक दिया। शाखा प्रबंधक नवनीत कुमार माकन ने बताया कि बैंक में छगनलाल नोदल निवासी सामलपुर ने 20 रुपए वार्षिक प्रीमियम पर बीमा करवाया था। खाताधारक छगनलाल नोदल की मृत्यु होने पर प्रधानमंत्री बीमा योजना के तहत मृतक की पत्नी मनफूल देवी को 02 लाख रुपये का चेक सौंपा गया है । इस अवसर पर शाखा प्रबंधक नवनीत कुमार माकन पार्षद अभिषेक वर्मा, कैशियर रामचंद्र,ऑफिस सहायक दीपक कुमार बैंक सखी श्रीमती नोरती देवी सहित कई प्रबुद्धजन मौजूद रहे ।

### छात्राएं बिना लाइसेंस के वाहन ना चलाएं

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**धौलपुर।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत जिला परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग द्वारा राजकीय कन्या महाविद्यालय में सेमिनार का आयोजन किया गया। परिवहन निरीक्षक दीपक शर्मा ने कहा कि छात्राएं बिना लाइसेंस के वाहन न चलाएं। सेमिनार के दौरान उन्होंने विद्यार्थियों को उनके कर्तव्य का बोध कराया एवं महाविद्यालय की छात्राओं को यातायात नियमों को लेकर शपथ ग्रहण कराई। परिवहन विभाग की ओर से विद्यार्थियों के लिए यातायात नियमों संबंधित पंपलेट का वितरण किया गया तथा वाहनों पर यातायात नियमों संबंधित स्टीकर भी लगाए गए। महाविद्यालय प्राचार्य अनिल कुमार ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों के माध्यम से महाविद्यालय के विद्यार्थियों को नए-नए कानून के बारे में जानकारी प्राप्त होती है तथा उनमें जागरूकता का संचार होता है। उन्होंने परिवहन विभाग को साधुवाद देते हुए कहा कि महाविद्यालय में इस प्रकार के आयोजन विभाग द्वारा समय-समय पर होते रहने चाहिए।

### गायों को गुड़ और हरा चारा खिलाया

**सादुलपुर।** मौनी अमावस्या पर दादा बाड़ी में बेसहारा गायों को तारानगर पुलिस युवा डीएसपी रोहित सांखला ने गायों को गुड़ खिलाकर और चारा खिला कर पुण्य कमाया।

## आरएएस प्री परीक्षा की तैयारियों पर जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित



जागरुक टाइम्स संवाददाता

**राजसमंद।** फरवरी में आयोजित होने वाली राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं संयुक्त प्रतियोगी प्रारंभिक परीक्षा तथा अन्य विभिन्न परीक्षाओं की तैयारियों के संबंध में बुधवार को जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट बालमुकुंद असावा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस दौरान एडीएम नरेश बुनकर, एडिशनल एसपी महेंद्र पारीक, डीइओ माध्यमिक नूतन प्रकाश जोशी, डीईओ प्रारंभिक राजेंद्र गग्गड़ सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में परीक्षा आयोजन की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। जिला कलक्टर ने कहा कि परीक्षाओं के आयोजन में पूर्ण पारदर्शिता एवं निष्पक्षता सुनिश्चित की जाएगी। प्रश्न-पत्रों की सुरक्षा एवं गोपनीयता बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। उन्होंने पुलिस एवं जिला प्रशासन को निर्देश दिए कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अनुचित गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जाए। असावा ने कहा कि परीक्षा केंद्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस, प्रशासन और संबंधित विभागों का समन्वय आवश्यक है। परीक्षा केंद्रों के आसपास संदिग्ध व्यक्तियों की निगरानी बढ़ाई जाएगी। कलक्टर ने परीक्षा केंद्रों तक परीक्षार्थियों की आसान पहुंच को लेकर निर्देश दिए। साथ ही परीक्षा केंद्रों पर बुनियादी सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि केंद्रों पर पर्याप्त पेयजल, शौचालय एवं फर्नीचर की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। कलक्टर ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि परीक्षा के दौरान या उससे पूर्व यदि किसी परीक्षार्थी को किसी प्रकार की समस्या हो तो उसका संवेदनशीलता के साथ त्वरित समाधान किया जाए। किसी भी प्रकार की लापरवाही पर जिम्मेदारी तय करते हुए सख्त कार्यवाही की जाएगी। सभी परीक्षा केंद्र प्रभारियों एवं अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि परीक्षा सुचारू रूप से संचालित करने के लिए संपूर्ण समन्वय एवं सतर्कता बरती जाए। अनुचित साधनों के प्रयोग पर कठोर दंड एवं आजीवन प्रतिबंध का प्रावधान कलक्टर जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा ने बताया कि परीक्षाओं के सुचारू संचालन एवं निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए परीक्षा में अनुचित साधनों के उपयोग पर कठोर कार्रवाई का प्रावधान है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि परीक्षा में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी करने वालों को न केवल कठोर दंड दिया जाएगा, बल्कि उन्हें आजीवन परीक्षा से प्रतिबंधित भी किया जा सकता है। परीक्षा में अनुचित साधनों के उपयोग पर न्यूनतम 10 वर्ष से लेकर आजीवन कारावास तक का दंड दिया जा सकता है। इसके साथ ही, ऐसे व्यक्तियों पर न्यूनतम 10 लाख रुपए से लेकर अधिकतम 10 करोड़ रुपये तक का जुर्माना भी लगाया जाएगा। इसके अतिरिक्त, दोषी पाए जाने पर संबंधित परीक्षार्थी को भर्ती परीक्षाओं में शामिल होने से हमेशा के लिए वर्जित कर दिया जा सकता है।

## एनएनएस शिविर का समापन

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**राजसमंद।** नाथद्वारा इंस्टीट्यूट ऑफ बायोटेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट में चल रहे सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर का समापन हुआ। सेवा योजना की प्रभारी डॉ. रंजना शर्मा ने बताया कि सेवा योजना का समापन राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पलाना कलां के प्रार्थना सभागार में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में अतिथियों की ओर से दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सात दिवसीय शिविर में महाविद्यालय की ओर से गोद लिए गांव में स्वयंसेवकों ने विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पालरा कला के प्राचार्य कमलेश मालानी, विशिष्ट अतिथि ग्राम सरपंच नीतू जैन, सारस्वत अतिथि ग्राम वार्ड पंच पीयूष व्यास, वरिष्ठ व्याख्याता अर्जुन पालीवाल, सहायक आचार्य देवनारायण वीरवाल रहें। कमलेश मालानी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सेवा योजना की प्रथम पहचान स्वयंसेवकों का समर्पण, परिश्रम एवं कर्तव्य निष्ठता से कार्य करना है। विशिष्ट अतिथि सरपंच नीतू जैन ने कहा कि पलाना कला गांव में विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम का कार्य किया वह प्रशंसा के योग्य है। आगे उन्होंने कहा कि यह कार्य यही तक सीमित नहीं रहना चाहिए। शिविर के पश्चात भी स्वयंसेवकों को अपने कार्य में संलग्न रहना चाहिए। वरिष्ठ व्याख्याता अर्जुन पालीवाल ने कहा कि सेवा योजना का मुख्य उद्देश्य लोगों को अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना है, जिससे वे अपने आसपास के सामाजिक वातावरण को स्वच्छ एवं सुन्दर बना सके। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पलाना कला के वरिष्ठ अध्यापक देवनारायण वीरवाल ने अपने विचार विद्यार्थियों के समक्ष प्रस्तुत करते हुए कहा कि सेवा योजना के स्वयंसेवकों का जीवन समाज में एक आदर्श स्थापित करना रहा है। इसके लिए स्वयं को समाज के समक्ष आदर्श के रूप में प्रस्तुत करने के लिए प्रतिबद्ध होना आवश्यक है। पलाना कला वार्ड पंच पीयूष व्यास ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी को मिलकर समाज में फैल रही बुराइयों एवं भेदभाव को मिटाकर प्रेम एवं सौहार्द का वातावरण स्थापित करने में भूमिका निभानी चाहिए। इस अवसर पर सेवा योजना की प्रभारी डॉ रंजना शर्मा ने सात दिवसीय कार्यक्रम का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंत में डॉ मुकेश शर्मा ने सभी को धन्यवाद दिया।

## जन्म-मृत्यु एवं विवाह पंजीयन हेतु कार्यशाला का आयोजन

### सात दिवस में जारी करें जन्म-मृत्यु प्रमाण-पत्र अन्यथा दण्ड का प्रावधान

**धौलपुर।** सांख्यिकी विभाग धौलपुर के द्वारा बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जन्म-मृत्यु एवं विवाह पंजीयन पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में जिले के सभी रजिस्ट्रार एवं उप रजिस्ट्रार ने भाग लिया। उप निदेशक, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग राजेश कुमार ने कहा कि निर्धारित समयावधि में आमजन को प्रमाण-पत्र जारी किया जाना चाहिये। इस संबंध में विस्तृत बिन्दुवार पीपीटी के माध्यम से जानकारी प्रदान की गई। 01 जनवरी 2014 से पहचान पोर्टल पर जन्म-मृत्यु एवं विवाह का पंजीयन करवाना अनिवार्य किया गया है। विवाह पंजीयन की विशेषताएं और लाभ के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। जिले में निजी चिकित्सा संस्थानों द्वारा जन्म, मृत्यु के पंजीयन हेतु निर्देश प्रदान करते हुए कहा कि सभी निजी चिकित्सा संस्थान पहचान पोर्टल की आईडी बनाकर तथा मैपिंग करवाकर ऑनलाइन आवेदन करवाया जाना सुनिश्चित करायें। इस सन्दर्भ में अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गौरव मीना ने बताया कि सरकारी व गैर सरकारी चिकित्सा संस्थानों पर पहचान पोर्टल की आईडी बनवाकर उनकी मैपिंग करवाया जाना सुनिष्चित करायें। रजिस्ट्रार नगर परिषद धौलपुर को निर्देशित किया गया कि वह समय पर प्रमाण-पत्र जारी करें एवं निजी चिकित्सा संस्थानों से ऑफलाईन आवेदन हार्ड कॉपी न मंगवाकर ऑनलाइन पोर्टल द्वारा ही आवेदन स्वीकार करें एवं पेंडेन्सी को शून्य करें, जिससे आमजन को बिना कारण कार्यालय के चक्कर नहीं काटने पडें। उन्होंने कहा कि समस्त रजिस्ट्रार एवं उप रजिस्ट्रार कार्यालयों में जन्म-मृत्यु के साइन बोर्ड लगवाये जाये। उप निदेशक ने बताया कि सरकार द्वारा जन्म-मृत्यु पंजीकरण अधिनियम 1969 में संशोधन कर 1 अक्टूबर 2023 में नया नियम बनाकर आमजन को राहत प्रदान की गई है। इसके अन्तर्गत रजिस्ट्रार व उप रजिस्ट्रार द्वारा जन्म-मृत्यु जारी नहीं करने पर 250 रुपये का जुर्माना व संस्था द्वारा जन्म व मृत्यु की सूचना नहीं देने पर धारा 23 के अन्तर्गत 1000 रुपये के जुर्माने का प्रावधान किया गया है।

## जीवन में इच्छा कार्य किया हुआ कभी व्यर्थ नहीं जाता है :डॉ. मोंगिया

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**फुलेरा।** पीएम श्री विद्यालय सेठ सूरजमल अग्रवाल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय फुलेरा में वार्षिक उत्सव, भामाशाह सम्मान एवं पूर्व विद्यार्थी मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि सत्यम हॉस्पिटल निदेशक डॉ. एस. के. मोंगिया रहे, समाजसेवी एवं भामाशाह पूनम कुमावत एस. डी.एम.सी, एस.एम.सी. सदस्यगण,भामाशाह एवं गणमान्य विशिष्ट अतिथि रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य मयंक कुमार शर्मा ने की। इस मौके पर विद्यालय स्टाफ, पूर्व विद्यार्थी एवं विद्यालय के विद्यार्थियों की उपस्थिति में समारोह का आयोजन हुआ। विद्यालय के वार्षिक समारोह में छोटी कक्षाओं के नन्हे मुन्नों से लेकर उच्च कक्षाओं के विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में रंगारंग प्रस्तुतियां देकर समारोह की शोभा बढ़ाई, विद्यालय की छात्राओं ने अपनी विशेष एवं मनमोहक और लुभावनी प्रस्तुतियों से कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों को करतल ध्वनि उत्पन्न करने से मजबूर कर दिया। वहीं विद्यालय की ओर से विद्यालय के विद्यार्थियों को उत्कृष्ट कार्य करने, शाला में संपूर्ण उपस्थिति दर्ज करने तथा अनुशासन में रहने वाले विद्यार्थियों को भी प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि डॉ. एस के मोंगिया ने अपने संबोधन में कहा उन्होंने कहा कि अच्छा कार्य किया हुआ बहुगुणी होता है उन्होंने कहा बिना फल की इच्छा किए अच्छे कार्य करने चाहिए। जबकि विशिष्ट अतिथि पूनम कुमावत ने कहा कि विद्यार्थियों को शिक्षा के प्रति जागरूक रहकर ग्रहण करना चाहिए यह छात्र जीवन दोबारा नहीं मिलता है । इस मौके पर एनसीसी कैडेट्स ने अपनी सेवाएं देकर जिम्मेदारी निभाई जबकि कार्यक्रम का मंच संचालन विष्णु कुमार पंचोली ने किया तथा इस अवसर पर भामाशाह उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले,शिक्षा एवं अन्य क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। अध्यक्षता प्रधानाचार्य मयंक कुमार शर्मा ने की मुख्य अतिथि एस के मोंगिया डायरेक्टर सत्यम हॉस्पिटल फुलेरा, विशिष्ट अतिथि पूनम कुमावत के साथ-साथ एसडीएमसी, एसएमसी मेंबर भामाशाह, गणमान्य लोगो सहित पूर्व विद्यार्थी शामिल हुए।

## निराश्रित गौवंश के लिए एसडीम को ज्ञापन

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**कुचामन सिटी।** कुचामन की सड़कों पर दुख देख रहे निराश्रित गोवंश की व्यवस्था के लिए उपखंड अधिकारी के नाम ज्ञापन दिया।गौ सेवक रवि भार्गव ने बताया कि कुचामन रिंग रोड पर नगर परिषद द्वारा जो कचरा डाला जा रहा है। उसमें असंख्य निराश्रित गोवंश पॉलीथिन ,प्लास्टिक और कचरा खाकर बीमार होकर मर रहे हैं, और यही दशा कुचामन मुख्य वार्डों की है, कुचामन एवं कुचामन के आसपास इतनी गौशालाएं है, फिर भी इतने गोवंश इस दुर्दशा में है, नगर परिषद द्वारा भी इनको गौशाला में पहुंचाने के लिए बजट पारित किया जाता है। फिर भी उनकी अनदेखी हो रही है।शहर में इतने गोवंश होने के बावजूद भी नंदी शाला नहीं है, प्रशासन के पास अधिकार होने के बावजूद भी अभी तक पॉलीथिन पर प्रतिबंध नहीं लगा है, एवं बाहर से जो गोवंश शहर में छोड़े जा रहे हैं,उन पर भी अभी तक प्रतिबंध नहीं लग पाया है। गोवंश कि इस दुर्दशा को देखते हुए मोनी बाबा ने कहां की प्रशासन अपनी गहरी नींद से नहीं जागता है, तो साधु संतों को साथ लेकर कुचामन में आंदोलन किया जाएगा जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की रहेगी। सरकार और भामाशाह द्वारा इतना अनुदान आने के बाद भी गोवंश की यह दुर्दशा देखी नहीं जाती है। अब प्रशासन को मोन तोड़ना चाहिए एवं इन बेजुबानों की सेवा के लिए आगे आना चाहिए। इस दौरान हिंदू युवा वाहिनी के रूप सिंह राजपुरोहित, रामनिवास गुर्जर, चैनसुख गुर्जर, गौतम चंदेलिया, रामेश्वर कुमावत, कुलसाआसपुरा, वीरेंद्र सिंह चारण, अरविंद लोरोली रोहित कुमावत, कुलदीप गुर्जर आदि मौजूद रहे।

## अवैध ब्लड तस्करी मामले में मकराना ब्लड बैंक के ट्रस्टी हिरासत में

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**कुचामन सिटी।** अवैध ब्लड तस्करी मामले में मकराना ब्लड बैंक के ट्रस्टी को हिरासत में लिया गया है, जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। इसके अलावा मकराना थाने के बाहर स्थानीय नागरिकों द्वारा मानव रक्त के तस्करों के खिलाफ धरना प्रदर्शन भी किया जा रहा है।



**घटना :** 27 जनवरी की रात को पुलिस कंट्रोल रूम पर सूचना मिली थी कि अवैध रूप से खून की तस्करी की जा रही है। जिस पर जयपुर पुलिस ने जोबनेर थाना क्षेत्र में नाकाबंदी लगाई। इस दौरान एक क्रेटा कार को रोका। कार की तलाशी लेने पर उसमें तीन बड़े गत्तों में 255 ब्लड बैग मिले, जो बिना किसी सेफ्टी और टैग के रखे गए थे। कार में सवार तीनों युवक मोहम्मद शाबीर (35), मोहम्मद आमीन (26) और श्रवण सिंह ड्राईवर (28) इन बैग्स के बारे में कोई वैध दस्तावेज नहीं दिखा सके। जब पुलिस ने कड़ी पूछताछ की तो आरोपियों ने अवैध ब्लड तस्कर नेटवर्क का पर्दाफाश किया। अवैध ब्लड तस्करी में कई चौंकाने वाले नाम इस पूरे अवैध धंधे में कई रसूखदार लोगों के नाम सामने आए हैं। जिनमें भाजपा नेता का रिश्तेदार सुरेंद्र माहेश्वरी, एक अखबार का पत्रकार प्रकाश प्रजापत, मकराना ब्लड बैंक का ट्रस्टी महावीर पारीक, मोहम्मद शाबीर, मोहम्मद आमीन, श्रवण सिंह, पांचूराम घियला और महादेवी ब्लड सेंटर सवाई माधोपुर का कर्मचारी देवेंद्र शामिल है।

### सेंट पॉल्स विद्यालय में कॅरियर गाइडेंस सेमिनार का आयोजन

**राजसमंद।** जिला मुख्यालय स्थित सेंट पॉल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल के सभागार में कॅरियर गाइडेंस सेमिनार का आयोजन किया गया। विद्यालय प्राचार्य फादर जॉनी मैथ्यू ने बताया कि सेमिनार को आयोजित करवाने का मुख्य उद्देश्य कक्षा 10 वीं के विद्यार्थियों का उचित मार्गदर्शन करना था । विद्यार्थी 10 वीं बोर्ड की परीक्षा देने के बाद कक्षा 11वीं में प्रवेश के लिए तैयारी कर रहे हैं, इसलिए भविष्य के पाठ्यक्रम और करियर के बारे में एक स्पष्ट विचार होना बहुत महत्वपूर्ण है। उच्च माध्यमिक स्तर की स्ट्रीम और विषयों को अपनी योग्यता, शैक्षणिक प्रदर्शन और करियर विकल्पों के आधार पर सावधानीपूर्वक चुना जाना बहुत आवश्यक है। विद्यालय व्यवस्थापक फादर बेसिल वसुनिया ने बताया कि वर्तमान समय में नवांकुरों को सही मार्गदर्शन मिलना अतिआवश्यक है।

## जिला कलेक्टर ने किया थानागाजी में एनीकट निर्माण कार्यों का लोकार्पण

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**अलवर।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने आज थानागाजी पंचायत समिति की ग्राम पंचायत जोधावास के ग्राम टोडी लुहारान एवं ग्राम श्यामपुरा में कम्यूनिटी मोबिलाइजेशन के माध्यम से रिलैक्सो फुटवियर्स लि. के द्वारा सीएसआर कार्यक्रम के तहत ग्रामोदय सामाजिक संस्थान के सहयोग से निर्मित आरसीसी एनीकट कार्यों का लोकार्पण किया। साथ ही ग्राम पंचायत बछेडी में रिलेक्सो द्वारा जनसहयोग से लगाए गए 50 हजार पौधों का निरीक्षण किया। जिला कलक्टर ने लोकार्पण कार्यक्रम में रिलैक्सो फुटवियर्स लि. एवं ग्रामोदय सामाजिक संस्थान द्वारा सीएसआर व जनभागीदारी से निर्मित कराए गए आरसीसी एनीकट निर्माण कार्य की सराहना करते हुए कहा कि जल संरक्षण के कार्य जीवन संरक्षण के समान है। उन्होंने कहा कि एनीकट निर्माण से बूंद-बूंद जल का संरक्षण होने के साथ-साथ क्षेत्र के भूजल स्तर में भी वृद्धि हो रही है। उन्होंने कम्पनी के पदाधिकारियों से कहा कि इस तरह के जल एवं पर्यावरण संरक्षण के कार्य जिले में अन्य जगह भी करवाएं जिसमें जिला प्रशासन द्वारा हर तरह का सहयोग प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा अलवर जिले में जल संरक्षण के लिए शहरी क्षेत्रों में रूफटॉप वाटर हार्वेस्टिंग एवं ग्रामीण क्षेत्रों में एनीकट, तालाब, बावडी इत्यादि संरचनाओं के निर्माण के कार्य प्रगतिरत है जिसमें सरकारी योजनाओं के साथ नाबार्ड, सीएसआर, भामाशाह एवं आमजन के द्वारा भी सहयोग प्रदान किया जा रहा है।



**जल संरक्षण स्थल ईको ट्यूरिज्म स्थल के रूप में विकसित होंगे :** जिला कलक्टर ने रिलैक्सो द्वारा कराए गए जल संरक्षण के कार्यों से भूजल स्तर सुधरने के साथ क्षेत्र भी हराभरा हुआ है। इसी प्रकार सरकारी योजनाओं से भी जिले के कई जल प्रभावित क्षेत्रों में सकारात्मक बदलाव आए हैं। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों के संबंधित उपखण्ड अधिकारियों, विकास अधिकारियों, ग्राम पंचायत, सीएसआर व जनसहयोग से इन क्षेत्रों को ईको ट्यूरिज्म व ग्राम ट्यूरिज्म क्षेत्रा के रूप में विकसित कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरिस्का वन क्षेत्र से नजदीकी के कारण ग्रामीण पर्यटन के रूप में विकसित होने की संभावनाओं के मद्देनजर ईको ट्यूरिज्म साइट व होम स्टे के रूप में विकसित हो सकेंगे।

**पौधारोपण कार्य का किया निरीक्षण :** उन्होंने ग्राम पंचायत बछेडी में रिलैक्सो द्वारा जनसहयोग से करीब डेढ करोड रूपये की लागत से लगाए गए 50 हजार पौधारोपण कार्य का निरीक्षण किया। रिलैक्सो कम्पनी के सीएसआर प्रभारी ने बताया कि इस क्षेत्र की सुरक्षा व देखभाल हेतु ग्राम पंचायत वन समिति भी बनाई गई है। समिति के कार्य में आर्थिक सहयोग हेतु यहां कुल लगाए गए पौधों में 25 फीसदी पौधे फलदार है जिसकी आमदनी से समिति द्वारा इस जगह की सुरक्षा का कार्य कर सकेगी। रिलैक्सो फुट वेयर लि. के सीएसआर प्रमुख गंभीर अग्रवाल ने बताया कि कम्पनी एवं ग्रामोदय सामाजिक संस्थान के द्वारा ग्राम टोरडी लुहारान में 25.65 लाख रूपये की लागत से 25 हजार क्यूबिक मीटर स्टोरेज क्षमता एवं ग्राम श्यामपुरा में 29.37 लाख रूपये की लागत से 28 हजार क्यूबिक मीटर स्टोरेज क्षमता के आरसीसी एनीकट निर्मित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि इन गांवों के साथ-साथ आसपास के एक दर्जन गांवों को इसका लाभ मिल रहा है। उन्होंने बताया कि जल संरक्षित होने से टोडी लुहारान में पहले जो सूखा एनीकट था, अब यह पानी से लबालब भरा हुआ है। इन एनीकेटो के भरने से क्षेत्र के सूखे ट्यूबवैल रिचार्ज हुए हैं तथा क्षेत्र के जल स्तर में वृद्धि हुई है। उन्होंने बताया कि साथ ही आसपास का क्षेत्रा भी हराभरा हुआ है।

## सुविचार

पत्थर अगर कीचड़ में मरोगे तो
कीचड़ आपको ही लगेगा।

- अज्ञात

# जागरूक संपादकीय

## शेख हसीना को संजीवनी

अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सत्ता में आने का असर अब बांग्लादेश में भी दिखने लगा है। ट्रंप ने सत्ता संभालने के साथ ऐसी चाबुक चलाई है, जिससे बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस हांफने लगे हैं। दरअसल, ट्रंप ने अमेरिकी फंड पर ताला लगाने का आदेश दिया है। इसका सीधा असर बांग्लादेश पर पड़ने वाला है। वहां अमेरिका की सहायता से चल रहे कई प्रोजक्ट्स पर ताला लगने वाले हैं। इससे मोहम्म यूनुस काफी परेशान हैं। उधर, ट्रंप के इस कदम से शेख हसीना को संजीवनी मिल गई है। अमेरिकी सहायता बंद होने से उन संगठनों की वित्तीय और ऑपरेशनल स्थिति सबसे अधिक प्रभावित होंगी, जो पहले मोहम्मद यूनुस का समर्थन करते थे। डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन की ओर से बांग्लादेश को अमेरिकी सहायता रोकने के फैसले के बाद पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को अब लगने लगा है कि वह सही थीं। अमेरिका को लेकर वह जो बात कह रही थी, वह अब सही साबित हो रही है। अवामी लीग के एक वरिष्ठ नेता और सांसद ने अपना नाम जाहिर नहीं करने की शर्त पर कहा कि अंतरिम सरकार को अब सच का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी के नेता और कार्यकर्ता सब एकजुट हैं और जैसे ही चुनाव होंगे, हम उनका मुकाबला करेंगे। शेख हसीना हमारी मार्गदर्शक हैं। हम उन्हें नहीं छोड़ेंगे। हम अपने देश को उनके (अंतरिम सरकार) हाथों में नहीं छोड़ेंगे। हमारे लोग जानते हैं कि उन्होंने देश के लिए क्या किया। उन्हें अभी भी जनता पसंद करती है। बीते करीब आठ महीने से शेख हसीना भारत में हैं। वह निर्वासन की जिंदगी जी रही हैं। उनकी पार्टी के नेता कह रहे हैं कि वह स्वदेश लौटने के लिए तैयार हैं। उन्होंने अपनी पार्टी के मूल नेटवर्क को फिर से मजबूत करने के लिए रणनीतियां बनाई हैं। सूत्रों का कहना है कि भारत के विभिन्न शहरों जैसे दिल्ली, कोलकाता और बेंगलुरु और कुछ अन्य देशों में शेख हसीना की पार्टी के प्रमुख सदस्य अभी भी उनसे संपर्क में हैं। वे जब जरूरत होती, वर्चुअल बैठकें भी करते हैं। पिछले अगस्त में बांग्लादेश में मचे राजनीतिक उथल-पुथल के बाद शेख हसीना ने सहयोगियों के साथ बातचीत कम कर दिया था, लेकिन अपने कुछ भरोसेमंद अवामी लीग नेताओं के साथ वह लगातार संपर्क में हैं। उनके करीबी सूत्रों के अनुसार शेख हसीना ने एक मजबूत कमांड चेन तैयार की है। इसमें कुछ पार्टी सदस्य और वरिष्ठ ब्यूरोक्रेट्स हैं। ये विदेश में स्वास्थ्य और शिक्षा वीजा पर हैं और रणनीतिक सहयोग के लिए काम कर रहे हैं। कई गुप्त और एन्क्रिप्टेड ग्रुप्स के माध्यम से वे महत्वपूर्ण चर्चाएं और पार्टी के निर्देश साझा करते हैं, जिससे उनके नेतृत्व की ताकत बनी रहती है और कार्यकर्ताओं में जोश बना रहता है।

### बेजोड़ कुंभ पर अंततः

# वीआईपीवाद ने कालिख पोत दिया..!!



लोकमित्र गौतम

जिसकी आशंका में कई दिनों से धुकपुक हो रही थी, अंततः वही हुआ। पहले से अंदाजा था कि इस बार मौनी अमावस्या यानी 29 जनवरी 2025 को अमृत स्नान के तहत महाकुंभ में ऐसा जन सैलाब उमड़ने वाला है, जिसकी अब के पहले कभी कल्पना भी नहीं की गई थी। ऐसा स्वाभाविक ही था। मौनी अमावस्या प्रयाग कुंभ का सबसे महत्वपूर्ण अनुष्ठान होता है। हर कुंभ में इस अवसर पर बहुत भीड़ होती है। ऐसे में इस बार तो भीड़ के सारे रिकॉर्ड टूटने ही थे। क्योंकि इस साल 144 वर्षों के बाद 'त्रिवेणी योग' नामक एक दुर्लभ खगोलीय संयोग बन रहा था।

इमेज

अनुमान था कि मौनी अमावस्या के 24 से 48 घंटे के भीतर कोई 8 से 10 करोड़ लोग इस बार स्नान करेंगे। इसलिए भले देश-विदेश में इस साल के कुंभ की चाक चौबंद व्यवस्था की तारीफ हो रही थी। लेकिन इस तारीफ में ढीले पड़ने की जरूरत नहीं थी बल्कि भीड़ को नियंत्रित करने के मामले में मौनी अमावस्या सबसे बड़ी परिक्षा थी और कहना नहीं होगा कि एक दिन पहले वीआईपी लोगों को लेकर बरती गयी ढील के कारण इस बेजोड़ कुंभ पर कालिख पुत गई। मौनी अमावस्या यानी 29 जनवरी को तड़के उस समय भगदड़ मच गई, जब श्रद्धालु गंगा, यमुना और सरस्वती के संगम पर स्नान करने के लिए आगे बढ़ रहे थे। मौजूद सुरक्षाकर्मी भारी भीड़ को नियंत्रित करने में असमर्थ रहे और इन पंक्तियों के लिखे जाने तक अलग-अलग स्रोतों के मुताबिक 15 से 38 लोगों की मृत्यु हो गई थी। जबकि 150 से 200 से ज्यादा लोगों के घायल होने की सूचना है। खबरों के मुताबिक करीब 15 श्रद्धालुओं की लाशें देखी गईं। जबकि द गार्जियन डॉट कॉम के मुताबिक मरने वाले श्रद्धालुओं की संख्या कम से कम 38 थी। यूं तो इस दुर्घटना का अंतिम रूप से क्या कारण रहा, इसका जांच के बाद ही पता चलेगा लेकिन कुंभ में मौजूद और गुस्से में भरे श्रद्धालुओं की मानें तो इसकी सबसे बड़ी वजह एक दिन पहले का वीआईपी मूवमेंट रहा। कई किलोमीटर का चक्कर लगाकर संगम नोज तक रात में 1 से 2 बजे तक इतने लोग पहुंच गए, जिनको संभाल पाना संभव ही नहीं था। प्रशासन को इस पर ध्यान देना चाहिए था; लेकिन वह तो पिछले 24 घंटों से वीआईपी लोगों के प्रबंध में जुटा था। महाकुंभ मेले के लिए विशेष कार्य अधिकारी आकांक्षा राणा के मुताबिक जहां संगम में बैरियर्स टूटने के बाद यह हादसा हुआ तो प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक यह भगदड़ एक खंभा टूटने के बाद मची। लेकिन ज्यादातर लोगों का मानना था कि वीआईपी लोगों की सुविधा के लिए अलग-अलग जगहों से डायवर्ट किए गए लोगों के कारण संगम नोज में 28 जनवरी की देर रात और 29 जनवरी के तड़के बहुत ज्यादा भीड़ बढ़ गई थी।

इसकी वजह से एक खंभा टूटकर गिर गया, जिसमें कुछ लोग जख्मी हुए और इसी के साथ भगदड़ मच गई। हालांकि हादसे के तुरंत बाद प्रशासन ने स्थिति को मुस्तैदी से संभाला और एंबुलेंस भी मौके पर पहुंचीं, जिन्होंने घायलों को महाकुंभ में मौजूद केंद्रीय अस्पताल ले जाना शुरू कर दिया ताकि उनका समय रहते इलाज हो सके। लेकिन भीड़ इतनी ज्यादा थी कि हादसे के बाद हताहतों तक 70 से ज्यादा एंबुलेंस पहुंचाने के लिए पुलिस को बहुत मशक्कत करनी पड़ी, तब कहीं जाकर उन्हें लेकर अस्पताल जाया जा सका। भगदड़ के बाद प्रशासन के अनुरोध पर सभी 13 अखाड़ों ने मौनी अमावस्या का अमृत स्नान रद्द कर दिया। लेकिन जल्द ही स्थिति पर काबू पाने के बाद अखाड़ों की दोबारा बैठक हुई जिसमें दिन में 10 बजे के बाद अमृत स्नान होना तय हुआ। हादसे के बाद प्रधानमंत्री मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने यूपी के सीएम योगी से फोन पर लगातार घटना की जानकारी ली, आनन-फानन में हेलीकॉप्टर महाकुंभ की व्यवस्था निगरानी पर लगा दिए गए। हादसे के बाद संगम तट पर एनएसजी कमांडो ने भी मोर्चा संभाल लिया। संगम नोज इलाके में आम लोगों की एंट्री बंद कर दी गई। भीड़ और न बढ़े, इसलिए प्रयागराज शहर में भी श्रद्धालुओं के आने पर रोक लगा दी गई है। इसके लिए शहर की सीमा से सटे जिलों में प्रशासन को मुस्तैद कर दिया गया। लेकिन इस सबकी पहले से ही तैयारी करने की जरूरत थी। क्योंकि प्रशासन को पता था कि मौनी अमावस्या में स्नान के लिए करीब 5 करोड़ श्रद्धालु शहर में मौजूद हैं, जबकि करोड़ों और आने वाले थे। जाहिर है प्रशासन को यह भी समझना चाहिए था कि संगम समेत कुंभ क्षेत्र में मौजूद 44 घाटों पर ही इन सबको डुबकी लगानी थी। इससे एक दिन पहले यानी मंगलवार को भी तीन से साढ़े तीन करोड़ श्रद्धालुओं ने संगम क्षेत्र में डुबकी लगाई थी। पूरे शहर में सुरक्षा के लिए 60 हजार से ज्यादा जवान तैनात थे। फिर भी व्यवस्था संभल नहीं रही थी, इसलिए 29 जनवरी की सुरक्षा और चाक चौबंद होनी चाहिए थी। दुर्घटना के बाद सीएम योगी ने लखनऊ में अपने आवास में जो इमरजेंसी बैठक बुलाई, उसकी जरूरत नहीं पड़ती अगर वीआईपी लोगों को एक दिन पहले कंट्रोल में रखा जाता। अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रवींद्र पुरी ने सुबह स्थिति नियंत्रण में आने के बाद सही निर्णय लिया कि विभिन्न अखाड़े अमृत स्नान के समय जुलूस छोटा रखेंगे, किसी प्रकार का कोई लाव लश्कर नहीं रखेंगे और शोभा यात्रा भी नहीं निकाली जाएगी। बाद में सीएम योगी ने श्रद्धालुओं से अपील की कि वे लोग मां गंगा में वहीं स्नान करें, जिस घाट के वो नजदीक हों, संगम नोज की ओर जाने का प्रयास न करें। यह दिशा-निर्देश भीड़ को देखते हुए पहले से होनी चाहिए थी। यह जरूरी थी; क्योंकि मौनी अमावस्या का स्नान हमेशा से बहुत भीड़ वाला होता है। हमें यह भी समझना चाहिए कि समूचे संगम में इस पुण्यतिथि को 'अमृत' बहता है। अगर आप कहीं भी गंगा या यमुना में स्नान करेंगे तो 'अमृत' आपको प्राप्त होगा। ये आवश्यक नहीं है कि संगम में ही डुबकी लगाई जाए। ऐसी बातें श्रद्धालुओं को पहले से बताई गई होतीं तो जो दुखद घटना घटी वह नहीं घटती। वास्तव में यह घटना इसलिए हुई क्योंकि सभी श्रद्धालु संगम घाट पर ही पहुंचना चाहते थे, जबकि उन्हें जहां भी पवित्र गंगा दिखे, वहीं डुबकी लगानी थी। कुंभ मेला की ओएसडी अकांक्षा राणा ने भी यह बात मानी है कि संगम नोज पर बैरियर टूटने के बाद भगदड़ जैसी स्थिति पैदा हुई। लेकिन दुर्घटना के घंटों बाद भी अफसर कुछ भी बोलने को तैयार नहीं दिखे। इसी वजह से सुबह यही नहीं पता चल रहा था कि दुर्घटना हुई कब? कोई 2 बजे रात बता रहा था, कोई 2:30 कह रहा था, जबकि एक महिला के मुताबिक घटना रात करीब एक बजे ही घट गयी थी। इसका मतलब हुआ कि घंटों भगदड़ वाली स्थिति रही। पता चला है कई लोग जान बचाने के लिए बिजली के खंभे तक पर चढ़ गए। पूरे संगम क्षेत्र में ही अफरातफरी का माहौल बन गया। ये तो शुक्र था कि प्रयाग में अस्पताल एलर्ट मोड पर थे। नर्स और डॉक्टर एक्टिव थे, जिन्हें फर्स्ट एड की जरूरत थी, उनका भी प्राथमिक इलाज किया गया। कुछ लोगों को इमरजेंसी में ले जाने की जरूरत पड़ी।

## पंचांग

30 जनवरी 2025

| | | |
|---|---|---|
| विक्रम संवत् | - | 2081 |
| शक संवत् | - | 1946 |
| ऋतु | - | शिशिर |
| माह | - | माघ |
| पक्ष | - | शुक्ल |
| तिथि | - | प्रतिपदा 16.12 तक |
| वार | - | गुरुवार |
| नक्षत्र | - | श्रवण 07.16 तक |
| योग | - | व्यतिपात 18.34 तक |
| करण | - | बालव 27.08 तक |
| सूर्योदय | - | 07.14 (मुंबई) |
| सूर्यास्त | - | 06.29 (मुंबई) |
| सूर्योदय | - | 07.24 (भीनमाल) |
| सूर्यास्त | - | 06.23 (भीनमाल) |
| चंद्र राशि | - | मकर 18.36 तक |
| अभिजित् मुहूर्त | - | 12.29 से 13.14 |
| राहु काल | - | 14.16 से 15.41 |
| व्रत, त्यौहार | - | गुप्त नवरात्रि प्रारंभ, चंद्रदर्शन, गांधी निर्वाण दिन, पंचक 18.36 प्रारंभ, हर्षल मार्गी 21.54, |
| दिशा शूल | - | दक्षिण |

• शास्त्री प्रवीण त्रिवेदी, भीनमाल



## धर्म-कर्म

### टीका माथे पर क्यों लगाया जाता है? इसका कोई वैज्ञानिक आधार है

हिंदुओं के ज्यादातर धार्मिक संस्कारों में माथे पर तिलक या टीका लगाने की परंपरा है। पूजा-पाठ, विवाह, जनेऊ, तिलकोत्सव या अन्य किसी भी आयोजन में माथे पर तिलक लगाया जाता है। तिलक लगाने की परंपरा सदियों से चली आ रही है। लेकिन आप नहीं जानते होंगे कि माथे पर तिलक लगाने का धार्मिक के अलावा सांस्कृतिक और वैज्ञानिक महत्व भी है। साथ ही तिलक लगाने से सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और मन शांत रहता है।

**धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व**

माथे पर तिलक ईश्वर के प्रति श्रद्धा और समर्पण का प्रतीक है। इसे माथे पर लगाकर व्यक्ति यह दिखाता है कि वह ईश्वर को अपने जीवन में सर्वोच्च स्थान देता है। तिलक को शुभता का प्रतीक भी माना जाता है। किसी भी शुभ कार्य को करने से पहले माथे पर तिलक लगाया जाता है। तिलक विभिन्न समुदायों और संप्रदायों की पहचान का प्रतीक भी होता है।

**क्यों माथे पर लगाया जाता तिलक**

तिलक हमेशा मस्तिष्क के केंद्र पर लगाया जाता है। तिलक को मस्तिक के केंद्र पर लगाने पीछे वजह ये है कि हमारे शरीर में सात छोटे ऊर्जा केंद्र होते हैं। तिलक को मस्तिष्क के केंद्र में इसीलिए लगाया जाता है क्योंकि हमारे मस्तिष्क के बीच में आज्ञाचक्र होता है। जिसे गुरुचक्र भी कहते हैं। ये जगह मानव शरीर का केंद्र स्थान है। यह स्थान एकाग्रता और ज्ञान से परिपूर्ण है। गुरुचक्र को बृहस्पति ग्रह का केंद्र माना जाता है। बृहस्पति सभी देवों के गुरू हैं। इसीलिए इसे गुरुचक्र कहा जाता है।

**क्या है इसका वैज्ञानिक महत्व**

माथे के बीच में तिलक लगाने से एकाग्रता बढ़ती है। यह स्थान आज्ञा चक्र का केंद्र होता है, जो एकाग्रता और ध्यान के लिए महत्वपूर्ण है।तिलक लगाने से शरीर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। तिलक लगाने से तनाव कम होता है और मन शांत रहता है।

**आज्ञा चक्र:** माथे के बीच में जहां तिलक लगाया जाता है, वहां आज्ञा चक्र होता है। यह चक्र एकाग्रता और स्मरण शक्ति से जुड़ा होता है। तिलक लगाने से इस चक्र को उत्तेजना मिलती है, जिससे एकाग्रता और स्मरण शक्ति में सुधार होता है। यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि तिलक लगाने के वैज्ञानिक लाभों पर अभी भी शोध चल रहा है।

**पीनियल ग्रंथि**

आज्ञा चक्र पीनियल ग्रंथि से भी जुड़ा होता है। यह ग्रंथि मेलाटोनिन नामक हार्मोन का उत्पादन करती है, जो नींद और तनाव को नियंत्रित करने में मदद करता है। तिलक लगाने से पीनियल ग्रंथि को उत्तेजना मिलती है, जिससे मेलाटोनिन का उत्पादन बढ़ता है।

## तारीख विशेष

### महात्मा गांधी की पुण्यतिथि

30 जनवरी को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि है, जिनकी हत्या 1948 में नाथूराम गोडसे ने इसी दिन की थी। महात्मा गांधी, जिन्हें भारत में प्यार से 'बापू' कहा जाता है, ने भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने विभिन्न शांतिपूर्ण आंदोलनों के माध्यम से अहिंसा या अहिंसा की शक्ति का प्रदर्शन किया। उन्होंने अपने मूल्यों और सिद्धांतों से दुनिया भर के नेताओं को प्रेरित किया। 30 जनवरी को मुख्य रूप से महात्मा गांधी की पुण्यतिथि मनाई जाती है। लेकिन यह दिन शहीद दिवस या शहीद दिवस भी है। यह उन सभी शहीदों को याद करने और उन्हें सम्मान देने का दिन है, जिन्होंने अपने देश के लिए अपनी जान कुर्बान कर दी।



30 जनवरी, 1948 को जब महात्मा गांधी अपनी पोतियों के साथ दिल्ली के बिड़ला भवन में शाम की प्रार्थना सभा को संबोधित करने जा रहे थे, तो हिंदू राष्ट्रवादी नाथूराम गोडसे ने उनके सीने में तीन गोलियां दाग दीं। रिकॉर्ड के अनुसार उनकी तत्काल मृत्यु हो गई। हर साल महात्मा गांधी को उनकी पुण्यतिथि पर याद किया जाता है क्योंकि देश के लोग महात्मा गांधी पुण्यतिथि मनाते हैं। महात्मा गांधी को पूरे देश में शांति और अहिंसा का अभ्यास करने के लिए लोगों को प्रभावित करने के लिए जाना जाता है। उन्होंने भारत में कई स्वतंत्रता आंदोलनों का नेतृत्व किया और उनमें योगदान दिया, जिसमें असहयोग आंदोलन, सविनय अवज्ञा आंदोलन, खिलाफत आंदोलन, भारत छोड़ो आंदोलन और चंपारण सत्याग्रह शामिल हैं। 1930 में उन्होंने नमक सत्याग्रह भी शुरू किया और गुजरात में साबरमती आश्रम से दांडी तक एक मार्च निकाला। महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर पूरे देश में प्रार्थनाएं की जाती हैं। सरकारी अधिकारी, नेता और नागरिक देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले स्वतंत्रता सेनानियों के स्मारकों और प्रतिमाओं पर इकट्ठा होकर उन्हें श्रद्धांजलि देते हैं। शहीद दिवस के एक महत्वपूर्ण अनुष्ठान में शहीदों द्वारा किए गए सर्वोच्च बलिदान को याद करने और उनके योगदान के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए दो मिनट का मौन रखना भी शामिल है।

### पर्यटन

# मात्र तीस हजार में वियतनाम में सात दिन

समीर चौधरी

**यतनाम की पर्यटन अर्थव्यवस्था अकारण ही महिलाओं पर निर्भर नहीं है। वह खुशमिजाज, हाज़िर जवाब, स्मार्ट-सेल्सगर्ल और दोस्ताना स्वभाव की हैं। साथ ही वह महान क्रिस्सागो (कहानी सुनाने वाली) भी हैं और उन सीक्रेट्स को शेयर करती हैं, जो गाइड बुक्स में नहीं हैं। इससे भी महत्वपूर्ण यह है कि वे कड़ी मेहनत करने वाली हैं और उन्होंने उस देश में समता हासिल की है, जिसने अलग दिशा में ले जाने वाले दृष्टिकोणों से मुक्त होकर नया जन्म लिया है।**

- इमेज

मुझे अभी तक यकीन नहीं हो रहा है कि मैंने इस नए साल 2025 की अपनी पहली विदेश यात्रा मामूली बजट में मुकम्मल कर ली। मैं पूरे एक सप्ताह तक वियतनाम में रहा और आप विश्वास कीजिए मात्र 30,000 रुपए में। हां, इसमें फ्लाइट का खर्चा शामिल नहीं है, लेकिन वह भी इतना नहीं था कि जेब पर बोझ महसूस होता। बजट पर यात्रा करने का हमेशा यह अर्थ नहीं होता है कि आप आराम या स्वादिष्ट भोजन का त्याग कर दो। मेरी यात्रा बहुत आरामदायक रही और मैंने वियतनाम के स्थानीय फूड का भरपूर आनंद लिया। दरअसल, स्ट्रेटेजिक योजना और संयम के कारण मैं एक यादगार यात्रा का मजा ले सका, अपनी जरूरतों को पूरा कर सका और सब काम बहुत सस्ते में भी हो गया। दक्षिण-पूर्व एशिया के इस देश में मैंने अति सुंदर जगहों को देखा और लैंटर्न से जगमगाती सड़कों पर घूमने से लेकर स्वादिष्ट परम्परागत वियतनामी फूड का सेवन किया। वियतनाम में अपनी सात दिन की दिनचर्या को बताने से पहले इस देश की कुछ खास बातों का स्मरण कराना मैं जरूरी समझता हूं। वियतनाम की संस्कृति व पर्यटन पूर्णतः महिलाओं पर निर्भर है। भले ही फ्रेंच शासकों ने वियतनाम से कॉफी का परिचय कराया हो, लेकिन आज वियतनाम कॉफी बीन्स का दूसरा सबसे बड़ा निर्यातक है, महिलाओं ने उसे देशज बना लिया है और वह दही, नारियल दूध, अंडों और हद तो यह है कि फलों के साथ उसे सर्व करती हैं। इससे किक इस लिहाज से मिलती है क्योंकि महिलाएं कॉफी को राइस वाइन, नमक व मक्खन के साथ रोस्ट करती हैं। गाढ़ा दूध का चलन मजबूरी में हुआ; क्योंकि 20वीं शताब्दी के उत्तरार्ध में युद्धों (पहले फ्रेंच साम्राज्यवाद से और फिर अमेरिका से) के दौरान ताज़े दूध की कमी पड़ गई थी। वियतनाम में स्ट्रीट फूड्स के खोखों पर छोटे-साइज की कुर्सियों रखी रहती हैं, जिन पर पलौथी मारकर भोजन करना हाजमे के लिए बहुत अच्छा रहता है। वियतनाम की पर्यटन अर्थव्यवस्था अकारण ही महिलाओं पर निर्भर नहीं है। वह खुशमिजाज, हाज़िर जवाब, स्मार्ट-सेल्सगर्ल और दोस्ताना स्वभाव की हैं। साथ ही वह महान क़िस्सागो (कहानी सुनाने वाली) भी हैं और उन सीक्रेट्स को शेयर करती हैं, जो गाइड बुक्स में नहीं हैं। इससे भी महत्वपूर्ण यह है कि वे कड़ी मेहनत करने वाली हैं और उन्होंने उस देश में समता हासिल की है, जिसने अलग दिशा में ले जाने वाले दृष्टिकोणों से मुक्त होकर नया जन्म लिया है। लेकिन उनका विशिष्ट गुण आत्मविश्वास और गर्व है। यहां हर महिला के पास बाइक है, परिवार की आय में आधा योगदान करती है और कोई छोटा व्यापार चलाती है। 18 से 80 साल तक की महिलाएं फ़ूड खोखा, कार्ट, कैफ़े, शॉप और बुटीक चलाती हैं। हां, अस्सी साल की महिलाएं! हनोई के पर्यटन ज़िले में होअन कीम झील के पास आधी रात में चहलकदमी करते हुए मुझे यह दांत रहित दादियां रसभरे फल, हाथ से बनी आइसक्रीम अपनी साइकिल कार्ट्स पर बेचती हुई मिलीं। उनकी दिल जीतने वाली मुस्कान मुफ़्त में मिली, जबकि मैंने उनकी कार्ट पर से कुछ खरीदा भी नहीं था। सैलून मालिक सुबह 2 बजे तक सेवाएं प्रदान करती हैं और स्वयं फुट मसाज करती हैं। बहरहाल, वियतनाम में मैं क्यूट होटलों और बुटीक होटलों के मिश्रण में ठहरा। उनमें रहते हुए मुझे अपने पैसे का मूल्य मिला। मुझे एक बार भी ऐसा महसूस नहीं हुआ कि मैंने स्टाइल या आराम से कोई समझौता किया है। मैं हो ची मिंह सिटी में मेंडर, होई अन में आइवी होटल में और डा नंग में सोफिअना माय खे में ठहरा। मैं इन्हीं होटलों में ठहरने का सुझाव दूंगा। यह सस्ते भी हैं और आरामदायक भी। वियतनाम में रेस्तरां सिर्फ सस्ते ही नहीं हैं बल्कि सुंदर, ट्रेंडी और शानदार हैं। आप कल्पना कीजिये कि होई अन की नौरिश ईट्री में मैंने अण्डों व ताज़ा नारियल के साथ अवोकेडो टोस्ट का एक बड़ा सा टुकड़ा मात्र 480 रुपए में खाया। जब स्थानीय फूड खाया तो वह इससे भी सस्ता पड़ा। वियतनाम में टैक्सी भी सस्ते में और आसानी से मिल जाती है। मसलन हो ची मिंह में एयरपोर्ट से अपने होटल तक मैं मात्र 300 रूपये में पहुंच गया और इस शहर के अधिकतर पर्यटक स्थलों तक हर बार जाने में मुझे कभी भी 100 रूपये से अधिक नहीं देने पड़े। अपनी यात्रा के पहले दिन मैं हो ची मिंह सिटी में उतरने के बाद मैं न्गुयेन ह्यू स्ट्रीट और द कैफ़े अपार्टमेंट गया था। दूसरे दिन भी मैं हो ची मिंह में ही रहा और साइगॉन सेंट्रल पोस्ट ऑफिस, तान दिन्ह पिंक चर्च और बुक स्ट्रीट गया। तीसरे दिन मैंने डा नंग के लिए फ्लाइट ली और फिर टैक्सी से होई अन गया। यह प्राचीन शहर है। यहां की दर्जी की दुकानों पर आपको कस्टम कपड़े मिल जायेंगे। मोमेंट्स होई अन में मैंने नारियल कॉफ़ी का आनंद लिया और फिर जब शाम को सूरज डूब रहा था तो लैंटर्न बोट में सफर किया; आनंद आ गया, ग़ज़ब का समा था। चौथे दिन मैं टैक्सी से वापस डा नंग आया और माय खे बीच क्षेत्र में ठहरा।

## गीता सार



**यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।**
**अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं**
**सृजाम्यहम् ॥४-७॥**
**-: हिंदी भावार्थ :-**

हे भारत! जब-जब धर्म की हानि और अधर्म की वृद्धि होती है, तब-तब मैं अपने (साकार) रूप को रचता हूं ॥7॥

## बोले तो...



महाकुंभ में हुआ हादसा अत्यंत दुखद है। जिन श्रद्धालुओं ने अपने परिजनों को खोया है, उनके प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। मैं सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। स्थानीय प्रशासन पीड़ितों की हरसंभव मदद में जुटा हुआ है। मैं लगातार राज्य सरकार के संपर्क में हूं।

- नरेन्द्र मोदी



जब मैं कप्तान था तो मेरे लिए शांत रहना आसान था, लेकिन एक प्रशंसक के तौर पर चैंपियंस ट्रॉफी देखना आसान नहीं होगा। हमारी टीम काफी मजबूत है, लेकिन अगर हम एक भी मैच हारे तो टूर्नामेंट से बाहर होने की कगार पर पहुंच जाएंगे। लगातार चिंता से तापमान बढ़ रहा है।

- महेन्द्र सिंह धोनी



महाकुंभ में अव्यवस्थाजन्य हादसे में श्रद्धालुओं के हताहत होने का समाचार बेहद दुखद है। सरकार से अपील है कि गंभीर घायलों को एयर एंबुलेंस की मदद से निकटतम सर्वश्रेष्ठ हॉस्पीटलों तक पहुंचाकर तुरंत चिकित्सा व्यवस्था की जाए। शवों को उनके निवास स्थान तक भेजने का प्रबंध हो।

- अखिलेश याादव

## कुछ अलग | अजब गजब

# आंख से गिर रहे थे आंसू, सीटी स्कैन से देखा तो अंदर मिली तीन इंच लंबी चॉपस्टिक

अगर हमारे शरीर के सबसे सेंसिटिव पार्ट की बात की जाए तो वो आंख ही होती है। अक्सर आपने देखा होगा कि अगर आपकी आंख में छोटा सा तिनका भी चला गया तो उसमें जलन, खुजली जैसी तकलीफ होने लगती है। ये तकलीफ इंसानों की आंखों में उस समय तक होती है, जब आंख के अंदर धंसी चीज बाहर ना निकल जाए। हालांकि कई बार हमारी बॉडी उतनी जल्दी रिएक्ट नहीं करती है, लेकिन इन दिनों इसी आंख को लेकर एक ऐसी कहानी सामने आई है। जहां आंख में एक तीन इंच की चीज घुस गई थी। जिसे देख डाक्टर भी काफी ज्यादा हैरान नजर आ रहे थे। ऑडिटी सेंट्रल में आई रिपोर्ट के माने तो वियतनाम की Can Tho University of Medicine and Pharmacy में एक 24 साल का लड़का अपनी आंख में दर्द की शिकायत लेकर पहुंचा। जब डाक्टरों ने उसकी आंखों की जांच की तो उन्हें उसकी आंख में अलग ही लेवल की चीज नजर आई। जिसको लेकर डाक्टर ने जब उससे सवाल-जवाब किया तो उसने बताया कि उसे हल्का-हल्का दर्द है। लेकिन उसको दिखने में कोई दिक्कत नहीं हो रही है।

**मवाद निकलने के कारण गहरा शक**

प्रोविंस का रहने वाला ये लड़का अपनी सूजी आंख लेकर डाक्टर के पास पहुंचा और अपनी बाईं आंख



दिखाते हुए बोला कि इसके पास उसे काफी ज्यादा दर्द और सूजन था। पहले तो डाक्टर चीजें सामान्य लगी क्योंकि लड़के का विजन भी एकदम सामान्य था। हालांकि डाक्टर को आंखों से मवाद निकलने के कारण शक गया। जब इसकी जांच की गई तो दिखा कि लड़के के चॉपस्टिक का तीन इंच का टुकड़ा आंख के पीछे गड़ा हुआ मिला। डाक्टरों ने बताया कि ये साइनस वॉल से होते हुए आंख के सॉफ्ट टिश्यूज में जाकर धंस गया था। लड़के को इस बात की कोई जानकारी ही नहीं थी कि वो उसकी आंख में कैसे घुसा है। हालांकि दिमाग पर जोर डालने के बाद उसने बताया कि उसे इसके बारे में ज्यादा याद तो नहीं लेकिन एक पार्टी में मेरी झड़प हो गई थी और सामने वाले ने मुझ पर शायद उस समय चॉपस्टिक से हमला कर दिया था। डाक्टरों ने बहुत ही सावधानी से उसे टुकड़े को आंख से बाहर निकाला और घाव को साफ कर दिया। इस पूरे केस में गनीमत की बात तो ये रही कि लड़के की आंख बच गई।

## पाठक पाती

### चुनाव की वैकल्पिक प्रणाली

अपने देश में बहुदलीय चुनाव प्रणाली है। इसके चलते करीब 35% वोट पानेवाला दल भी अक्सर बहुमत पा लेता है। प्रायः 60-65% मतदाता ही मतदान में हिस्सा लेते हैं। इस तरह कुल मतदाताओं के करीब 20-25% हिस्से का मत पाकर ही सत्ता में आया जा सकता है। इस विसंगति के लिए बहुदलीय प्रणाली को दोष दिया जाता है, लेकिन क्या दो-दलीय प्रणाली इस समस्या का हल हो सकती है? मान लीजिए कि एक देश में दो ही दल हैं, जिनका नाम क्रमशः 'अ' और 'ब' है। इस देश में 100 सीटें हैं। शत-प्रतिशत मतदान होता है, कोई भी मत अवैध नहीं होता है। मान लीजिए कि दल 'अ' को 51 सीटों पर 51% वोट प्राप्त होता है और बाकी सीटों पर शून्य वोट प्राप्त हुआ। इस तरह 'अ' को 51 सीटें मिल जाएगी। यानी महज 26-27% मत पाकर ही 'अ' दल चुनाव जीत जाएगा, जबकि 'ब' 73-74% वोट पाकर भी चुनाव हार जाएगा। इस पद्धति में अगर पार्टी 'अ' को 40% वोट मिलता है तो उसे 40 सीटें मिलेंगी तथा पार्टी 'ब' को बाकी 60% वोट मिलता है तो उसे 60 सीटें मिलेगी।

- संदीप कुमार, मधुपुर (झारखंड)

पाठकनामा के लिए आप भी हमें अपने विचार ई-मेल या फैक्स द्वारा भेज सकते हैं।
ई-मेल jagruktimes@gmail.com

# छात्राओं को दी यातायात नियमों की जानकारी

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** वैदिक कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय में यातायात पुलिस की ओर से सड़क सुरक्षा माह के तहत छात्राओं को नियमों की जानकारी दी गई। यातायात प्रभारी एएसआई कृष्णाराम, हैड कांस्टेबल वागाराम ने कक्षा 11वीं एवं 12वीं की बालिकाओं को यातायात का उपयोग करते समय बरतने वाली सावधानियों की जानकारी देते हुए यातायात नियमों की पालना की अपील की। प्रधानाचार्य सुमन शर्मा ने समय-समय पर इस प्रकार की जानकारी से अवगत कराने के लिए थाना अधिकारी व उनकी टीम का धन्यवाद दिया। इधर महाराणा प्रताप सर्किल पर बुधवार को आबू मार्बल एसोसिएशन की तरफ से निःशुल्क हेलमेट वितरण किया गया। तहसीलदार, एसोसिएशन के सदस्यों व रीको थानाधिकारी ने आरसी व लाइसेंसधारी दुपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनाए। एसोसिएशन की ओर से प्रशासन को 50 हेलमेट उपलब्ध करवाए गए। रीको के वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबंधक मनोज त्यागी, रीको थानाधिकारी लक्ष्मणसिंह चंपावत, आबू मार्बल एसोसिएशन के अध्यक्ष भगवान अग्रवाल, सचिव रमन बंसल, कोषाध्यक्ष रामप्रताप चौधरी, अनिल यादव, लघु उद्योग भारती के अध्यक्ष प्रद्युम्नसिंह भाटी, अरविंद बंसल, ओमप्रकाश अग्रवाल समेत अन्य उद्यमी मौजूद थे।



**पिण्डवाड़ा।** माधव विवि, एम्स माधव अस्पताल एवं एनएचआईटी के संयुक्त तत्वावधान में सड़क सुरक्षा को लेकर दो दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन माधव विवि में किया गया। एनएसएस के निदेशक डॉ. देवेंद्र मुजाल्दा ने बताया कि इस कार्यक्र म के दौरान सड़क सुरक्षा के महत्व को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पोस्टर प्रतियोगिता, नक्कड़ नाटक और अन्य कई गतिविधियों का आयोजन किया गया। इसके अतिरिक्त छात्रों को अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन के नीलेश परमार ने सीपीआर (कार्डियो पल्मोनरी रेससिटेशन) प्रशिक्षण से भी अवगत कराया गया। विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर आने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित भी किया गया। इस पहल के जरिए न केवल सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाई गई, बल्कि छात्रों को जीवन रक्षक तकनीकों के बारे में भी जानकारी दी गई। जिससे वे सड़क हादसों में दूसरों की मदद कर सकें। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के चेयरपर्सन हिम्मतसिंह देवल ने की। मुख्य अतिथि एनएचआईटी के प्रोजेक्ट मैनेजर शैलेंद्रसिंह राजपूत व विशेष अतिथि रोहिड़ाथाना माया पंडित, हरिचरण मिश्रा, परिवहन अधिकारी आबूरोड ईश्वर कोहली, विवि के प्रेसिडेंट डॉ राजीव माथुर, रजिस्ट्रार डॉ. भावेश कुमावत, कॉरिडोर प्रबंधक बिपिन मेवाड़ा, एनएचआईटी के सुरक्षा अधिकारी ब्रजेश पांडे, उडवारिया टोल प्लाजा एनएचआईटी के प्लाजा प्रबंधक आजाद शर्मा, इंस्पेक्टर रणवीरसिंह, राजेश कुमार तिवारी, खेमनान टोल प्लाजा एनएचआईटी के प्लाजा प्रबंधक सुनील कुमार शुक्ला मौजूद रहे। अतिथियों को हनुमान की प्रतिमा देकर सम्मान किया। रजिस्ट्रार डॉ भावेश कुमावत में सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। भरत कश्यप समेत कई जने मौजूद थे।



## आरएएफ के असिस्टेंट कमांडेंट ने की सीएलजी सदस्यों से चर्चा



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**रोहिडा।** आरएएफ के असिस्टेंट कमांडेंट राजेश कुमार तिवारी के नेतृत्व में परिचित अभ्यास के लिए थाने में सीएलजी की बैठक का आयोजन किया गया। थानाधिकारी माया पंडित के सहयोग में परिचित अभ्यास किया। जिसमें सीएलजी सदस्य, पुलिस मित्र,सुरक्षा सखी ओर आम नागरियों को आपदा के समय में बचाव की जानकारी दी। इसके बाद माधव विवि के छात्रों से संवाद कर विवि कैंपस में पौधारोपण किया। थानाधिकारी माया पंडित, विवि के रजिस्ट्रार प्रिंसिपल और हेड कांस्टेबल रोहिताश सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## पेड़ से लटका मिला युवक का शव

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** फतेहपुरा के जंगल में युवक का शव पेड़ से लटका हुआ मिला। सूचना मिलने पर गिरवर चौकी से पुलिस मौके पर पहुंची। पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। सदर पुलिस के अनुसार फतेहपुरा के घने जंगल में एक पेड़ से युवक का शव लटके होने की सूचना मिली। इस पर गिरवर चौकी से जाब्ता मौके पर पहुंचा। मृतक की पहचान चंदू पुत्र हूंसा गरासिया के रुप में हुई। लोगों की मदद से शव को नीचे उतरवाया गया। आबूरोड मोर्चरी में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया।

## प्रतिभा सम्मान समारोह एवं भजन संध्या कल



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**गोयली।** पालडी आर में संत नगाजी महाराज एवं उनकी पत्नी की जीवित समाधि स्थल पर शुक्रवार को मेले के दौरान प्रतिभाओं का सम्मान भी किया जाएगा। रात को भजन संध्या का आयोजन होगा।

# एमओयू को धरातल पर उतारने के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** जिला कलेक्टर अल्पा चौधरी की अध्यक्षता में विवाद एवं शिकायत निवारण तंत्र के तहत गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक मंगलवार को जिला परिषद् सभागार में आयोजित की गई। बैठक में सर्वप्रथम जिले में सिलिकोसिस की समस्या से निजात पाने के लिए इंडियन कौंसिल फॉरमेडिकल रिसर्च से सम्बन्ध नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ ऑक्यूपेशनल हेल्थ की अहमदाबाद इकाई से डॉ. मिहिर रुपानी ने जिले में सर्वे करने तथा नियंत्रण के उपाय सुझाने के सम्बंध में उनके प्रोजेक्ट की विस्तार से जानकारी दी। जिला कलेक्टर ने स्टोन कार्विंग के कार्य में लगी हुई सभी औद्योगिक इकाईयों को टीम का सहयोग करने तथा सिलिकोसिस पर स्टडी में सहयोग करने के निर्देश दिए। आबूरोड औद्योगिक संघों के द्वारा जिले के ओडीओपी प्रोडक्ट में मार्बल स्टोन आर्टिकल की जगह पर सभी तरह के स्टोन को शामिल करने की मांग की। भगवान अग्रवाल ने जिला कलेक्टर को अवगत कराया कि वर्तमान में उनके पास डंपिंग करने के लिए औद्योगिक क्षेत्र में कोई यार्ड खाली नहीं है अतः नजदीक में खाली पड़ी राजकीय भूमि पर अस्थायी डंपिंग की अनुमति दी जाए। जिला कलेक्टर ने अतिरिक्त जिला कलेक्टर



से मामले में रिपोर्ट प्राप्त कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। जिला उद्योग केंद्र के सहायक आयुक्त अनंत आर्य ने बैठक में राज्य सरकार की एक्सपोर्ट प्रमोशन पालिसी 2024 तथा राजस्थान एकीकृत क्लस्टर विकास नीति की जानकारी प्रदान की तथा जिले से एक्सपोर्ट को बढ़ावा देने के लिए सभी उद्योग संघों से सुझाव मांगे। राइजिंग राजस्थान के तहत राज निवेश पोर्टल पर प्राप्त सभी एमओयू प्रस्तावों को धरातल पर उतारने और प्रगति का रियल टाइम डाटा पोर्टल पर अपडेट करने के सम्बन्ध में सभी विभागों के अधिकारियों के साथ चर्चा की गई। जिला कलेक्टर ने 31 जनवरी तक भूमि उपलब्धता की जानकारी वाले माइल स्टोन को पोर्टल पर अपडेट करने के लिए निर्देशित किया। एमओयू करने वाले निवेशकों सुरेश कुमार माली और हसमुख भाई श्रीमाली ने अपनी समस्या से जिला कलेक्टर को अवगत कराया। अतिरिक्त जिला कलेक्टर एवं अन्य जिलास्तरीय अधिकारियों के साथ आबू मार्बल एसोसिएशन के भगवान अग्रवाल, लघु उद्योग भारती आबूरोड के अध्यक्ष प्रद्युम्नसिंह भाटी एवं सारणेश्वर उद्योग संघ सिरोही से मदन मालवीय उपस्थित रहे।

## स्टेशन महोत्सव आज

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** रेलवे स्टेशन पर गुरुवार शाम चार बजे स्टेशन के गौरवमयी इतिहास को उत्सव स्वरूप मनाया जाएगा। स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में स्टेशन महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक बीसीएस चौधरी के अनुसार गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति मे कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

## ट्रेफिक ब्लॉक से रेल यातायात प्रभावित

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** ट्रेफिक ब्लॉक से रेल यातायात प्रभावित रहेगा। दौलतपुर चौक-साबरमती रेलसेवा रीशडयूल रहेगी। उत्तर रेलवे द्वारा सरहिंद-दौलतपुर चौक रेलखण्ड के मध्य स्थित आनन्दपुर साहिब-नंगल डैम स्टेशनों के मध्य तकनीकी कार्य के लिए 4 फरवरी को ट्रेफिक ब्लॉक लिया जा रहा है। इससे रेल यातायात प्रभावित रहेगा। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार उपरोक्त कार्य से उत्तर पश्चिम रेलवे पर संचालित गाड़ी संख्या 19412, दौलतपुर चौक-साबरमती रेलसेवा दौलतपुर चौक से 4 फरवरी को अपने निर्धारित समय से 1 घंटा 20 मिनट की देरी से प्रस्थान करेगी।

## बाइक चालकों को पहनाए हेलमेट

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** सड़क सुरक्षा माह अभियान के तहत भंसाली पॉलीमर्स लिमिटेड, जिला प्रशासन व पुलिस द्वारा बुधवार शाम को बस स्टैंड के सामने बाइक चालकों को हेलमेट पहनाए गए। यातायात नियमों की पलना करने की नसीहत दी गई। इस दौरान आबूरोड एसडीएम शंकरलाल मीणा, शहर कोतवाल हरचंद



देवासी, यातायात प्रभारी एएसआई किशनाराम, हेड कांस्टेबल किशोरीलाल आदि मौजूद थे।

## अज्ञात वृद्ध का शव मिला

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** बस स्टैंड पर गुरुवार शाम को वृद्ध का शव पड़ा मिला। सूचना मिलने पर शहर पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक की पहचान नहीं होने पर शव को मोर्चरी में रखवाया। पुलिस के अनुसार बस स्टैंड पर वृद्ध का शव पड़ा मिला। मृतक की पहचान नहीं हो सकी। इस पर शव को मोर्चरी में रखवाया गया।

## रक्तदान शिविर आज

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** नवयुवक बैरवा मंडल की ओर से गुरुवार को स्वैच्छिक रक्त दान शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी अध्यक्ष प्रेमशंकर कारोल ने दी।

# धूमधाम से मनाया वार्षिकोत्सव

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**रेवदर।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय दोलपुरा में वार्षिकोत्सव, पुरस्कार वितरण एवं भामाशाह सम्मान समारोह-2025 का आयोजन किया गया। विधायक मोतीराम कोली का मुख्य आतिथ्य, उपखंड अधिकारी सुबोधसिंह चारण की अध्यक्षता, प्रधानाचार्य राजविरेंद्रसिंह राजपुरोहित, सरपंच सुशीला देवी कोली, पटेल लखमाराम कोली, पूर्व सरपंच भूराराम कोली, उपसरपंच कसनाराम कोली, पूनमाराम पटेल रामपुराखेड़ा के विशिष्ट आतिथ्य में मनाया गया। संचालन वरिष्ठ अध्यापक मनोज नालिया के ने किया। विधायक मोतीराम कोली ने शानदार आयोजन की प्रशंसा करते हुए विद्यालय प्रबंधन और कार्यक्रम के भामाशाहों व ग्रामवासियों का आभार व्यक्त किया।



उपखंड अधिकारी सुबोधसिंह चारण ने कहा कि प्रत्येक माता-पिता व अभिभावक को बालकों के साथ-साथ बालिकाओं को भी शिक्षा के लिए विद्यालय भेजना चाहिए। इसके बाद विद्यालय की प्रतिभा एवं भामाशाहों तथा कूक कम हेल्पर का सम्मान किया। विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी। व्याख्याता गौरव कामरा, बलदेव मीणा, वरिष्ठ अध्यापक तुलसीराम सैनी, बाबूलाल मीना, भवानीसिंह, सुंदर परमार, शिक्षक शैतान सिंह देवड़ा, राजेश कुमार, प्रदीप गर्ग, पिंकी जांगिड़, सोनाराम कोली, रत्ती लाल, रामाराम, किशोरराम चौधरी, सुरेश बुल्डक, भूराराम, रामावतार गुर्जर, हिदाराम देवासी, ममता मुवाल, सीताराम गरासिया, सतीश कुमार, जगसीराम कोली, भरत कुमार कोली, बाबूलाल कोली, गणेश कोली, अनूप कुंतल, नारायणलाल चौधरी, मूलाराम सहित विद्यालय के भामाशाह ओमप्रकाश कोली, कृष्ण कुमार, छगनलाल, भरत कुमार, गन्ने खान, लक्ष्मण कोली, हरीश कुमार, शंकर लाल, श्रवण कुमार, नरिंगाराम, रमेश कुमार, मालाराम कोली, रणछोड़राम, जगसीराम, आलाराम, गेमाराम



कोली, भेमाराम आदि मौजूद थे। कार्य म में गत सत्र के 23 राज्यपाल अवार्डी व 36 मिनी जंबूरी में सहभागिता करने वाले स्काउट बालचरों सहित कुल 250 से अधिक विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र, मोमेन्टो व इनाम से सम्मानित कर उत्साहवर्धन किया गया। इधर महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में सांसद लुम्बाराम चौधरी के मुख्य आतिथ्य, जिला प्रमुख अर्जुनराम पुरोहित, जिला परिषद सदस्य मगनलाल कोली, सरपंच अजबाराम चौधरी, गणेश सहकारी समिति अध्यक्ष हरिसिंह देवड़ा, प्रदेश मंत्री प्रकाश मेघवाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष हरीश लौहार एवं सीबीईओ अन्नाराम मोबारसा की उपस्थिति में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य ने अतिथियों का स्वागत कर प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। सांसद चौधरी ने विद्यालय में दो कक्षा कक्ष बनवाने की घोषणा कर प्रदेश एवं केन्द्र सरकार की योजनाओं की जानकारी साझा की। जिला प्रमुख अर्जुनराम पुरोहित ने विद्यालय में शौचालय एवं ट्यूबवेल की घोषणा की। बालिकाओं ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियां दी। विद्यालय के प्रतिभावान विद्यार्थियों को राज्य सरकार की योजना के तहत पीसी टेबलेट वितरित किए।

## न्यूज़ ब्रीफ

### सोसायटी की समस्याओं के समाधान की मांग



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**रेवदर।** गणेश ग्राम सेवा सहकारी समिति लिमिटेड के अध्यक्ष हरिसिंह देवड़ा ने सांसद लुंबाराम चौधरी के रेवदर आगमन के दौरान सोसायटी की विभिन्न समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन। ज्ञापन में बताया कि पिछ्ले 6 महिनों से रेवदर सोसायटी में यूरिया खाद्य नहीं आने से किसानों को भारी समस्या हो रही है। यूरिया खाद्य नहीं मिलने से किसानों को बाजार में मजबुरी में महंगे दाम देकर यूरिया खरीदना पड़ रहा है। फसली बीमा साल में दो बार कंपनी द्वारा वसूल किया जाता है लेकिन फसले खराब होने के बावजूद भी मुआवजा नहीं मिलता है जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। इसी क्रम में सांसद लुंबाराम चौधरी के करोटी पहुंचने पर ग्रामीणों ने स्वागत कर समस्या समाधान की मांग को लेकर ज्ञापन दिया। ग्रामीणों ने मकावल के बुटड़ी से भेरूगढ़ तक (मिसिंग लिंक योजना) पक्की सड़क की मांग, बुटडी में आंगनवाड़ी भवन निर्माण, सिरोही डिपो से रेवदर, मकावल, वाया भटाणा, कपासिया होते हुए पालनपुर के लिए सुबह शाम राजस्थान रोडवेज बस सेवा चालू करने, पाली डिपो से अहमदाबाद आने जाने वाली रोडवेज बस सेवा दो-तीन महीने से बंद है। जिससे भटाणा, कपासिया रूट के लिए आने जाने वाले यात्री को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, पाली डिपो से अहमदाबाद आने जाने के लिए रोडवेज बस सेवा फिर से शुरु करवाने की मांग की।

### जिला स्तरीय सीनियर प्रतियोगिता आयोजित



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** सॉफ्टबॉल की सीनियर स्टेट प्रतियोगिता हनुमानगढ़ जिले में 2 से 5 फरवरी के मध्य होगी। इसी के तहत 28 से 29 जनवरी तक रेलवे ग्राउंड में सॉफ्टबॉल की जिला स्तरीय प्रतियोगिता हुई। सॉफ्टबॉल के कोच धर्मेंद्र शाक्य व प्रवीणसिंह देवड़ा के अनुसार बॉयज वर्ग में 8 व गर्ल्स वर्ग में 6 टीमों ने भाग लिया। जिसमें किवरली प्रथम व वास क्लब द्वितीय रही। गर्ल्स में पोसालिया क्लब प्रथम व वास क्लब द्वितीय रही। महिला कोच व पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी श्रीमती गजराज कंवर के अनुसार सर्वश्रेष्ठ 12 बालक व 12 बालिकाओं का चयन किया गया। यह जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए हनुमानगढ़ में प्रदर्शन करेंगे। मुकुल भटनागर, अभिषेक शर्मा, प्रवीनसिंह, देवराजसिंह, दीपेश आदि उपस्थित थे।

### न्यायालय के आदेश पर सुपुर्द करवाया पशुधन

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** उच्च न्यायालय के आदेश पर पिंडवाड़ा पुलिस ने पीपल फॉर स्ट्रीट डॉग सोसायटी से पशु मालिक को पशुधन दिलवाया। पुलिस थाना पिण्डवाड़ा ने पशु क्रूरता अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर पशुधन पाडे पीपल फॉर स्ट्रीट डॉग सोसायटी चांदनी खंडेलवाल के एनजीओ को देखभाल के लिए सुपुर्द किया था। जिस पर प्रार्थी दीना भाई रेबारी की ओर से अधिवक्ता रहीश कुरैशी ने पैरवी कर पिंडवाड़ा न्यायायिक मजिस्ट्रेट की कोर्ट मे पशुधन छुड़ाने की प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। न्यायालय ने उक्त पशुधन प्रार्थी को देने के आदेश किए थे। लेकिन, पीपल फॉर स्ट्रीट डॉग सोसायटी चांदनी खन्डेलवाल ने पशुधन देने से इंकार कर दिया। जिस पर प्रार्थी ने राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर मे पिटिशन दायर की। राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर ने सुनवाई कर पुलिस अधीक्षक को 24 घंटे में प्रार्थी को पशुधन सुपुर्द करने के आदेश किए। साथ ही भविष्य मे किसी भी प्रकार का सजीव एवं निर्जीव सामान एनजीओ पीपल फॉर स्ट्रीट डॉग सोसायटी चांदनी खंडेलवाल को देने पर रोक लगा दी है। न्यायालय आदेश की पालना कर पिंडवाड़ा पुलिस मय जब्ता खंडेलवाल के घर पहुंची। प्रार्थी को उसका पशुधन सुपुर्द किया।

### बाइक पर गांजा परिवहन करते दो गिरफ्तार



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** रीको पुलिस ने बाइक पर गांजा परिवहन करते दो युवकों को गिरफ्तार कर गांजा बरामद किया। रीको थानाधिकारी लक्ष्मणसिंह चम्पावत के नेतृत्व में टीम गठित टीम ने अमरनाथ महादेव मार्ग पर नाकाबंदी की गई। उसी दौरान दो व्यक्ति पर सवार होकर आए। जिनको रोककर उनकी जांच की तो उनके पास से प्लास्टिक के कटटे में 2 किलो 55 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया। इस दौरान पुलिस ने उदयपुर के मांडवा थाना के बीचलीफली उमरी पादर निवासी नुरियाराम उर्फ नरेश पुत्र लादूराम गमेती व गुलाब पुत्र रामा गरासिया को गिरफ्तार बाइक जब्त की।

# कलेक्टर टीना डाबी से हेलीकॉप्टर की डिमांड

- फरियादी बोला-घर आने-जाने का रास्ता नहीं

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाड़मेर।** बाड़मेर जिला कलेक्टर टीना डाबी की रात्रि चौपाल में अजीबो-गरीब एक फरियादी पहुंचा। खुद के घर जाने के लिए रास्ता नहीं होने पर मैडम से हेलिकॉप्टर की व्यवस्था करवाने की मांग कर दी। बोला घर जाने के लिए कोई रास्ता नहीं है। एक रास्ता जो बंद कर दिया गया, अब या तो रास्ता खुलावा दे वरना हेलिकॉप्टर की व्यवस्था कर दीजिए। इस दौरान एसडीएम बद्रीनारायण विश्नोई ने पूछा कि इससे पहले हमारे पास कोई नहीं आए। तब पीड़ित बोला मैं कई बार आपके पास और राजस्व अधिकारियों के पास भी गया, लेकिन समाधान नहीं हुआ।





### कलेक्टर के आश्वासन बाद माना फरियादी

कलेक्टर टीना डाबी मंगलवार को रात्रि चौपाल के लिए सेड़वा पहुंची। वहां पर लोगों की परिवेदनाएं सुनी। कलेक्टर ने भी पीड़ित को समझाया कि आपकी समस्या का हल कर दिया जाएगा। इसके बाद पीड़ित माना और वहां से आगे बढ़ा।

### सेड़वा में टीना डाबी ने सुनीं जनसमस्याएं

दरअसल, जिला कलेक्टर टीना डाबी की सेड़वा उपखंड मुख्यालय पर रात्रि चौपाल चल रही थी। कलेक्टर परिवादियों की परिवेदनाएं सुना रही थीं। इस दौरान बाधा जोरापुरा गांव निवासी मांगीलाल पुत्र हुकमाराम परिवाद लेकर पहुंचा। उसमें हेलिकॉप्टर की व्यवस्था करवाने को लेकर लिखा हुआ था। उसमें लिखा कि मेरे घर पर आने-जाने के लिए कोई व्यवस्था नहीं है। मेरी फसलें खेत में पड़ी है। उसको वहां से कहीं ले जा नहीं सकता, घर में अगर कोई बीमार हो जाता है तो उनको गाड़ी में नहीं ले जा सकते है उसको चारपाई पर उठाकर ले जाना पड़ता है।

### 'रास्ते में पीटीआई ने लगा दी फसल'

पीड़ित ने आरोप लगाया है कि प्राइमरी स्कूल फुलासर से खंगारोंणी डइयालों की ढाणी तक पैमाइश के समय से रास्ता कटान है। मैंने एसडीएम को खुलवाने के लिए प्रार्थना-पत्र पेश किया था। तब पुलिस की मदद से रास्ता खुलवाया गया था, लेकिन रास्ते पर टीचर खेराजराम पुत्र कानाराम पीटीआई ने अतिक्रमण कर लिया है, तथा रास्ते की भूमि पर जीरा की फसल लगा दी। एसडीएम बद्रीनारायण विश्नोई ने कहा कि इस पूरे मामले की जांच करेंगे। साथ ही शिक्षा विभाग को पीटीआई को पाबंद करने के निर्देश दिए है। सात-आठ दिन में रास्ता खुलवाने का पीड़ित को आश्वासन दिया।

### '50 साल से बना हुआ घर'

फरियादी मांगीलाल ने बताया- मेरे जन्म से पहले से हमारा घर बना हुआ है। करीब-करीब 50 साल हो गए है। मेरा घर भारत माला हाईवे (सेड़वा से बाखासर) से आधा किलोमीटर दूर है। कटान रास्ता है। जिसको तीन साल से यूज कर रहे थे। लेकिन चार-पांच माह पहले पीटीआई ने बंद कर दिया।

भणियाणा पुलिस की मादक पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई

# तीन माह से फरार तस्कर गिरफ्तार

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पोखरण।** पोकरण के भणियाणा में पुलिस ने मादक पदार्थों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग मामलों में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पहले मामले में भणियाणा पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के मामले में तीन महीने से फरार चल रहे आरोपी अनवर खां (44) को गिरफ्तार किया। अनवर नई भीखोडाई का रहने वाला है। दूसरे मामले में पुलिस ने ऑपरेशन मद मर्दन के तहत कार्रवाई करते हुए झाबरा निवासी डूंगरसिंह को 715 ग्राम अवैध डोडा पोस्त के साथ गिरफ्तार किया। भणियाणा थानाधिकारी देवाराम के अनुसार, मुखबिर की सूचना पर यह कार्रवाई की गई। पुलिस की यह कार्रवाई क्षेत्र में मादक पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान का हिस्सा है।



# अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करते एक आरोपी गिरफ्तार

## ▶▶ 8 .3 किलो डोडा-पोस्त और 615 ग्राम अफीम जब्त

- खरीद-फरोख्त को लेकर पूछताछ जारी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाड़मेर।** बाड़मेर जिले की सेड़वा पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से आठ किलो 348 ग्राम अवैध डोडा-पोस्त और 615 ग्राम निर्मित अफीम जब्त की है। फिलहाल पुलिस आरोपी मादक पदार्थ की खरीद-फरोख्त को लेकर पूछताछ की जा रही है।

पुलिस के अनुसार सूचना मिली थी कि खारा डोर आगोला में अवैध मादक पदार्थ लेकर एक युवक घूम रहा है। इस पर पुलिस टीम ने गांव में दबिश दी। एक युवक प्लास्टिक के कट्टे लेकर जा रहा था। इस पर पुलिस टीम ने संदिग्ध को रुकवाकर पूछताछ की गई। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर युवक की तलाशी ली गई।



प्लास्टिक कट्टे में अवैध डोडा-पोस्त और निर्मित अफीम मिला। इस पर मादक पदार्थ को जब्त कर आरोपी को डिटेन किया। पकड़कर थाने लेकर आए। एसपी नरेंद्र सिंह मीना ने बताया- आरोपी जुंझाराम पुत्र भोगाराम निवासी खारा डेर, आगोला के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। आरोपी को गिरफ्तार किया। आठ किलो 348 ग्राम अवैध डोडा-पोस्त और 615 ग्राम निर्मित अफीम जब्त किया। फिलहाल पुलिस आरोपी से मादक पदार्थ कहां से लेकर आया और किसको सप्लाई करने वाला था इसको लेकर पूछताछ कर रही है। कार्रवाई में थानाधिकारी दीपसिंह, कॉन्स्टेबल गंगाराम, पुखराज, देरामाराम, मोहनलाल, महिला कॉन्स्टेबल उरमा, भोजाराम, प्रेमसुख शामिल रहे।

# आमेट में मेधावी छात्रों को मिला सम्मान

▶▶ टॉपर को 21 हजार रुपए का पुरस्कार
▶▶ भामाशाह की शिक्षा खर्च उठाने की घोषणा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आमेट।** आमेट के श्रीमती रतन कुंवर विजय सिंह राव राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय आईडाणा में आयोजित विशेष प्रतिभा सम्मान समारोह में मेधावी छात्रों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य महावीर प्रसाद बघेरवाल ने की, जबकि भामाशाह नारायण सिंह राव मुख्य अतिथि रहे। 12वीं बोर्ड परीक्षा 2024 में सर्वोच्च 93.4% अंक प्राप्त करने वाले कुलदीप सिंह चौहान को 21,000 रुपए का पुरस्कार दिया गया। 80% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले आठ अन्य छात्रों को 11,000 रुपए प्रति छात्र की राशि प्रदान की गई। दसवीं कक्षा की छात्रा रेखा बैरागी को 82.67% अंक प्राप्त करने पर 11,000 रुपए का पुरस्कार मिला। राज्य स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करने वाले पांच खिलाड़ियों को मोमेंटो और प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। भामाशाह ने जरूरतमंद विद्यार्थियों की शिक्षा का खर्च वहन करने और करियर काउंसलिंग की सुविधा प्रदान करने की घोषणा की। प्रधानाचार्य ने छात्रों को राष्ट्र की उन्नति में योगदान देने के लिए प्रेरित किया और भामाशाहों का आभार व्यक्त किया।



# सरहद पर बीएसएफ का ऑपरेशन सर्द हवा

▶▶ हाई अलर्ट के बीच बॉर्डर पर चौकस निगाहें

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जैसलमेर।** सरहद पर बीएसएफ के ऑपरेशन सर्द हवा का आज अंतिम दिन। भारत-पाकिस्तान सीमा पर तैनात बीएसएफ का सरहद पर हाई अलर्ट जारी है। बीएसएफ द्वारा 22 जनवरी से शुरू हुआ ऑपरेशन अलर्ट का बुधवार को अंतिम दिन है। अंतिम दिन भी सीमा सुरक्षा बल के जवान और अधिकारी सरहद पर आधुनिक हथियारों के साथ चौकस निगाहों के साथ तैनात है, और सरहद की रक्षा कर रहे हैं। दरअसल, गणतंत्र दिवस को लेकर बीएसएफ द्वारा सरहद पर ऑपरेशन सर्द हवा शुरू किया था। ऑपरेशन सर्द हवा के तहत बॉर्डर पर 24 घंटे पैनी नजर रखी जा रही है। तारबंदी के नजदीक जवानों के साथ उनका हौसला अफजाई करने के लिए अधिकारी भी तैनात है और कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

### घुसपैठ रोकने को लेकर अभियान

ऑपरेशन सर्द हवा के दौरान सीमा पर बीएसएफ की इंटेलीजेंसी विंग भी सक्रिय हो चुकी है। अन्य खुफिया एजेंसियों से भी बीएसएफ का तालमेल रहता है और हर एक संदिग्ध गतिविधि पर नजर रखी जाती है। ऑपरेशन सर्द हवा के तहत तारबंदी के आसपास नफरी को बढ़ाया गया है। धुंध और कोहरे का फायदा उठाकर सीमा पार से किसी भी तरह की घुसपैठ, तस्करी और नापाक हरकत रोकने के लिए जवान और अधिकारी चौकस है। बीएसएफ अपनी रूटीन एक्सरसाइज के दौरान गर्मी के मौसम में ऑपरेशन गर्म हवा और सर्दी के मौसम में ऑपरेशन सर्द हवा चलाती है। हर साल यह अभियान चलता है और इस दौरान सीमा पर कड़ी निगरानी रखी जाती है।



### सरहद पर 24 घंटे निगरानी

गौरतलब है कि इन दिनों सीमावर्ती इलाकों में सर्दी का अत्यधिक असर देखने को मिलता है। सर्दी के मौसम में देर रात से सुबह तक धुंध भी छा जाती है। इस धुंध का फायदा उठाकर कोई घुसपैठ न हो, इसके लिए बीएसएफ की ओर से ऑपरेशन सर्द हवा के तहत सजग रहते हुए कड़ी निगरानी की जा रही है। आधुनिक हथियारों के साथ बीएसएफ के अधिकारी व जवान पहरा दे रहे हैं। सर्दी से बचाव के लिए भी जवानों के पास पुख्ता प्रबंध है। सीमा क्षेत्र में तारबंदी के निकट बीएसएफ के अधिकारी वाहनों के माध्यम से लगातार पेट्रोलिंग कर रहे हैं। इस दौरान कैमल पेट्रोलिंग भी बढ़ा दी गई है। आम दिनों में होने वाली पेट्रोलिंग व गश्त से अधिक ऑपरेशन सर्द हवा में यह प्रक्रिया की जाती है। इसके अलावा खुर्रा चैकिंग भी इस दौरान तेज कर दी गई है।

# मौली पारीख का राष्ट्रीय स्तर पर क्रिकेट प्रतियोगिता में चयन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बालोतरा।** मारवाड़ क्रिकेट एकेडमी की महिला खिलाड़ी मौली पारिख का अंडर 17 राजस्थान क्रिकेट टीम में राष्ट्रीय स्तर पर चयन होने पर एमसीए सदस्यों ने बहुमान किया। मारवाड़ क्रिकेट एकेडमी के सह सचिव चंद्रेश चारण ने बताया की मौली पारिख का राष्ट्रीय स्तर पर चयन होने से बालोतरा तथा एमसीए में खुशी की लहर है। 23 से 25 जनवरी को बीकानेर के एमएम स्कूल क्रिकेट एकेडमी में परीक्षण संपन्न हुआ। इसमें पूरे राजस्थान राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता से चयनित हुई, अंडर 17 महिला खिलाड़ी ने भाग लिया। इसमें से 16 खिलाड़ियों का चयन राजस्थान अंडर 17 क्रिकेट टीम के लिए किया गया है। इसके बाद राजस्थान क्रिकेट टीम प्रशिक्षण शिविर 27 जनवरी से प्रारंभ हुआ है, यह प्रशिक्षण शिविर एक फरवरी तक चलेगा। राष्ट्रीय स्तर क्रिकेट प्रतियोगिता तीन से सात फरवरी तक चंडीगढ़ के पंचकुला में खेली जाएगी। मौली पारिख स्वामी विवेकानंद गवर्नमेंट मॉडल स्कूल बालोतरा में 11 कक्षा में विज्ञान वर्ग की छात्रा है।



# जैसलमेर में सात साल का टूटा रिकॉर्ड

▶▶ जनवरी में पारा पहुंचा 30 डिग्री पार
▶▶ फसलों को नुकसान का डर

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जैसलमेर।** जैसलमेर जिले में मौसम के अलग-अलग रूप देखने को मिल रहे हैं। दिन में गर्मी का असर दिख रहा है तो वहीं रात में सर्दी का असर है। पिछले पांच दिनों से अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी हो रही है। सात साल बाद जनवरी में अधिकतम तापमान 30 डिग्री के पार पहुंचा है। इससे पहले 31 जनवरी 2018 को सबसे ज्यादा अधिकतम तापमान 32.2 डिग्री दर्ज हुआ था। वहीं 3 जनवरी 2016 को 30.5 डिग्री दर्ज हुआ था।



### 34 दिन बार फिर पारा 30 डिग्री पहुंचा

गौरतलब है कि जिले में 2018 के बाद पहली बार जनवरी महीने में पारा 30 डिग्री के पार गया है। दिन में गर्मी का असर होने से फसलों को भी नुकसान होने की आशंका है। कृषि वैज्ञानिकों का कहना है कि गेहूं, सरसों व चना की फसल में सिंचाई नहीं की तो फसल को नुकसान हो सकता है। पिछले दो दिसंबर को भी अधिकतम तापमान 30 डिग्री के पार था। करीब 34 दिन बाद फिर से पारा 30 डिग्री पर गया है। जिससे दिन में लोगों ने जैकेट व स्वेटर उतारने पड़े।

### दिन व रात के पारे में 21 डिग्री का अंतर

दिन व रात के पारे में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। पांच दिनों में अधिकतम तापमान सात डिग्री तक बढ़ चुका है। मंगलवार को दिन के पारे में तीन डिग्री व रात के पारे में एक डिग्री की बढ़ोतरी हुई। अधिकतम तापमान 30.2 डिग्री व न्यूनतम तापमान नौ डिग्री दर्ज किया गया। दिन व रात के पारे में 21 डिग्री का अंतर रहा। मौसम विभाग ने आगामी चार दिनों के लिए पूरे प्रदेश में मौसम साफ रहने की संभावना जताई है। कृषि मौसम वैज्ञानिक अतुल गालव ने बताया कि एक फरवरी तक जिले में मौसम शुष्क रहेगा। इस दौरान शीतलहर, कोहरा व बारिश की कोई संभावना नहीं है।

## व्यापार जगत

# आईटीडी सीमेंटेशन में बहुलांश हिस्सेदारी हासिल

▶▶ अदाणी समूह को सीसीआई की मंजूरी



**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग ने मंगलवार को अदाणी समूह की इकाई रिन्यू एक्जिम डीएमसीसी के आईटीडी सीमेंटेशन इंडिया में करीब 5,757 करोड़ रुपए में बहुलांश हिस्सेदारी खरीदने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। आईटीडी सीमेंटेशन इंडिया लिमिटेड एक इंजीनियरिंग और निर्माण कंपनी है जो भारी सिविल, बुनियादी ढांचे और इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण (ईपीसी) व्यवसाय करती है। भारत और विदेशों में परिचालन करती है। भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने एक विज्ञप्ति में कहा, "प्रस्तावित सौदे में रिन्यू एक्जिम डीएमसीसी (अधिग्रहणकर्ता) की ओर से आईटीडी सीमेंटेशन इंडिया लिमिटेड की कुल जारी और वोटिंग इक्विटी शेयर पूंजी के लगभग 46.64 प्रतिशत (8,01,13,180 शेयरों के बराबर) का अधिग्रहण शामिल है।" रिन्यू एक्जिम डीएमसीसी दुबई, संयुक्त अरब अमीरात में रजिस्टर्ड है, और अदाणी समूह से जुड़ी है। यह एक होल्डिंग कंपनी है जो वाणिज्यिक उद्यमों और निवेश प्रबंधन के व्यवसाय में लगी हुई है और भारत में इसका कोई संचालन नहीं है। नियामक ने कहा कि सेबी के एसएएसटी (शेयरों का पर्याप्त अधिग्रहण और अधिग्रहण) विनियमों के अनुसार, रिन्यू एक्जिम डीएमसीसी ने 4,46,64,772 पूर्ण चुकता इक्विटी शेयरों के अधिग्रहण के लिए एक खुली पेशकश शुरू की है, जिनका अंकित मूल्य एक रुपए प्रति है, जो आईटीडी सीमेंटेशन इंडिया की वोटिंग शेयर पूंजी का लगभग 26 प्रतिशत है। कुल मिलाकर, रिन्यू एक्जिम डीएमसीसी आईटीडी सीमेंटेशन इंडिया में 72.64 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण करेगी। अक्तूबर 2024 में, रिन्यू एक्जिम डीएमसीसी ने घोषणा की है कि उसने आईटीडी सीमेंटेशन इंडिया में अपने प्रमोटरों से 3,204 करोड़ रुपए में 46.64 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने के लिए एक समझौता किया है। इस अधिग्रहण के साथ रिन्यू एक्जिम की ओर से एक खुली पेशकश भी की गई है। इसके तहत कहा गया कि यदि पूर्ण अभिदान प्राप्त हो तो वह सार्वजनिक शेयरधारकों से 2,553 करोड़ रुपए में एक इंजीनियरिंग और निर्माण फर्म में अतिरिक्त 26 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीद सकती है। अदाणी समूह ने कई अधिग्रहणों के जरिए अपने सीमेंट कारोबार का तेजी से विस्तार किया है। 2022 में इसने होलसिम की भारतीय संपत्तियों का अधिग्रहण किया, जिससे यह समूह देश का दूसरा सबसे बड़ा सीमेंट उत्पादक बन गया। जून 2024 में, अदाणी समूह ने 10,422 करोड़ रुपए के उद्यम मूल्य पर हैदराबाद स्थित पेन्ना सीमेंट के अधिग्रहण की घोषणा की। इसके बाद, देश की दूसरी सबसे बड़ी सीमेंट निर्माता कंपनी ने अक्टूबर में एलान किया कि वह अपने विस्तार अभियान के तहत सीके बिड़ला समूह की कंपनी ओरिएंट सीमेंट का 8,100 करोड़ रुपए के मूल्यांकन पर अधिग्रहण करेगी। सीमेंट में उद्योग में अदाणी समूह की अरबपति कुमार मंगलम बिड़ला के साथ कड़ी प्रतिस्पर्धा हो गई है, जिनकी अल्ट्राटेक सीमेंट 150 मिलियन टन से अधिक की वार्षिक उत्पादन क्षमता के साथ बाजार में सबसे आगे आगे है।

# ओला-उबर के बाद अब रडार पर जेप्टो

## एंड्रॉइड और आईफोन पर एक ही चीज की अलग-अलग कीमत

**नई दिल्ली।** तेजी से मशहूर हो रहा क्विक कॉमर्स प्लेटफॉर्म जेप्टो इन दिनों सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना हुआ है। दरअसल, एक यूजर ने फोन के ऑपरेटिंग सिस्टम के आधार पर एक ही चीज के लिए दो अलग-अलग कीमतें वसूलने का दावा किया है। मामला बेंगलुरु का है। यहां रहने वाली हार्स पावर की को-फाउंडर विनीता सिंह ने लिंक्डइन पर दो स्क्रीनशॉर्ट शेयर करते हुए लिखा कि एक ही चीज के लिए अलग-अलग कीमतें वसूली जा रही है।

### एंड्रॉइड और आईफोन पर अलग-अलग कीमत

एक में 500 ग्राम हरी शिमला मिर्च की कीमत एंड्रॉइड पर 21 रुपए, जबकि आईफोन पर उसी प्रोडक्ट के लिए 107 रुपए वसूले जा रहे थे। विनीता ने लिखा कि दोनों स्क्रीनशॉर्ट एक ही जगह पर एक साथ लिए गए। उन्होंने जेप्टो के फाउंडर्स को अपने पोस्ट में टैग करते हुए लिखा, 'जेप्टो, क्या इस पर कोई सफाई देगा? पहला स्क्रीनशॉटः एंड्रॉइड, दूसरा स्क्रीनशॉटः आईफोन।'




### तेजी से पोस्ट वायरल

यह पोस्ट देखते ही देखते लिंक्डइन के साथ एक्स पर भी वायरल हो गया। लोग इस पर तरह-तरह के कमेंट्स करने लगे। एक ने लिखा, 'क्या यह ऐप्पल टैक्स है? इसमें ऐप की खरीद पर वेंडर्स से 35 परसेंट तक चार्ज लिया जाता है, लेकिन यह केवल डिजिटल गुड्स पर अप्लाई होता है।' एक और यूजर ने सवाल पूछते हुए लिखा, 'क्या दोनों स्क्रीनशॉर्ट एक ही अकाउंट से लिए गए हैं?' कई लोगों ने बताया कि अलग-अलग अकाउंट्स पर डिस्काउंट अलग हो सकता है।

### ओला-उबर को लेकर भी ऐसा मामला

बता दें कि हाल ही में एक ऐसा मामला कैब सर्विस प्रोवाइडर ओला-ऊबर को लेकर भी सामने आया था। इन पर अलग-अलग मोबाइल मॉडल्स आईफोन और एंड्रॉइड के आधार पर अलग कीमतें वसूलने का आरोप लगा। मामला सामने आने के बाद भारत सरकार के उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रल्हाद जोशी ने सीसीपीए के जरिए ओला ऊबर को नोटिस जारी किया।

कम होगी महंगाई की मार

# बजट में मिल सकता सस्ते गैस सिलेंडर का तोहफा!

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को लोकसभा में केंद्रीय बजट 2025 पेश करेंगी। यह उनका आठवां बजट होगा। सीतारमण के इस बजट पर करदाताओं से लेकर किसान, महिलाएं और उद्योग आदि की नजर टिकी हुई हैं। बजट में इनके लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की जा सकती हैं। जानकारी के अनुसार, 2025 में घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों को लेकर महत्वपूर्ण घोषणाएं होने की उम्मीद है। तेल मंत्रालय ने सरकार से एलपीजी सब्सिडी के लिए 40,000 करोड़ रुपए के आवंटन की मांग की है। जानकारों का मानना है कि सरकार इस मांग को स्वीकार करती है तो इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन,



भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड जैसी तेल कंपनियों को होने वाले नुकसान की भरपाई की जा सकेगी। इससे घरेलू उपभोक्ताओं को एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में राहत मिलने की संभावना है। अभी घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमत लगभग 800 रुपए से अधिक हैं। अगर बजट में सब्सिडी बढ़ाई जाती है तो आम जनता को महंगाई से थोड़ी राहत मिल सकती है। हालांकि इसका अंतिम फैसला बजट प्रस्तुत होने पर ही स्पष्ट होगा। हालांकि इससे पहले एक जनवरी को ऑयल एंड गैस मार्केटिंग कंपनियों ने एलपीजी सिलेंडर के दाम में कटौती की थी। गैस सिलेंडर के दाम दिल्ली से मुंबई तक 14-16 रुपए तक कम किए गए हैं। ये कटौती कंपनियों ने 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम में की है, जबकि घरेलू रसोई गैस सिलेंडर (14 किलोग्राम वाले) की कीमतें नए साल की शुरुआत में भी स्थिर बनी हुई हैं।

# आपका राशिफल 30 जनवरी

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। पुराने मित्र से मिलन होगा। शुभांक-3-6-9

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। स्वविवेक से कार्य करें। समय का लाभ लें। शुभांक-4-7-9

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग। जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। शुभांक-4-6-8

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभकार्यों में अड़चनें व परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा। शुभांक-1-5-7

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। शुभांक-1-3-5

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): आत्मविश्वास बढ़ेगा। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। मांगलिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। शुभांक-4-6-8

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): अपने काम पर नजर रखिए। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। शुभांक-2-4-6

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। शुभांक-4-6-8

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। पारिवारिक विवाद टालें। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। यात्रा से लाभ। शुभांक-3-5-6

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। संतान-स्त्री पक्ष से लाभ होगा। शुभांक-3-4-6

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। आय के योग बनेंगे। यात्रा का योग है। शुभांक-3-5-6

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। शुभांक-3-5-6

# प्रतिष्ठान बंद रख निकाला जुलूस, पेड़ काटने का जताया विरोध

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सांचौर।** अखिल भारतीय बिश्नोई महासभा जालोर एवं सांचौर सहित अनेक संगठनों एवं सर्व समाज के संयुक्त तत्वावधान में पर्यावरण संरक्षण को लेकर बुधवार को सांचौर बंद रखा। जिसमें सर्व समाज के लोगों ने अपनी भागीदारी निभाई । सांचौर के तमाम व्यापारियों ने अपने अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर बंद का समर्थन किया। जिसमें पूर्ण रूप से सब्जी, किराना, मेडिकल, कपड़ा सहित अन्य तमाम दुकान बंद रखकार खेजड़ी बचाओ पर्यावरण बचाओ आंदोलन में शरीक हुए। इस दौरान अमृता देवी सर्कल पर सभी पर्यावरण प्रेमी बड़ी संख्या मे एकत्रित हुए। जहां सभा को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री सुखराम बिश्नोई ने पर्यावरण संरक्षण की बात गांव ढाणी तक पहुंचाने की अपील की। हाथों मे तख्तीया लिए हुए सिर पर पर्यावरण केप धारण किए हुए नारों से पूरा बाजार गुंजायमान हुआ एवं धवनिमत से खेजड़ी बचाओ का समर्थन किया व पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। इस दौरान रामगोपाल धायल, बीरबल पूनिया, प्रभुराम माली, डॉक्टर सुरेश सागर, जगदीश सारण, मनमोहन बिश्नोई, गंगाराम पूनिया, लादूराम भादू, छगनलाल बेनीवाल, भोमाराम भादू, रामगोपाल माल बीकानेर, सहीराम पूनिया, शैतानसिंह, सूबेदार केहराराम, सज्जन कुमार बेनीवाल भादरा, किशनलाल सारण, गणपतलाल सारण, भगवानाराम डारा, अमलूराम सारण, किशनलाल भट्ट, प्रदीप मांजू, सोहनलाल सारण, ओमप्रकाश कुराडा, एडवोकेट गणपत साऊ, जयप्रकाश, भंवरलाल मांजू सहित अनेक लोगों ने अपने विचार व्यक्त किए।



### ट्री एक्ट में संशोधन हो

जालोर जिला प्रधान सुरजनराम साहू ने सभा को संबोधित करते हुए बताया कि ट्री एक्ट में संशोधन जल्द से जल्द करें। अगर सरकार समय रहते नहीं चेती तो प्रदेशस्तर पर बड़ा आंदोलन किया जाएगा। एवं खेजड़ी के लिए शहीद होने के लिए होना पड़े तो सांचौर के तमाम लोग तैयार खड़े हुए। सुबह टीम के साथ किशनलाल सारण, मोहनलाल कड़वासरा आरवा के नेतृत्व में दुकान दुकान जाकर जनसम्पर्क एवं समर्थन लिया। समस्त व्यापारियों ने अभूतपूर्व समर्थन देकर आने वाले समय मे एक साथ पर्यावरण के प्रति साथ निभाने का विश्वास दिया। बंद के दौरान सब्जी मंडी, मेडिकल एसोसिएशन, कपड़ा मार्केट,टैक्सी यूनियन, ई मित्र, स्टेशनरी, हाथलॉरी एसोसिएशन सहित तमाम मार्केट ने अपने प्रतिष्ठान बंद रखते हुए ऐतिहासिक समर्थन किया।

# परशुराम धाम प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में शरीक हुए तुलसाराम महाराज

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** परशुराम धाम रायथल नगर में ब्रह्मलीन खेताराम महाराज और ब्रह्मलीन सुखदेव महाराज के मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव संपन्न हुआ। इस अवसर पर आसोतरा धाम के गादीपति तुलसाराम महाराज की उपस्थिति ने इस आयोजन को ओर भी खास बना दिया। समाजसेवी एवं गोभक्त दलपत पुरोहित मंडवारिया ने प्रयागराज कुंभ के दौरान महाराज से इस पावन अवसर पर आगमन का निवेदन किया था। समाज के लोगों की भावनाओं को देखते हुए महाराज ने इस निमंत्रण को स्वीकार किया।



### चार्टर्ड प्लेन से जोधपुर पहुंचे थे महाराज

महाकुंभ से ब्रह्मधाम आसोतरा के गादीपति तुलसाराम महाराज को लेने के लिए दलपत पुरोहित मंडवारिया चार्टर्ड प्लेन से प्रयागराज पहुंचे और उन्हें जोधपुर लाए। जोधपुर में राजपुरोहित समाज के सैंकड़ों लोगों ने महाराज का जोरदार स्वागत किया। दलपत पुरोहित मंडवारिया, ब्रिजेश भाई दासपां, नरसिंह पुरोहित पूर्व महामंत्री, भंवरसिंह मायलावास, शंकरलाल माली, विहिप जिलाध्यक्ष सिरोही, भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष गोपाल माली सहित हजारों लोग मौजूद रहे।

## विद्यार्थियों को वितरित किए टैबलेट

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सांचौर।** शैक्षणिक वर्ष 2023-24 के पूर्व गठित सांचौर जिले के अधीनस्थ ब्लॉक बागोड़ा, चितलवाना, रानीवाड़ा, सरनाऊ एवं सांचौर के अधीनस्थ विद्यालयों के 153 विद्यार्थियों टैबलेट मय सिम वितरण जिला शिक्षा अधिकारी ने की। जिला शिक्षा अधिकारी सज्जाद हुसैन खान, टेबलेट वितरण प्रभारी दजाराम, सहप्रभारी जेठाराम, मोहम्मद रमजान, कुम्पाराम, जगदीश कुमार विश्नोई, छिन्द्रापालसिंह, राजेश सियाक, हेमराज आदि उपस्थित थे।

## सुंधामाता मंदिर की तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा 5 फरवरी से

### कलशयात्रा के साथ होगी शुरुआत

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** माली समाज सुंदेशा गोत्र की कुलदेवी सुंधा माता के नव निर्मित मंदिर की तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आगाज 5 फरवरी से होगा। समिति के अध्यक्ष हुकमीचंद सुंदेशा ने बताया कि जालोर के भीनमाल रोड पर स्थित आरटीओं ऑफिस के सामने मामा खेजड़ा टेकरी की तहलटी पर सुंधामाता के नव निर्मित मंदिर की तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव होगा। जिसको लेकर मंदिर के समिति के द्वारा मंदिर व तलहटी परिसर में यज्ञ पाण्डाल सहित अन्य पाण्डाल बनाने का काम जोरों पर चल रहा है। सेवा समिति के अध्यक्ष हुकमीचंद माली, कोषाध्यक्ष गणपत सुन्देशा, सचिव तेजाराम, सावलाराम, बाबूलाल, जसराज, विनोद, शंकरलाल सुंदेशा सहित कई कार्यकर्ता तैयारी में जुटे हुए हैं।



### कलश यात्रा से होगा महोत्सव का आगाज

तीन दिन दिवसीय महोत्सव के पहले दिन जलयात्रा के साथ प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ होगा। इसके बाद दिनभर धार्मिक कार्यक्रम होंगे। दोपहर 3 से 5 बजे तक प्रवचन एवं सत्संग का आयोजन होगा। जिसमें आत्मानंद महाराज प्रवचन देंगे। रात को भजन संध्या होगी। जिसमें अजमेर की पिंकी गहलोत, गोयली से एडवोकेट प्रकाश माली व हेमलता वैष्णव प्रस्तुतियां देंगे। दूसरे दिन सवेरे पूजन एवं दोपहर को सतसंग एवं रात को सुमेरपुर से किशोर पालीवाल एण्ड पार्टी, जोधपुर के शीतल वैष्णव, डीसा के फुलेश देवड़ा भजनों की प्रस्तुति देंगे। समारोह के अंतिम एवं तीसरे दिन मुख्य शिखर कलश इण्डा की स्थापना, पूजा, नव निर्मित मंदिर में प्रतिमा स्थापना एवं यज्ञ की पूर्णाहुती के बाद महोत्सव का समापन होगा।

## तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की तैयारियां जोरों पर

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जसवंतपुरा।** चेकला गांव में नवनिर्मित ठाकुरजी भगवान मंदिर की तीन दिवसीय प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर इन दिनों तैयारियां जारी है। महोत्सव को लेकर गांव के मुख्य प्रवेशद्वार से लेकर मंदिर तक जगह-जगह तोरण द्वार व दूधिया रोशनी से सजावट की जा रही हैं। महोत्सव को लेकर पूरे गांव को दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है। महोत्सव का शुभारंभ एक फरवरी को गांव में कलश यात्रा के साथ होगा। महोत्सव के दूसरे दिन रात्रि में भक्ति संध्या व तीसरे दिन मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा व महाप्रसादी का आयोजन किया जाएगा। महोत्सव को लेकर पूरे गांव में उत्साह का माहौल है तथा ग्रामवासियों द्वारा तैयारियां जोर-शोर से की जा रही हैं।



## युवकों का उत्पात, हाइवे पर जाम, लोग परेशान




जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सांचौर।** नेशनल हाईवे 68 पर कारोला फांटा के पास कार सवार युवकों व ट्रक चालक के बीच कहासुनी के बाद विवाद हो गया। जिसको लेकर हाईवे के दोनों ओर वाहनों का लंबा जाम लग गया। वहीं कार सवार युवकों ने अपनी कार ट्रेलर के आगे हाईवे के बीचो खड़ी कर दी। जिससे हाईवे से गुजरने वाले वाहनों में सवार लोग परेशान दिखे। घटना की सूचना सांचौर पुलिस को देने के बावजूद मौका स्थल पर नहीं पहुंची। इस दौरान हाईवे पर ट्रक चालक व कार सवार युवकों के बीच विवाद देर तक चलता रहा। इस दौरान लोगों द्वारा समझाईश करने के बावजूद भी कोई मानने को तैयार नहीं था। आधे घंटे बाद हाईवे से हटाया गया। सांचौर बाड़मेर की तरफ जा रहे ट्रेलर से कार को मामूली टक्कर लगने से कार के राइट साईड का हिस्सा थोड़ा क्षतिग्रस्त हो गया। जिसको लेकर कार सवार युवकों ने ट्रेलर को हाईवे के बीचों बीच आगे गाड़ी कर रूकवा दिया था।

## माली सैनी संदेश के कैलेंडर का किया विमोचन



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** महात्मा ज्योतिबा फुले जागृति मंच की ओर से हर वर्ष की भांति प्रकाशित किए जाने वाले कैलेंडर में भारतीय काल गणना एवं नववर्ष प्रतिपदा संबंधित जानकारी त्यौहार महात्माओं के चित्र जयंतियां सहित विभिन्न तिथियां का समावेश किया गया है। प्रदेश सचिव नाथू सोलंकी ने बताया कि इस कैलेंडर के माध्यम से समाज की गतिविधियों को भी आम जनता तक पहुंचा जा सकेगा विमोचन के दौरान संत लिखमीदास मंदिर सेवा समिति जालोर अध्यक्ष सुरेश सुंदेशाए भाजपा नगर अध्यक्ष रवि सोलंकी, द्वारा पांच पट्टी के परामर्शदाता दिनेश महावर, माली समाज सेवा संस्थान के मंत्री अनिल गहलोत, प्रसार मंत्री हुकमूचंद सोलंकी, कृषि मंडी के पूर्व निदेशक रमेश माली, गुरुकुल क्लासेज के राजकुमार, बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष प्रवीण चौहान, एडवोकेट उत्तम गहलोत, समाजसेवी रमेश सोलंकी सहित माली समाज के प्रतिनिधि उपस्थिति में कलेक्टर ने कैलेंडर का विमोचन किया।

## जिला बहाली की मांग, ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सांचौर।** जिला बचाओ संघर्ष समिति का 32 वें दिन धरना जारी रहा। इस दौरान धरने को डभाल ग्राम पंचायत के ग्रामीणों ने समर्थन देते हुए धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान पूर्ववमंत्री सुखराम बिश्नोई कहा की सांचौर जिला खत्म करना सरकार की बड़ी भूल है। सरकार को किसी भी सूरत में जिला बहाल करना होगा। जब तक जिला बहाल नहीं होगा आंदोलन जारी रहेगा। उन्होने कहा कि सांचौर जिला जो जालोर जिले से 145 किमी दूर व अंतिम गांव आकोड़िया रणखार करीब 250 किमी दूर हैं। जबकि वर्तमान सरकार द्वारा कौनसे आधार पर जिलों को निरस्त किया गया कोई स्पष्ट नहीं हैं। राजेंद्र पुरोहित ने संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान में सरकार में बैठे लोगों ने कोई पैरवी नहीं की जिसका नुकसान सांचौर के लोगों को हुआ। घमंडाराम मेघवाल ने कहा कि सांचौर जिला सही मापदण्ड थे तब सांचौर को जिला बनाया था उन मापदंडो के आधार पर सभी नए जिले और संभाग बनाए थे। इस दौरान लाधूसिंह, केशाराम मेहरा, सरपंच मोडसिंह, मगाराम पुरोहित, वीराराम राणा, विक्रम सिंह, प्रभुराम, भगवान सिंह, गिरधारी लाल, भाखराराम विश्नोई, अजीम खान, जोगाराम, प्रताप पुरोहित, बाबूलाल राणा, गोपालसिंह, पृथ्वीसिंह किसान नेता सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद थे।

## भाकपा का जिला सम्मेलन आयोजित



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सांचौर।** डाक बंगलें में बुधवार को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी जालोर जिला सम्मेलन राजस्थान किसान सभा के प्रदेशाध्यक्ष कामरेड तारासिंह सिद्धू, राज्य सचिव नरेंद्र आचार्य के पर्यवेक्षण एवं जोगाराम सुथार, जोराराम रूपावटी, हिमताराम राणा, भारमल सेडिया एवं मार्क्स पार्टी के जिला सचिव रिड़मलसिंह गुदाऊं की उपस्थिति में जिला सम्मेलन आयोजित किया गया। जिला सचिव ईशराराम विश्नोई ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। राज्य सचिव आचार्य ने बताया कि वर्तमान में डबल इंजन की सरकार जनविरोधी नीतियां लागू कर आम जनता के साथ धोखा कर रही है। सांचौर जिला निरस्त करना सरासर गलत है। जिसका भाकपा सांचौर जिला बचाओ संघर्ष समिति के आंदोलन का पूर्ण समर्थन करती है। किसान नेता सिद्धू ने कहा कि भाकपा ने सदैव पीड़ित लोगों की मदद की है। इसके बाद सम्मेलन स्थल से सांचौर जिला बचाने को लेकर तारासिंह सिद्धू ने रैली को रवानगी दी। रैली में हाथों में झंडे और तख्तियां लहराते हुए नारेबाजी करते हुए उपखंड कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन के साथ उपखण्ड अधिकारी को विभिन्न मांगों के समर्थन में ज्ञापन दिया।

## शहीद दिवस पर देंगे श्रद्धांजलि

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** जिला मुख्यालय पर गुरूवार को शहीद दिवस पर कलक्ट्रेट परिसर स्थित महात्मा गांधी सर्किल पर सुबह 10.30 बजे शहीदों की स्मृति में दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी जाएगी। जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी जिला मुख्यालय पर 30 जनवरी को कलेक्ट्रेट परिसर में गांधी सर्किल पर पूर्वान्ह 10.30 बजे कार्य म प्रारम्भ कर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पार्पण किया जाएगा तथा रामधुन व गांधी के प्रिय भजनों की प्रस्तुति के उपरान्त प्रातः 11 बजे दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी।

## कलक्टर ने राऊता ग्राम में की रात्रि चौपाल

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने मंगलवार को बागोड़ा उपखण्ड के राऊता ग्राम में रात्रि चौपाल कर उपस्थित ग्रामीणों की समस्याओं को सुनते हुए उनका मौके पर ही निस्तारण किया। रात्रि चौपाल के दौरान जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे के समक्ष ग्रामीणों ने अतिक्रमण हटाने, विद्युत व पानी की समस्या का समाधान करने सहित विभिन्न परिवाद प्रस्तुत किए। बागोड़ा उपखण्ड अधिकारी हीरसिंह चारण सहित ब्लॉक स्तरीय अधिकारी व बड़ी संख्या ग्रामीण उपस्थित रहे।

# युवा सतत प्रयास एवं कड़ी मेहनत से जीवन में प्राप्त करें सफलता : गावंडे

### रोजगार सहायता शिविर में 123 बेरोजगार आशार्थियों को किया गया लाभांवित

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले के शिक्षित युवाओं को रोजगार, स्वरोजगार एवं कौशल प्रशिक्षण के बेहतर अवसर प्रदान करने के लिए रोजगार विभाग की ओर से बुधवार को जालोर क्लब में एक दिवसीय रोजगार सहायता शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर जिला कलक्टर प्रदीप के गावंडे ने शिविर में आए युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि वे जीवन में सतत् प्रयास एवं कड़ी मेहनत से सफलता प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन राज्य सरकार के निर्देशानुसार आयोजित होने वाले रोजगार सहायता शिविरों के माध्यम से जिले के युवाओं को रोजगार प्राप्त करने में हरसंभव सहयोग प्रदान करेगा। उन्होंने बेरोजगार युवाओं को शिक्षा के प्रति समर्पित होकर अध्ययन करने एवं रोजगार शिविर में उपलब्ध अवसरों का लाभ लेने की बात कही। कोषाधिकारी भूपेन्द्र मकवाना ने बताया कि निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कम्पनियों श्री कृष्णा ऑटोमोबाइल्स प्रा.लि. जोधपुर की ओर से 20, एल एण्ड टी फायनेंस लिमिटेड जोधपुर की ओर से 50, यश सोल्यूशन अहमदाबाद द्वारा 100, चेतन्य इंडिया क्रेडिट प्रा.लि. जयपुर द्वारा 50, स्वतंत्र माइक्रो फिन सिरोही व भारतीय जीवन बीमा निगम जालोर की ओर से 40 पदों के लिए बेरोजगार युवाओं का साक्षात्कार लेकर शिविर में कुल 123 बेरोजगार आशार्थियों का प्रारंभिक चयन कर लाभांवित किया।



### युवाओं के लिए स्वरोजगार वर्तमान की आवश्यकता

रोजगार शिविर के दौरान आयोजित संगोष्ठी के माध्यम से 'कॅरियर के विभिन्न आयाम' विषय पर वार्ता देते हुए अम्बिका प्रसाद तिवारी ने कहा कि सरकारी व निजी क्षेत्र एवं स्वरोजगार में करियर की संभावनाएं हैं इसलिए वर्तमान परिपेक्ष्य में भारत जैसे कृषि आधारित देश में स्वरोजगार एवं कौशल का विकास युवाओं को आगे बढ़ा सकता है। संगोष्ठी के दौरान हरीश श्रीमाली ने मोटिवेशन के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के उपयुक्त अवसरों का लाभ लेना चाहिए। संगोष्ठी को जिला उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक संग्रामराम देवासी ने संबोधित करते हुए जालोर जिले में उद्योगों के विकास की संभावनाओं पर वार्ता दी। इस अवसर पर आईटीआई व जिला रोजगार कार्यालय के कार्मिक भरत कुमार रावल, भजनलाल, किरण सिंह व मनोज कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं बेरोजगार आशार्थी उपस्थित रहे।



## भाजपा जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित का किया स्वागत

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सांचौर।** भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष बुधवार को सांचौर स्थित पथमेड़ा गोशाला में गोपूजन कर भाजपा कार्यकर्ताओं से संवाद किया। गो पूजन के अवसर पर 5 गाड़ी हराचारा नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित एवं 2 गाड़ी हराचारा पूर्व जिलाध्यक्ष श्रवण सिंह राव बोरली की ओर से घोषणा की गई। जिला मीडिया संयोजक भावेश सोनी ने बताया कि भाजपा जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित ने कल जिलाध्यक्ष नियुक्ति के पश्चात पहले सांचौर प्रवास निमित्त गोधाम पथमेड़ा में गौपूजन कर भाजपा कार्यकर्ताओं से बातचीत की। बोरली ने नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित को शुभकामनाएं प्रेषित कर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बताया कि जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित के नेतृत्व में भाजपा संगठित होकर प्रदेश में नवीन उपलब्धियां प्राप्त करेगी। इस दौरान जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित, निवर्तमान जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव बोरली, जिला उपाध्यक्ष महेंद्रसिंह झाब, भाजपा वरिष्ठ नेता माधुसिंह धांसेडी, जिला मंत्री इंद्रसिंह राणावत, प्रवीण कुमार माली, मंडल अध्यक्ष हजारीमल पुरोहित सीलू, अर्जुनसिंह सरवाना, सांवलाराम माली, टिकम सिंह राणावत, महेंद्र सोलंकी, प्रवीण दवे, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष पहाड़सिंह राव, गोविंद राजपुरोहित, प्रताप पुरोहित, भाखराराम विश्नोई, दलपत सिंह रणोदर, गजेन्द्र सिंह कारोला, अमराराम देवासी डबाल, सज्जनसिंह गुंदाऊ, बाबूनाथ गुदाऊं, दुर्गाराम चौधरी, किशोर सांखला, रतन खिलेरी मौजूद थे।

# स्टीव स्मिथ 10,000 टेस्ट रन बनाने वाले 15वें खिलाड़ी



एलीट लिस्ट में बनाई जगह

**श्रीलंका।** ऑस्ट्रेलिया के कार्यवाहक कप्तान स्टीव स्मिथ ने बुधवार को गॉल इंटरनेशनल स्टेडियम में श्रीलंका के खिलाफ चल रहे पहले टेस्ट के दौरान खेल के सबसे लंबे प्रारूप में 10,000 रन पूरे कर लिए। दाएं हाथ के बल्लेबाज टेस्ट क्रिकेट में यह उपलब्धि हासिल करने वाले केवल 15वें खिलाड़ी बन गए हैं। हाल ही में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज के दौरान अपने गृहनगर सिडनी में यह उपलब्धि हासिल करने का मौका चूकने वाले स्मिथ ने गॉल में श्रीलंका के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया के पहले टेस्ट में यह उपलब्धि हासिल की। उन्होंने मिड-ऑन की ओर अपनी खास फ्लिक खेली और एक रन के लिए आगे बढ़े। इसके बाद उन्होंने तालियों की गड़गड़ाहट का जवाब देने के लिए अपना बल्ला उठाया। इस मौके पर ऑस्ट्रेलियाई समूह ने तालियां बजाकर उनका अभिवादन किया। स्मिथ ने इस रन के साथ स्कोर 137/2 कर दिया। ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। 35 वर्षीय इस खिलाड़ी ने 55 से अधिक की औसत से रन बनाए हैं, कुमार संगकारा 10,000 के आंकड़े को पार करने वाले एक मात्र बल्लेबाज हैं, जिनका रिटर्न (57.40) बेहतर है। वह पारी के हिसाब से 10,000 टेस्ट रन तक पहुंचने वाले पांचवें सबसे तेज बल्लेबाज बन गए हैं। यह बल्लेबाज एलन बॉर्डर, स्टीव वॉ और रिकी पोंटिंग के साथ इस मुकाम तक पहुंचने वाले चौथे ऑस्ट्रेलियाई बन गए हैं। इससे पहले दिन में ऑस्ट्रेलिया के कप्तान स्टीव स्मिथ ने टॉस जीतकर श्रीलंका के खिलाफ मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। दाएं हाथ के बल्लेबाज जोश इंगलिस खेल के सबसे लंबे प्रारूप में डेब्यू किया, क्योंकि उन्हें श्रृंखला के पहले मैच के लिए प्लेइंग इलेवन में शामिल किया है। दोनों टीमें इस मैच के लिए अपने लाइन-अप में तीन स्पिनर और एक सीमिंग विकल्प के साथ उतर रहे हैं।

# हार्दिक पांड्या का जलवा जारी

**मुंबई।** भारत और इंग्लैंड के बीच कड़ाकेदार सीरीज जारी है। अभी तक सीरीज के तीन मैच हो चुके हैं, जिसमें से दो मैच भारत ने और एक मैच इंग्लैंड की टीम ने जीता है। वैसे तो भारत को सीरीज जीतने के लिए एक ही मुकाबला जीतना है, लेकिन बाजी कब पलट जाए, कहना मुश्किल है। अभी दो मैच बाकी हैं और आईसीसी की ओर से नई टी20 की रैंकिंग जारी कर दी गई है। अभी कुछ दिन पहले तक टीम इंडिया के टी20 कप्तान रहे हार्दिक पांड्या नंबर एक बन चुके हैं।



### पांड्या ऑलटाइम हाई रेटिंग के करीब

पांड्या ने साल 2023 में वेस्टइंडीज के खिलाफ खेले गए मैच के बाद अपनी ऑलटाइम हाई रेटिंग हासिल की थी। उनकी रेटिंग 266 की थी और अब 255 की है। अगर इंग्लैंड के खिलाफ बचे हुए दो और मैचों में भी पांड्या ने कमाल दिखाया, तो 266 से भी ज्यादा की रेटिंग हासिल कर सकते हैं।

### जलवा दिखा रहे हार्दिक

आईसीसी की ओर से जो रैंकिंग जारी की गई है, उसमें टी20 इंटरनेशनल की रैंकिंग में ही ज्यादा बदलाव नजर आ रहे हैं। इसी एक सप्ताह के भीतर भारत और इंग्लैंड के बीच की सीरीज के तीन मैच हो गए हैं। अब बात अगर पांड्या की करें तो तीनों मैचों में उन्हें खेलने का मौका मिला। वे बैट से तो कुछ ज्यादा कमाल नहीं कर पाए, लेकिन गेंदबाजी करते वक्त वे दूसरे पेसर रहे। यही कारण है कि आईसीसी की टी20 रैंकिंग में वे टॉप के ऑलराउंडर बने हुए हैं।

टी-20 सीरीज

## भारत की प्लेइंग 11 में होंगे दो बदलाव

**पुणे।** भारतीय टीम को इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टी20 में मंगलवार को हार का सामना करना पड़ा। सीरीज में भारतीय टीम दो-एक से आगे है। इस बीच चौथा मैच 31 जनवरी को पुणे में खेला जाएगा। राजकोट की हार से सबक लेकर इस मैच में भारतीय टीम प्लेइंग 11 में दो बदलाव कर सकती है। ध्रुव जुरेल और वाशिंगटन सुंदर की जगह रिंकू सिंह और अर्शदीप सिंह को मौका मिल सकता है। इसके अलावा बदलाव की संभावना नहीं दिखती है। ध्रुव जुरेल के बाहर होने का कारण उनका प्रदर्शन नहीं है। दो मैच के प्रदर्शन के आधार पर आकलन ठीक नहीं है, लेकिन प्लेइंग 11 में उनकी एंट्री रिंकू सिंह की जगह हुई थी। रिंकू अनफिट होने के कारण दो टी20 से बाहर थे। ऐसे में फिट होने पर प्लेइंग 11 में उनकी वापसी तय है।

## टी-20 : 336 रन बनाने के बाद भारतीय बल्लेबाज रैंकिंग में दूसरे नंबर पर

### खतरे में ट्रेविस हेड का ताज



**नई दिल्ली।** भारत के युवा बल्लेबाजी तिलक वर्मा ने टी20 करियर में बड़ा मुकाम हासिल किया है। वह आईसीसी मेंस टी20 बैटिंग रैंकिंग में दूसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। यह उनके टी20 करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है। भारत का यह 22 वर्षीय बल्लेबाज शानदार फॉर्म में चल रहा है। राजकोट में इंग्लैंड के खिलाफ उनका बल्ला नहीं चला और वह 18 रन बनाकर आउट हुए। वह इससे पहले चार पारियों में आउट नहीं हुए थे। वह पांच पारियों में 336 रन बनाने के बाद आउट हुए।

### तिलक को टी20 रैंकिंग में एक स्थान का फायदा

इस दमदार प्रदर्शन के कारण तिलक वर्मा को टी20 रैंकिंग में एक स्थान का फायदा हुआ। वह इंग्लैंड के ओपनर फिल साल्ट से आगे निकल गए। वह रैंकिंग में नंबर एक पर काबिज ऑस्ट्रेलिया के ट्रैविस हेड के करीब पहुंच गए हैं। हेड की रेटिंग 855 है और तिलक की रेटिंग 832 है। दोनों की रेटिंग में केवल 23 अंक का अंतर है। अगर तिलक वर्मा ने इंग्लैंड के खिलाफ आखिरी दो टी20 में अच्छा प्रदर्शन किया तो वह हेड से आगे निकल सकते हैं।

# स्मिथ और ख्वाजा के शतक पूरे, पहले दिन स्कोर 330/2

ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने टेस्ट क्रिकेट में 10 हजार रन पूरे कर लिए हैं। उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट के पहले दिन में एक रन बनाते ही 10 हजार रन का आंकड़ा हासिल कर लिया। गॉल में चल रहे मुकाबले के पहले स्टंप्स तक ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 330/2 रन बना लिए हैं। स्टीव स्मिथ 104 और उस्मान ख्वाजा 147 रन बनाकर नॉटआउट लौटे। ओपनर ट्रैविस हेड 57 और मार्नस लाबुशेन 20 रन बनाकर आउट हुए। श्रीलंका की ओर से प्रबाथ जयसूर्या और जेफ्री वांडरसे ने एक-एक विकेट लिया। श्रीलंका के खिलाफ स्टीव स्मिथ ने गॉल टेस्ट में पहला रन बनाते ही 10 हजार रन का आंकड़ा पूरा कर लिया। श्रीलंका के खिलाफ स्टीव स्मिथ ने गॉल टेस्ट में पहला रन बनाते ही 10 हजार रन का आंकड़ा पूरा कर लिया।




### हेड-ख्वाजा के बीच 92 रन की साझेदारी

ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर बैटिंग करने का फैसला लिया। ट्रैविस हेड और उस्मान ख्वाजा की ओपनिंग जोड़ी ने कप्तान पैट कमिंस के इस फैसले को सही साबित किया। दोनों ने 92 रनों की साझेदारी की। इस साझेदारी को प्रबथ जयसूर्या ने तोड़ा। उन्होंने ट्रैविस हेड को चंडीमल के हाथों कैच कराया। उसके बाद बैटिंग करने आए मार्नस लाबुशेन 20 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें जेफ्री वेंडरसे ने डी सिल्वा के हाथों कैच कराया।

# टेस्ट में टी-20 जैसी ताबड़तोड़ बैटिंग

### भारत के बाद श्रीलंका पर बरसे ट्रेविस हेड



**नई दिल्ली।** भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज में अपने बल्ले से आग उगलने के बाद अब ट्रेविस हेड के निशाने पर श्रीलंका के गेंदबाज रहे। श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया के बीच पहले टेस्ट में ट्रेविस हेड ने अपनी तूफानी बल्लेबाजी से फैंस का दिल जीत लिया। उन्होंने एक बार फिर टेस्ट में टी-20 जैसी तूफानी बल्लेबाजी की और सिर्फ 40 गेंदों में 57 रन ठोक दिए। इस तूफानी फिफ्टी में हेड ने 11 बाउंड्री लगाई। पहले टेस्ट में हेड ने सिर्फ 35 गेंदों में तूफानी फिफ्टी ठोक कर श्रीलंकाई गेंदबाजों का बुरा हाल कर दिया।

### हेड ने ठोकी तूफानी फिफ्टी

भारत को अपने घर में पांच मैचों की बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में करारी हार सौंपने और डब्ल्यूटीसी फाइनल 2025 का टिकट कटाने के बाद अब ऑस्ट्रेलिया की टीम श्रीलंका में दो मैचों की टेस्ट सीरीज खेल रही है। पहले मैच की शुरुआत 29 जनवरी, बुधवार से हुई। ऑस्ट्रेलिया के धाकड़ बल्लेबाज ट्रेविस हेड ने इस मैच में ऑस्ट्रेलिया के लिए उस्मान ख्वाजा के साथ मिलकर ओपनिंग की। इस दौरान हेड ने सिर्फ 35 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा कर लिया।

### 10 चौके और एक छक्का लगाया

ट्रेविस हेड ने श्रीलंका के खिलाफ पहले मैच की पहली पारी में 57 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने चालीस गेंदों का सामना किया। 57 में से 46 रन तो हेड ने चौकों-छक्कों से ही बटोर लिए। इस ताबड़तोड़ पारी में ट्रेविस ने 10 चौके और एक छक्का लगाया। उनका स्ट्राइक रेट 142 से ज्यादा का रहा। हेड का कैच दिनेश चांदीमल ने प्रभात जयसूर्या की गेंद पर पकड़ा। हेड और ख्वाजा ने पहले विकेट के लिए 14/3 ओवरों में 92 रनों की पार्टनरशिप की।

एसए 20 लीग

# प्रिटोरिया कैपिटल्स ने सुपर किंग्स को हराया

**सेंचुरियन।** प्रिटोरिया कैपिटल्स ने जोबर्ग सुपर किंग्स को छह विकेट से हराकर बोनस अंक भी लिया और एसए 20 लीग प्लेआफ की दौड़ में खुद को बनाए रखा है। कैपिटल्स ने सुपर किंग्स को नौ विकेट पर 99 रन पर रोक दिया और फिर चार विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। इस जीत के साथ कैपिटल्स 14 अंक लेकर पांचवें स्थान पर है जबकि सुपर किंग्स 15 अंक के साथ चौथे स्थान पर है।

रिली रोसोयू अपने बच्चे के जन्म के कारण नहीं खेल रहे हैं जिसकी वजह से कप्तानी काइल वेरेने ने संभाली। कैपिटल्स को दौड़ में बने रहने के लिए हर हालत में जीतना था और विल जैक्स ने पावरप्ले में दो ओवर डाल कर सिर्फ दो रन दिए। दूसरी ओर सुपर किंग्स के लिए कोई अच्छी साझेदारी नहीं बन सकी। फॉर्म में चल रहे डेवोन कोंवे को बांह पर गेंद लगने के कारण तीसरे ओवर में मैदान छोड़कर जाना पड़ा।

## म नो रं ज न

# 'खलनायक' संजय दत्त से भिड़ेंगे अजय

बॉलीवुड सुपरस्टार अजय देवगन इन दिनों एक के बाद एक फिल्मों में नजर आ रहे हैं। इस साल उनकी तीन बड़ी फिल्में रिलीज होने वाली है जिसकी शूटिंग उन्होंने लगभग खत्म भी कर दी है। अब खबर है कि अजय एक और फिल्म 'रेंजर' में नजर आने वाले हैं जो एक जंगल एडवेंचर फिल्म होने वाली है जिसमें उनका सामना एक खतरनाक विलन से होगा। सूत्रों के मुताबिक, अजय को फिल्ममेकर लव रंजन और जगन शक्ति की इस फिल्म में कास्ट किया गया है जिसमें उनके सामने बॉलीवुड के 'खलनायक' संजय दत्त को कास्ट किया गया है। उन्होंने बताया, 'अजय देवगन और संजय दत्त को साथ कभी नहीं देखा गया है। पहली बार फिल्म 'रेंजर' में कास्ट किया गया है। ये कास्टिंग स्क्रिप्ट को देखकर ही की गई है। क्योंकि फिल्म में जो औरा विलेन का है, वो संजय दत्त अपनी जिंदगी में खुद लेकर चलते हैं। फिल्म की कहानी जंगलों में स्थित है जिसके लिए इसके मेकर्स अजय देवगन और संजय दत्त का एक स्पेशल लुक तैयार कर रहे हैं। जिसमें वो एक जंगल के रेंजर या रक्षक का किरदार निभाते नजर आएंगे।' सूत्रों ने आगे खुलासा किया कि फिल्म के मेकर्स इसकी शूटिंग साल 2025 की गर्मियों के समय में शुरू करने का प्लान बना रहे हैं। 'फिल्म के प्री-प्रोडक्शन पर अभी काम जारी है। अजय देवगन और संजय दत्त 'रेंजर' से पहले कुछ ऐसी फिल्मों में नजर आने वाले हैं जिसमें या तो वो कॉमेडी करते या सीरियस रोल्स करते नजर आएंगे। लेकिन 'रेंजर' में दोनों का आमना-सामना बड़े पर्दे पर देखने लायक होने वाला है।' 'लव फिल्म्स जिसके मालिक लव रंजन हैं, वो फिल्म को एक बड़े स्केल पर उतारने का प्लान कर रहे हैं। जगन शक्ति इसके वीएफएक्स के काम देख रहे हैं। वो जगह-जगह दुनिया के कई बड़े वीएफएक्स कंपनियों के पास जा रहे हैं ताकि वो जंगली जानवर और जंगल को बनाने का काम एक अच्छी टीम को सौंप सकें।' 'रेंजर' फिल्म की बाकी की कास्ट को लेकर खोज अभी फिलहाल जारी है। फिल्म कब रिलीज होगी, फिलहाल इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है। लेकिन ये खुलासा हुआ है कि अजय 'रेंजर' को शूट करने से पहले अपनी दो फिल्में 'दे दे प्यार दे 2' और 'धमाल 4' की शूटिंग खत्म करेंगे। इसके अलावा मई के महीने में उनकी फिल्म 'रेड 2' भी रिलीज होगी। 'रेड 2' के बाद, अजय की एक और फिल्म का सीक्वेल 'सन ऑफ सरदार' का पार्ट 2 भी रिलीज होगा। 'सन ऑफ सरदार 2' की शूटिंग अजय ने अगस्त साल 2024 में शुरू की थी। खबर थी कि उनकी फिल्म जुलाई 2025 में रिलीज होगी। हालांकि मेकर्स ने अभी तक फिल्म की रिलीज डेट से जुड़ी कोई ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं की है। लेकिन उनकी फिल्म 'दे दे प्यार दे 2' 14 नवंबर को रिलीज होगी। लव फिल्म्स ने अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म की रिलीज डेट अनाउंस की थी। इसके अलावा वो दो और फिल्में 'गोलमाल 5' और 'धमाल 4' में भी नजर आने वाले हैं। ऐसे में अजय देवगन के फैंस के लिए ये किसी ट्रीट से कम नहीं होने वाला है, जब वो अपने फेवरेट हीरो को इतनी सारी फिल्मों में देखेंगे।



# 'द मेहता बॉयज' का ट्रेलर रिलीज




बोमन ईरानी की फिल्म 'द मेहता बॉयज' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। यह अभिनेता की बतौर निर्देशक पहली फिल्म है। इससे वह निर्देशन की दुनिया में कदम रख रहे हैं। ट्रेलर में बाप-बेटे के उलझे हुए रिश्ते की झलक देखने को मिली। कहानी हल्के-फुल्के पलों के साथ भावनाओं को गहन तरीके प्रस्तुत करती दिखी। बुधवार को 'द मेहता बॉयज' का आधिकारिक ट्रेलर रिलीज किया गया। निर्माताओं ने ट्रेलर रिलीज करते हुए लिखा, प्यार, समझ और दूसरा मौका ही सबकी जड़ है। फिल्म के ट्रेलर में बोमन अपने को-स्टार अविनाश तिवारी के पिता की भूमिका में नजर आ रहे हैं।

# हेमा ने महाकुंभ में मौनी अमावस्या के दिन किया पवित्र स्नान



बीजेपी सांसद और एक्ट्रेस हेमा मालिनी ने मौनी अमावस्या के दिन महाकुंभ में स्नान किया। उन्होंने त्रिवेणी संगम पर पवित्र स्नान किया। इस दौरान जूना अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि महाराज और योग गुरु बाबा रामदेव ने भी पवित्र स्नान किया। पवित्र स्नान के बाद हेमा मालिनी ने कहा, 'ये मेरा सौभाग्य है। बहुत ही अच्छा लगा है। इतने करोड़ों लोग आए हुए हैं। मुझे भी यहां पर स्नान का स्थान मिला। धन्यवाद।' बता दें कि मौनी अमावस्या के दिन महाकुंभ में दूसरा शाही स्नान होना था। लेकिन रात एक बजे भगदड़ मच गई। महाकुंभ में लाखों-करोड़ों में भीड़ जुट रही है। इस भगदड़ में कई लोग घायल हो गए और 10 लोगों की मौत की खबर भी आ रही है। स्थिति को देखते हुए अमृत स्नान को भी रद्द कर दिया गया था। हालांकि, अभी अमृत स्नान के लिए भीड़ कम होने का इंतजार किया जा रहा है। अब स्थिति ठीक है कुंभ में स्नान जारी है। इसी बीच हेमा मालिनी ने भी पवित्र स्नान किया है। बता दें कि हेमा मालिनी महाकुंभ में कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर की अगुवाई में सनातन धर्म संसद में पहुंची थीं। यहां उन्होंने कहा था, 'कुछ अज्ञानी लोग हैं जो हमारे सनातन धर्म और सनातनियों के बारे में बुरा-भला कहते हैं। कुछ गलत बातें कहते हैं। सनातन दुनिया का एकमात्र ऐसा धर्म है जो सभी धर्मों का स्वागत करता है। सनातन धर्म किसी भी धर्म का विरोध नहीं करता है चाहे वह मुस्लिम हो या ईसाई।'

# 'रामायण' की शूटिंग जल्द शुरू करेंगे यश



फिल्म 'रामायण' की चर्चा लंबे समय लोगों के बीच चली आ रही है। नितेश तिवारी के निर्देशन में बन रही इस फिल्म में रणबीर कपूर के साथ साई पल्लवी नजर आने वाली हैं। वहीं, फिल्म में यश भी। हाल ही में इस फिल्म को लेकर एक नई जानकारी सामने आई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस फिल्म की शूटिंग अभिनेता यश इस साल मार्च से शुरू करेंगे। फिल्म 'रामायण' को दो भागों में बनाया जा रहा है। पिछले साल 2024 में निर्माता नमित मल्होत्रा इस फिल्म को लेकर आधिकारिक घोषणा कर चुके हैं कि दोनों फिल्में दिवाली 2026 और दिवाली 2027 में सिनेमाघरों में रिलीज होंगी। फिल्म में रणबीर कपूर भगवान राम के किरदार में दिखेंगे। वहीं, साई पल्लवी माता सीता और यश रावण के रोल में नजर आएंगे। इस फिल्म को बड़े बजट में तैयार किया जा रहा है। फैंस को इस फिल्म से काफी ज्यादा उम्मीदें हैं। वर्क फ्रंट की बात करें तो रणबीर कपूर इन दिनों संजय लीला भंसाली की फिल्म 'लव एंड वॉर' को लेकर व्यस्त चल रहे हैं। फिल्म में उनके साथ आलिया भट्ट और विक्की कौशल भी हैं।

# 'डॉन 3' में नजर आएंगे विक्रांत मैसी




रिपोर्ट के मुताबिक '12वीं फेल' की सक्सेस के बाद अब विक्रांत इस बड़ी फिल्म का हिस्सा बनने जा रहे हैं। हालांकि एक्टर की तरफ से इसे लेकर कोई जानकारी अब तक नहीं दी गई है, लेकिन फैंस इस न्यूज से काफी खुश हैं।

बता दें कि फिल्ममेकर-सिंगर-एक्टर फरहान अख्तर 'डॉन 3' का निर्देशन कर रहे हैं और इसमें रणवीर सिंह मुख्य किरदार में हैं। यानी वो पहले अमिताभ बच्चन और फिर शाहरुख खान द्वारा निभाए गए डॉन के रोल में दिखने वाले हैं। हाल ही में फरहान अख्तर ने रणवीर सिंह को इस फिल्म में कास्ट करने को लेकर बात की थी। ए उन्होंने कहा था, "जिस तरह की स्क्रिप्ट हम लिख रहे थे, मैं इसके साथ क्या करना चाहता था इसके बारे में बात करना थोड़ा जल्दबाजी होगा। मैं इसके बारे में ज्यादा डिटेल में नहीं बता पाऊंगा लेकिन इस फिल्म में नेक्स्ट जेनरेशन एक्टर की ही जरूरत थी।" उन्होंने रणवीर को फिल्म में क्यों लिया, इसके बारे में बात करते हुए फरहान ने कहा, "वो बदमाश है, उसमें खूब एनर्जी है जिसकी जरूरत थी और वो तो" रणवीर के किरदार के बारे में बात करते हुए फरहान ने कहा कि उन्होंने इससे पहले इस तरह का रोल नहीं निभाया होगा। फरहान ने ये भी बताया कि फिल्म में रणवीर ढेर सारा एक्शन करने वाले हैं। साथ ही उनके डायलॉग भी जबरदस्त होने वाले हैं।

# सैफ के बेटे इब्राहिम को लॉन्च करेंगे करण





पटौदी परिवार के छोटे नवाब इब्राहिम अली खान जल्द ही इंडस्ट्री में कदम रखने वाले हैं, इस बात की चर्चा जोरों पर है। खबर थी कि वो 'सरजमीन' फिल्म से कदम रखने वाले हैं। अब इस न्यूज पर फिल्म मेकर करण जौहर ने मुहर लगा दी है। हालांकि उन्होंने फिल्म का नाम कंफर्म नहीं किया लेकिन ये जरूर बता दिया कि इब्राहिम का लॉन्च उनके बैनर तले ही होगा। करण ने इब्राहिम के डेब्यू को कंफर्म करते हुए एक पोस्ट लिखा, जहां उन्होंने खान परिवार के लिए अपने दिल में बसा प्यार दर्शाया। करण ने बताया कि सैफ के परिवार से उनका नाता 40 साल पुराना है, जब वो महज 12 साल के थे तब वो पहली बार एक्ट्रेस अमृता सिंह से मिले थे। अमृता सैफ की पहली पत्नी हैं और इब्राहिम की मां हैं। इब्राहिम की कई डैशिंग फोटोज शेयर करते हुए करण ने लिखा- मैं अमृता या डिंगी (जो उन्हें प्यार करते हैं, इसी नाम से बुलाते हैं) से तब मिला था जब मैं 12 साल का था। उन्होंने धर्मा मूवीज के लिए दुनिया फिल्म में मेरे पिता के साथ काम किया था। मुझे उनका वो ग्रेस, एनर्जी और कैमरा के आगे अपनी भाषा पर वो कमांड आज भी याद है। लेकिन, जो बात मुझे सबसे ज्यादा याद है, वो है हमारी पहली मुलाकात के बाद उनके और उनके हेयरस्टाइलिस्ट के साथ किया गया सबसे शानदार चाइनीज डिनर। उसके बाद जेम्स बॉन्ड की फिल्म। जब हम मिले, तो उन्होंने मेरे साथ बिल्कुल अपनों जैसा व्यवहार किया था। और यही उनकी शख्सियत की पावर थी, जो उनके और उनके बच्चों के जरिए आज भी जिंदा है। इसके आगे करण ने सैफ के बारे में बात की और लिखा- सैफ के साथ, ये तब हुआ जब हम आनंद महेंद्रू के ऑफिस में पहली बार मिले थे। यंग, शांत, अट्रैक्टिव और सहज, बिल्कुल वैसा ही जैसा मैंने पहली बार इब्राहिम से मिलकर महसूस किया था और एक मजबूत दोस्ती, जो हमारी पीढ़ी से लेकर किस्मत से हमारे बच्चों तक जारी है! मैं इस परिवार को 40 सालों से जानता हूं। उनके साथ अलग-अलग लेवल पर काम किया है। अमृता के साथ 'दुनिया' और 'शानदार', '2 स्टेट्स', सैफ के साथ 'कल हो ना हो' से लेकर 'कुर्बान' और बेशक, सारा के साथ 'सिम्बा' और उसके बाद और भी बहुत कुछ ( जो आने वाला है)। मैं इस परिवार को उनके दिल के लिए जानता हूं।

# 93 साल की वृद्धा को झांसे में लेकर लाखों रुपए की जमीन बेची

## पटवारी सहित भूमाफियाओं के खिलाफ मामला दर्ज, कलक्टर को सौंपा ज्ञापन



### जिला कलेक्टर ने दिया कारवाई का आश्वासन

पीड़िता वृद्धा बुधवार को जिला कलेक्टर के समक्ष पेश हुई और मामले में कार्रवाई की मांग की। इस पर जिला कलेक्टर ने कार्रवाई का आश्वासन दिया। पीड़िता ने जिला कलेक्टर को बताया कि पटवारी की मिली भगत से यह षड्यंत्र रचा गया है। पटवारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई।

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** बुजुर्ग महिला से भी जिले में भू माफिया धोखाधड़ी करने से नहीं चूक रहे हैं। ऐसा ही एक मामला सामने आया रानी थाना क्षेत्र का जहां पटवारी और आधा दर्जन लोगों ने मिलकर एक बुजुर्ग महिला से धोखाधड़ी कर लाखों रुपए की जमीन बेच डाली। जमीन बिकने का पता लगने के बाद पीड़िता ने रानी थाने में पटवारी सहित आधा दर्जन लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज करवाया है। पीड़िता ने जिला कलेक्टर एलएन मंत्री से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

पुलिस के अनुसार नाडोल निवासी सुशीला जैन ने बताया कि देसूरी में कृषि भूमि पर भू माफियाओं ने पटवारी के साथ मिलकर धोखे से कागजों पर साइन करवा लिए। पीड़िता ने रिपोर्ट में आरोप लगाया कि 12 फरवरी 2024 को नाडोल निवासी मगाराम सीरवी, मदनलाल, किरण, पटवारी महेन्द्र मीणा सहित पाली निवासी राहुलसिंह राजपुरोहित, दिनेशसिंह राजपुरोहित और घेनडी निवासी विनोदसिंह राजपुरोहित ने बेटों की जमीन महिला के नाम करवाने और कागजों में संशोधन कराने की बोलकर झांसे में लिया। बुजुर्ग महिला को झांसे में लेकर इन लोगों ने एक शपथ पत्र पर साइन करवा लिए और पाली निवासी राहुलसिंह राजपुरोहित को जमीन बेच दी। भू माफियाओं ने 23 फरवरी 2024 को पीड़िता को झांसे में लेकर बाकी बचे खसरे के कागजों पर भी साइन करवा लिए। पटवारी के साथ मिलकर आरोपियों ने नामांतरण करवाने की बोलकर पीड़िता को देसूरी तहसील ले गए। जहां 22 मार्च को धोखे से म्यूटेशन पर साइन करवा लिए। पाली निवासी राहुल को जमीन बेचने की बात महिला को कुछ दिन बाद पता चली। जिसके बाद पीड़िता ने 6 लोगों पर मामला दर्ज करवाया है।

### कुछ पैसे भी उसके खाते में डाले

पीड़िता ने बताया कि वह अपने दो पोतों के साथ रहती है। जिनमें से एक पोता अभी नाबालिग ही है। कृषि भूमि से आने वाली पैदावार से ही वह अपने पोतों को पाल रही है। आरोपियों ने धोखे से उसकी लाखों की जमीन बेच दी। जिससे उसका गुजारा करना भी मुश्किल हो रहा है। पीड़िता ने बताया कि 28 अक्टूबर 2024 मगाराम ने खाता संख्या 119 का अपनी प ि भारती के नाम गिफ्ट डीड कर आधा हिस्सा करवा दिया। महिला ने आरोप लगाया कि आरोपी मदन सोनी ने पासबुक और चेकबुक रख ली जो कई बार मांगने पर भी नहीं लौटा रहे हैं। पीड़िता के अनुसार आरोपी उसके बैंक खाते से कई बार रुपए निकाल चुके हैं। रानी एसएचओ पन्नालाल ने बताया कि पीड़िता की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। जांच में जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# आर्य समाज स्कूल में मनाई स्वामी चेतनानंद की पुण्यतिथि



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** चेतन विद्या मंदिर उमावि परिसर में बुधवार को स्वामी चेतनानंद सरस्वती की 29वीं पुण्यतिथि पर विद्यालय का वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण का आयोजन पं. केशवदेव शर्मा के ब्रह्मत्व में यज्ञ के साथ किया गया। विद्यालय प्रबंध समिति एवं नगर के गणमान्य नागरिकों द्वारा यज्ञ में श्रद्धा से आहुतियां प्रदान की गई। तत्पश्चात अतिथियों द्वारा ओउ्म ध्वज फहराया गया। बालिकाओं द्वारा ध्वजगीत प्रस्तुत किया गया। छात्र-छात्राओं द्वारा भारतीय संस्कृति से ओत-प्रोत कार्य' म प्रस्तुत किए गए। विद्यालय के छात्र आयुष एवं वृश्चिक ने स्वामी चेतनानंद के जीवन दर्शन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वामीजी त्यागी एवं तपस्वी संत थे। वैदिक संस्कृति और शिक्षा के प्रति उनका अत्यंत लगाव रहा। उनके द्वारा ही आर्य समाज सुमेरपुर एवं चेतन विद्या मंदिर उमावि की स्थापना की गई जो आज भी भारतीय संस्कृति के उन्नयन में संलग्न है। आर्य कन्या गुरुकुल की ब्रह्मचारियों द्वारा वेद पाठ, सांकेतिक गायन एवं राष्ट्र की समस्याओं पर महत्वपूर्ण उदबोधन दिया गया। कार्य' म के अध्यक्ष सत्यदेव आर्य ने स्वामीजी से जुड़े हुए अनेक प्रसंग प्रस्तुत करते हुए छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन किया। प्रधानाचार्य जयंतीलाल जानी ने सभी आगंतुक महानुभावों, पुरुस्कार के दानदाता शिवकुमार अग्रवाल एवं गौतम अग्रवाल द्वारा प्रसाद व्यवस्था पर आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष गुलाबसिंह राजपुरोहित, कोषाध्यक्ष नटवरलाल नागर, अचलचंद रावल, सुमेरसिंह चौधरी, नरेन्द्र माली, पंकजराज मेवाडा, हरदेव आर्य, गोविन्द्र राठौड़, जयंतीलाल माली, नरसाराम सुथार, विनोद बोराणा, कैलाशकुमार आर्य, शिवलाल माली, गणेशराम, जुजाराम आर्य, फूलाराम आर्य एवं विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थत रहा।

## आरएएस परीक्षा केंद्र का किया निरीक्षण

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** जिला कलेक्टर एलएन मंत्री ने पुलिस अधीक्षक चुनाराम जाट के साथ जिले के रोहट में बुधवार को आगामी दिनों में होने वाली आरएएस प्रारंभिक परीक्षा के एग्जाम सेंटर्स का निरीक्षण व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने दो स्कूलों और एक निजी कॉलेज आदि स्थानों पर स्थापित परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं को देखा। इसकी तैयारी और सुरक्षा के बारे में आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर उपखंड अधिकारी पूरणकुमार व संबंधित कार्मिक मौजूद रहे।

## जयकारों के बीच बिलाड़ा धाम के लिए रवाना हुआ आईमाता का धर्म वेल रथ

**▸ सीरवी समाजबंधुओं ने ढोल-ढमाकों के बीच दी रवानगी**



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाली।** सीरवी समाजबंधुओं की ओर से आईमाता के धर्म वेल रथ को ढोल ढमाकों व जयकारों के बीच बिलाड़ा धाम के लिए विदा किया गया। मीडिया प्रभारी खेताराम महाराज के अनुसार समाज के कोटवाल नथाराम सोलंकी और जमादारी कानाराम काग की विशेष उपस्थिति में कस्बे के किला चौक से शुरू हुए विदाई आयोजन में समाजबंधुओं ने उत्साह के साथ शिरकत की। महिलाओं ने मंगल गीत गाए वहीं अन्य लोगों ने रथ पर पुष्पवर्षा की। यह रथ बड़ी बीज के दिन बिलाड़ा स्थित मुख्य धाम पहुंचेगा। कार्य' म में नगर पालिका के पूर्व चेयरमैन जगाराम चौधरी, पुखराज परमार, तेजाराम गहलोत, पार्षद गोमाराम लचेटा, जोधाराम लचेटा, चेनाराम हाम्बड, कृषि अधिकारी राजाराम चौधरी, रामलाल, मांगीलाल गहलोत, हेमाराम परमार, भंवरलाल देवड़ा, जसाराम चौधरी, नेनाराम सीरवी, दोलाराम मुलेवा, भोलाराम राठौड़ व चेनाराम सीरवी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

## पाली के संभाग का दर्जा यथावत रखने की मांग

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** पाली के संभाग का दर्जा यथावत रखने की मांग को लेकर बुधवार को संभाग बचाओ आंदोलन संघर्ष समिति के बंद के आह्वान को मिलाजुला असर रहा। समिति के पदाधिकारियों ने शहर के बाजारों में घूम-घूम कर दुकानें बंद करवाई। हालांकि गली-मोहल्लों में दुकानें खुली रही। दोपहर में शहर का अधिकतार बाजार फिर से खुल गया। समिति की ओर से रैली निकाली गई। यह रैली सूरजपोल, अम्बेडकर सर्किल, मिलगेट, हाउसिंग बोर्ड, शिवाजी नगर, पुलिस लाइन, रावत नगर, सर्वोदय नगर, रेलवे स्टेशन, नया बस स्टैंड, पुराना बस स्टैंड, मंडिया रोड होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंच विसर्जित हुई।

## रमेशकुमार बने गोड़वाड़ आदिवासी भील समाज के अध्यक्ष

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सादड़ी।** गोड़वाड़ आदिवासी भील समाज की बैठक बुधवार को सादड़ी स्थित पाबूजी मंदिर के आदिवासी भील समाज सभा भवन में आयोजित की गई। जिलाध्यक्ष जगदीश भील की अध्यक्षता में हुई बैठक में पूर्व अध्यक्ष भेराराम सिंदरली के निधन के बाद डेढ़ वर्ष से रिक्त पड़े अध्यक्ष पद के लिए सर्वसम्मति से फालना निवासी रमेशकुमार को नया अध्यक्ष चुना गया। इसी तरह बंशीलाल सरथुर को उपाध्यक्ष, चुन्नीलाल लाटाडा को कोषाध्यक्ष, प्रकाशकुमार सरथुर को सचिव, नेकाराम जुणा को संगठन मंत्री, टीकमचंद सिंदरली को सह संगठन मंत्री, किशनलाल जुणा को प्रवक्ता और हिम्मत फालना को प्रचार मंत्री नियुक्त किया गया। बैठक में समाजोत्थान के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। सभी सदस्यों ने मृत्युभोज की प्रथा को समाप्त करने, बाल विवाह पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने और समाज को नशामुक्त बनाने का संकल्प लिया। साथ ही, समाज में शिक्षा के स्तर को बढ़ाने और समग्र विकास को प्राथमिकता देने का निर्णय लिया गया। बैठक में लाटाडा, सरथुर, धोलदा, रानी, मुंडारा, बडौद, फालना, जून गांव सहित विभिन्न क्षेत्रों से आए दूदाराम, रामलाल, भगाराम, मांगीलाल, नरेश कुमार, देवाराम, वि' मकुमार, मदनलाल और श्रवणकुमार जैसे प्रमुख सदस्यों ने भाग लिया।



# पेंशनर समाज की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाली।** पेंशनर उप शाखा कार्यकारिणी व सदस्यों की मासिक बैठक अध्यक्ष वरदाराम चौधरी की अध्यक्षता में हुई। मीडिया प्रभारी सुरेन्द्रसिंह सोनीगरा के अनुसार बैठक में पेंशनर्स की समस्याओ पर चर्चा की गई। इसके साथ ही उपखण्ड बाली परिसर में बने पेंशनर भवन को खाली करवाने हेतु उपखंड अधिकारी को ज्ञापन देने का निर्णय लिया गया। इसके अतिरिक्त वर्ष 2025 से सदस्यता शुल्क 250 रुपए से बढ़ाकर 500 रुपए प्रति वर्ष करने का निर्णय लिया गया। माह फरवरी में सभी सदस्यों हेतु स्नेह मिलन कार्य' म रखने के अलावा परिवार पेंशनर की समस्याओं को निपटाने हेतु मुख्य कस्बों में कैम्प लगाने पर भी सहमति हुई।

संरक्षक सुलेमान टांक के सुझाव पर वर्ष में एक बार सामूहिक भ्रमण व स्नेह भोज का भी निर्णय लिया गया। अध्यक्ष ने आभार व्यक्त किया। बैठक के बाद पेंशन भवन मामले में उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर संरक्षक जयनारायण वैष्णव, मोतीलाल गहलोत, उपाध्यक्ष हीरालाल रावलिया, मिश्रीमल सोनी, चुन्नीलाल, लखमाराम परमार, सुरेन्द्रसिंह, अशोककुमार वछैटा, रमेशकुमार, भगवानसिंह राणावत, भंवरलाल विश्वकर्मा, मूलाराम, कालूराम, गंगाराम, रतनसिंह बेडा, मोहब्बतसिंह, मूलसिंह राजपुरोहित, थानसिंह, अर्जुनसिंह सोलंकी, मूलचंद भाटी व उदयसिंह उपस्थित रहे। सदस्यों की मासिक बैठक प्रत्येक माह में 5 तारीख को रखने का भी निर्णय लिया गया।

## बीडीओ के निधन पर अर्पित की श्रद्धांजलि

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** नगर के तहसील रोड के सामने एमआइ पैलेस में बीडीओ फिरोज खान के निधन पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। सभी ने दिवंगत फिरोज खान की आत्मा की शांति व परिजनों को आघात सहन करने की क्षमता प्रदान करवाने की दुआ की। वकील मंडल के वरिष्ठ अधिवक्ता भवानीसिंह राठौड़, मदनपुरी गोस्वामी, महेंद्र गहलोत, अपर लोक अभियोजक शिवराजसिंह राणावत, तरूण त्रिवेदी, राकेश अरोड़ा, हाजी इब्राहिम सिलावट, जाफर हुसैन सिलावट, शोकत सिलावट, मुराद खां सिलावट भी मौजूद थे।



## दिवंगत दिव्याराज के परिजनों को दिलाया न्याय का भरोसा

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नारलाई/देसूरी।** जयपुर के मालवीय नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमएनआइटी) में पढ़ने वाली छात्रा दिव्याराज मेघवाल की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत का मामला लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। इस बीच सामाजिक कार्यकर्ता एवं लेखक भंवर मेघवंशी ने दिवंगत के नारलाई स्थित आवास पर पहुंचकर दिवंगत दिव्याराज को श्रद्धांजलि दी एवं उसके पिता पूर्व सरपंच खंगारराम मेघवाल सहित परिजनों को ढांढस बंधाया।

इस दौरान परिजनों ने मेघवंशी से मामले की निष्पक्ष जांच न होने की आशंका व्यक्त की और न्याय की मांग की। इस दौरान जिला परिषद के पूर्व सदस्य प्रमोदपाल सिंह मेघवाल व भीलवाड़ा के सामाजिक कार्यकर्ता हीरालाल मेघवंशी भी मौजूद थे। मेघवंशी ने मामले की निष्पक्ष जांच और न्याय का भरोसा दिलाया। उधर घटना को लेकर ग्रामीणों में रोष व्याप्त है एवं उच्चस्तरीय जांच व दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने की मांग की।

## गोशाला में भेंट कर दी चार एकड़ में लहलहराती फसल

जागरूक टाइम्स संवाददाता



**खिंवाड़ा।** कस्बे के एक गोप्रेमी ने अपने कृषि कुएं पर चार एकड़ में उगाई गई 108 किलो की लहलहाती मेथी की फसल को कस्बे के बालाजी महाराज आदर्श गौशाला में भेंट कर दिया। बालाजी गौशाला के उप कोषाध्यक्ष नारायणलाल देवासी के अनुसार जीवदया व गोप्रेमी महावीर घेवरचंद डागा परिवार की ओर से यह पुनित कार्य किया गया। यह फसल सप्ताहभर से लगातार तीन-तीन ट्रैक्टर ट्रोली के माध्यम से गोवंश के लिए पहुंचाई जा रही है।

## चिकित्सा जांच शिविर का समापन, डॉक्टरों ने जांचा स्वास्थ्य

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**रानी।** पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रानी गांव में आयोजित तीन दिवसीय स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का समापन बुधवार को हुआ। सीबीइओ भवानीसिंह राणावत के मुख्य आतिथ्य में आयोजित समापन समारोह में डॉ गजेंद्रसिंह दंत रोग विशेषज्ञ एवं डॉ सुनीता कुशवाह फिजिशियन, नर्सिंगकर्मी हुलीकुमारी, भारती सोलंकी एवं प्रधानाचार्य महेंद्रसिंह राजपुरोहित का सानिध्य रहा। राणावत द्वारा विद्यार्थियों को सामान्य स्वास्थ्य के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। डॉक्टरों की टीम द्वारा विद्यार्थियों की स्क्रीनिंग काउंसलिंग कर, बीमारियों के लक्षण पाए जाने पर संबंधित विद्यार्थियों में हायर सेंटर के लिए रेफर किया गया। जिन बच्चों की आंखें कमजोर थी उनको ऐनक वितरण के लिए लायंस हॉस्पिटल रानी भेजा गया। अतिथियों का विद्यालय परिवार की ओर से उप प्राचार्य प्रभुराम चौधरी द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

# पकड़े जाने के भय से डंपर चालक सड़क पर कर रहे बजरी खाली

जागरूक टाइम्स संवाददाता



**देसूरी।** बजरी माफियाओं द्वारा बजरी का अवैध खनन कर ऊंचे दामों में बिक्री जोरों पर है। बजरी परिवहन में प्रयुक्त डंपर रात में सड़कों पर सरपट दौड़ते देखे जा सकते है। बजरी पर रोक के चलते बजरी माफिया पनप गए है एवं दिन रात बजरी के अवैध तरीके से दोहन कर चांदी कूटने में लगे है। हालांकि पिछले दो दिनों से पुलिस की सि यता व सघन नाकाबंदी से बजरी माफियाओं के डंपर बैरंग लौटने को मजबूर हो गए है। पुलिस की पकड़ व कानूनी कार्यवाही एवं जुर्माना वसूली से बचने के प्रयास में अक्सर डंपर चालक सड़क अथवा सड़क किनारे बजरी खाली कर रफ्फूचक्कर हो रहे है। ऐसे ही प्रयास से देसूरी नाल घाट के नाग देवता मन्दिर के नीचे पूल की दीवार के निकट बजरी का ढेर लगा हुआ है। मंगलवार रात बजरी से भरे डंपर को देसूरी के डॉ भीमराव अंबेडकर छात्रावास के निकट सड़क मार्ग पर खाली कर दिया गया। सूत्रों के अनुसार बजरी माफिया रात में सि य होकर डंपरों के आगे आगे वाहन से एस्कॉटिंग कर डंपरों को गंतव्य तक पहुंचा रहे है। एस्कॉटिंग वाहन पुलिस जीप अथवा नाकाबंदी होने पर चालक को सूचना दे देते है। जिससे या तो चालक वाहन सहित सुरक्षित रास्तों से फरार हो जाता है अथवा बजरी को सड़क अथवा सड़क पर खाली कर निकल जाता है। डंपर खाली हो जाने पर पुलिस भी कुछ नहीं कर पाती।

# ब्लॉक समूह स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आगाज



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** नेहरू युवा केंद्र के तत्वावधान में स्थानीय युवा मंडलों के सहयोग से जोबा में दो दिवसीय ब्लॉक समूह स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री अचलाराम मेघवाल ने युवाओं को सफलता के लिए अनुशासन को जीवन में अपनाने को प्रेरित किया। उप जिला शिक्षा अधिकारी बलबीरसिंह राणावत ने खेल की भावना से खेलने के लिए प्रेरित किया। युवा पार्षद एवं जिला युवा सलाहकार समिति सदस्य नारायण देवासी ने युवाओं को खेल से स्वास्थ्य और फिटनेस के बारे में अवगत कराया। जिला युवा अधिकारी राजेंद्र जाखड़ ने कार्य' म की जानकारी दी। ब्लॉक स्वयंसेवक हितेश सोनी के अनुसार कबड्डी में आना ने जोबा को और मांडीगढ़ ने गुड़ा अखेराज गांव को मात दी। इस अवसर पर शारीरिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष भंवरलाल चौधरी, भगाराम दहिया, धनाराम मोबारसा, दुर्गाराम जाट, गोपाराम, पप्पू मेवाड़ा, कृष्णकांत, मदनपुरी आदि उपस्थित रहे। मंच संचालक प्रकाश मेवाड़ा ने किया।

## बैंकिंग प्रणाली से करवाया अवगत

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**देसूरी।** नाबार्ड की वित्तीय समावेशन निधी व आरबीआइ बैंक द्वारा संचालित मनी वाइज प्रोग्राम के तहत ि सिल फाउंडेशन के वित्तीय साक्षरता केंद्र कुंभगलढ़ द्वारा देसूरी ब्लॉक के बागोल ग्राम में जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। फील्ड कोडिनेटर रमेशकुमार द्वारा ग्रामीणों को बेकिंग क्षेत्र की मूल बातों के साथ बचत खाता खोलने, दुर्घटना बीमा, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना की जानकारी दी गई।



ब्रांच मैनेजर अंकितकुमार शर्मा द्वारा साइबर फॉड व ठगी को रोकने के उपाय व शिकायत करने का तरीके बताए।

## जिला स्तरीय तकनीकी समिति की बैठक 5 को

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** जिला स्तरीय तकनीकी समिति की बैठक जिला कलक्टर एलएन मंत्री की अध्यक्षता में 5 फरवरी को प्रातः 11.30 बजे कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित की जाएगी। दी-पाली सैंट्रल कोऑपरेटिव बैंक के मुख्य प्रबंधक छोगाराम चौधरी के अनुसार कृषकों को अल्पकालीन फसली ऋण उपलब्ध करवाने के लिए आगामी वर्ष 2025-26 के लिए फसलों के वित्तमान एवं पशुपालन व मत्स्य पालन के लिए किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत वित्तमान का निर्धारण करने चर्चा कर निर्णय किया जाएगा।

# आशापुरा माता मंदिर पाटोत्सव व महाराव लाखणसी जयंती महोत्सव कल

## » आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में जबरदस्त उत्साह

## » तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटी आयोजन समिति

### कई संत महात्माओं सहित प्रबुद्ध हस्तियों का रहेगा आतिथ्य



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नाडोल (पाली)।** कस्बे में स्थित प्रख्यात धाम राजराजेश्वरी आशापुरा माता पाटस्थान मंदिर का वार्षिक पाटोत्सव एवं महाराजधिराज महाराव लाखणसी चाहुआण का 1081वां जयंती समारोह शुक्रवार को उत्साह उमंग के बीच श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा।

आयोजन में जालोर सिरे मंदिर भैरूनाथ अखाड़ा के गादीपति गंगानाथ महाराज, गढ़ सिवाणा के गादीपति नृत्य गोपालराम महाराज, गुड़ा मांगलियान स्थित कृष्णधाम के गादीपति तपोनिधि कृष्णभक्त महेन्द्रसिंह राणावत का संत सान्निध्य रहेगा। आशापुरा माता पाटस्थान मंदिर ट्रस्ट एवं मेला आयोजन कमेटी के सदस्य एडवोकेट शैलेन्द्रसिंह चौहान ने बताया कि शुक्रवार को होने वाले इस महोत्सव को लेकर श्रद्धालुओं में जबरदस्त उत्साह बना हुआ है। ट्रस्ट मंडल व मेला कमेटी सहित सभी कार्यकर्ता तैयारियों को लेकर उत्साह से जुटे हुए है।

**भजन संध्या आज:-** महोत्सव के उपलक्ष्य में पूर्व संध्या पर गुरुवार रात्रि को एक शाम राजराजेश्वरी आशापुरा माता के नाम विशाल भजन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसमें ख्यातनाम कलाकार श्रवणगिरी नागौरी एंड पार्टी नागौर की ओर से एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुतियां दी जाएगी।

### » शोभायात्रा/वरघोड़े में शरीक होंगे भारी तादाद में श्रद्धालु

महोत्सव के दूसरे दिन शुक्रवार को प्रात: 8 बजे प्राचीन गढी आशापुरा माता मंदिर से बैंडबाजों व ढोल ढमाकों के बीच देव झांकियों के साथ भव्य शोभायात्रा/वरघोड़ा निकलेगा। जो मुख्य मार्गों से होते हुए आशापुरा माता पाटस्थान मंदिर पहुंच समारोह में तब्दील होगा।

### » इनका रहेगा आतिथ्य व मार्गदर्शन

समारोह में ट्रस्ट के मुख्य संरक्षक महाराव पद्मश्री रघुवीरसिंह सिरोही, पूर्व मंत्री राजेन्द्रसिंह राठौड़, पूर्व मंत्री व बाली विधायक पुष्पेन्द्रसिंह राणावत, जोधपुर रेल मंडल प्रबंधक पंकजकुमार सिंह, महाराज देवतसिंह सिरोही, ट्रस्ट संरक्षक राव भंवरसिंह डोडीयाली, हिम्मतसिंह घाणेराव, राव महाराजसिंह जोजावर, ठा. महिपालसिंह बिसलपुर, राव मोहनसिंह चितलवाना, राणा गजेन्द्रसिंह वाव का आतिथ्य व मार्गदर्शन रहेगा।

### » तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटे पदाधिकारी

समारोह को भव्य बनाने एवं तैयारियों को अंतिम रूप देने को लेकर ट्रस्ट अध्यक्ष करणसिंह उचियारड़ा, उपाध्यक्ष जोगसिंह सेदरिया, सचिव लोकेन्द्रसिंह वेदाना, कोषाध्यक्ष भगवतसिंह गुडला, ठा चैनसिंह किशनपुरा, पीथाराम ग्यावत, रंगराज चौहान, जोरसिंह चौहान, खीमराज मालवीय, ट्रस्ट व्यवस्थापक लालसिंह शक्तावत, योगेन्द्रसिंह सहित पदाधिकारी व सदस्य पूरे मनोवेग व उत्साह से जुटे हुए है।

---

जेडीए का नवाचार

# जीआईएस आधारित मास्टर प्लान-2025 वेबसाइट पर आमजन के लिए उपलब्ध

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** जयपुर विकास प्राधिकरण ने बेहतर शहरी प्रशासन और नागरिक सेवाओं में सुधार के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। जेडीए ने जीआईएस आधारित मास्टर प्लान-2025 को अपनी वेबसाइट पर उपलब्ध करवा दिया है, जिससे आमजन को मास्टर प्लान से संबंधित विभिन्न प्रकार की जानकारी घर बैठे प्राप्त होगी। जयपुर विकास आयुक्त आनंदी ने इस नई सुविधा की जानकारी देते हुए बताया कि अब आमजन को किसी भी स्थान या क्षेत्र के भू उपयोग संबंधी जानकारी लेने के लिए जेडीए कार्यालय आने की आवश्यकता नहीं होगी। नागरिक अपने घर से ही जेडीए क्षेत्र में किसी भी स्थान का भू उपयोग जैसे आवासीय, वाणिज्यिक, संस्थागत, मिश्रित, इकोलॉजिकल आदि की जानकारी आसानी से प्राप्त कर सकेंगे।

आने वाले समय में, जेडीए अन्य भू-संबंधित परिसीमाएं जैसे 90ए, लैंड बैंक, कॉलोनी मैप्स आदि को भी जीआईएस के माध्यम से ऑनलाइन उपलब्ध कराने की योजना बना रहा है। यह पहल आमजन के लिए और अधिक सुविधाजनक होगी और शहरी प्रशासन में पारदर्शिता बढ़ाएगी। जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा किए जा रहे इस नवाचार का उद्देश्य नागरिकों को बेहतर सेवाएं प्रदान करना और उन्हें शहरी विकास की प्रक्रिया में शामिल करना है। हम सभी नागरिकों से अनुरोध करते हैं कि वे इस नई सुविधा का लाभ उठाएं और अपने अनुभव साझा करें।

---

## न्यूज़ ब्रीफ

### 25 आतंकी ठिकानों पर पुलिस की छापेमारी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने बुधवार को नियंत्रण रेखा के पास सक्रिय आतंकवादियों के घरों पर छापेमारी की है। पुलिस और सीआरपीएफ ने राजौरी के कई इलाकों में आतंकियों के 25 ठिकानों पर छापेमारी की है। अधिकारियों ने बताया कि पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर से सक्रिय आतंकवादियों के खिलाफ गैर-कानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के तहत दर्ज मामलों में यह छापेमारी की गई है।

### दवाईयों के वेयरहाउस में लगी आग

भुवनेश्वर। भुवनेश्वर के रुद्रपुर इलाके में बुधवार को सिम्फनी मॉल के पास एक वेयरहाउस में आग लग गई। इससे वेयरहाउस में रखीं दवाईयां जल गईं। फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने घटनास्थल पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। अधिकारियों ने बताया कि स्थानीय लोगों ने सुबह 8 बजे आग देखी और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है।

### एक नक्सली ढेर

**चाईबासा।** झारखंड के चाईबासा में में झारखंड पुलिस, 209 कोबरा बटालियन सहित अन्य सुरक्षाबलों की जॉइंट टीम का नक्सलियों के साथ बुधवार सुबह एनकाउंटर हुआ है। दोनों तरफ से फायरिंग हो रही है। सुरक्षाबलों ने एक नक्सली का शव बरामद किया है। कुछ नक्सली घायल बताए गए हैं। पुलिस के मुताबिक घटनास्थल से दो इंसास राइफलें बरामद की गई हैं। ऑपरेशन और तलाशी जारी है।

### घरेलू नौकरों के लिए बने कानून : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि घरेलू नौकरों के हितों की रक्षा के लिए कानून बनाया जाए। कोर्ट ने केंद्र सरकार से कहा है कि वह इस बारे में विचार के लिए कमेटी बनाए। कमेटी 6 महीने के भीतर सरकार को रिपोर्ट देने की कोशिश करे। उसके बाद सरकार उस रिपोर्ट पर विचार कर आगे कार्यवाही करे। कोर्ट ने श्रम और रोजगार मंत्रालय को सामाजिक न्याय मंत्रालय, महिला और बाल कल्याण मंत्रालय और कानून मंत्रालय के साथ मिलकर इस पर काम करने के लिए कहा है।

### अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा: हाईकोर्ट

**जयपुर।** जयपुर-अजमेर हाईवे पर भांकरोटा के पास बन रहे फ्लाईओवर के निर्माण में हो रही देरी को लेकर बुधवार को सुनवाई हुई। इस सुनवाई में कोर्ट ने एनएचआई के अधिकारियों को हर हाल में 1 अप्रैल 2025 तक काम पूरा करने के लिए कहा है। इसके साथ ही कोर्ट ने जयपुर-अजमेर हाईवे पर हुए अतिक्रमण को लेकर भी नाराजगी जताई। कोर्ट ने कहा कि हाईवे पर किसी भी तरह का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। दरअसल, फ्लाईओवर में देरी से निर्माण को लेकर हाईकोर्ट ने नाराजगी जताई थी। जस्टिस इंद्रजीत सिंह और जस्टिस विनोद कुमार भारवानी की अदालत ने इसे लेकर एनएचआई के अधिकारियों को तलब किया था। इसे लेकर बुधवार को एनएचआई के अधिकारी कोर्ट में पेश हुए। हाईकोर्ट में अधिकारियों ने 3 महीने का समय मांगा। इसके साथ ही 2 सप्ताह में ट्रैफिक डायवर्जन का एक्शन प्लान भी कोर्ट में बताया होगा।

---

# एसएमएस अस्पताल के आयुष्मान आईपीडी टावर में लगी आग

## लिफ्ट में वेल्डिंग के काम के दौरान लगी आग, बड़ा हादसा टला





### चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने घटना स्थल पर जाकर लिया जायजा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** सवाई मानसिंह अस्पताल में निर्माणाधीन आयुष्मान आईपीडी टावर में अचानक आग लग गई, जिससे अफरा तफरी का माहौल बन गया। आग लगते ही मौके पर फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची और आग पर काबू पाया गया। सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉक्टर दीपक माहेश्वरी का कहना है कि आयुष्मान आईपीडी टावर में निर्माण कार्य चल रहा है। ऐसे में वेल्डिंग करते समय वेल्डिंग की चिंगारी के कारण कचरे में पड़े थर्माकोल में आग लग गई। इसके कारण धुआं फैल गया। चौथे फ्लोर पर यह हादसा हुआ है और समय रहते इस पर काबू पा लिया गया।

डॉ. माहेश्वरी ने कहा कि हालांकि, यह आग कचरे में लगी थी, लेकिन सुरक्षा को लेकर हमने संबंधित विभाग को लेटर लिखा है, ताकि भविष्य में इस तरह का हादसा नहीं हो। इस आईपीडी टावर का निर्माण तत्कालीन कांग्रेस सरकार में शुरू हुआ था और जब प्रदेश में सत्ता परिवर्तन हुआ तब इसका नाम बदलकर आयुष्मान आईपीडी टावर रख दिया गया।

### » सावधानी बरतने के दिए निर्देश

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने सवाई मानसिंह अस्पताल परिसर में निर्माणाधीन आयुष्मान टॉवर में आग लगने की सूचना पर आयुष्मान टॉवर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। स्वास्थ्य मंत्री खींवसर ने आयुष्मान टॉवर में घटना स्थल पर पहुंचकर आगजनी की स्थिति को देखा और अधिकारियों से आग लगने के कारण एवं वस्तु स्थिति के बारे में जानकारी ली। सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. दीपक माहेश्वरी ने बताया कि निर्माणाधीन परिसर में काम आ रही सामग्री के पैकिंग मैटेरियल एवं कचरे आदि में वैल्डिंग के कार्य के दौरान चिंगारी से आग लग गई थी, जिसे तुरंत ही बुझा दिया गया था। आग से किसी भी तरह का कोई नुकसान नहीं हुआ है। चिकित्सा मंत्री ने स्वयं वस्तु स्थिति का अवलोकन करने के बाद निर्देश दिए कि निर्माण कार्य के दौरान सावधानी एवं सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा जाए, ताकि किसी भी प्रकार की कोई दुर्घटना नहीं हो। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि आयुष्मान टॉवर के निर्माण में गुणवत्ता का भी विशेष ध्यान रखा जाए।

---

# हाईकोर्ट एलडीसी परीक्षा : पौरव कालेर ने करवाई ब्लूटूथ से नकल

## चीटिंग कर नौकरी लगे 9 क्लर्क पकड़े



**जयपुर।** ईओ-आरओ भर्ती परीक्षा में ब्लूटूथ से नकल करवाने वाले पौरव कालेर ने 2022 में हुई हाईकोर्ट एलडीसी भर्ती परीक्षा में भी कई अभ्यर्थियों को ब्लूटूथ से नकल करवाई थी। उसके इस खुलासे के बाद एसओजी ने नकल कर परीक्षा पास करने वाले अभ्यर्थियों को चिह्नित किया है। इनमें से 9 आरोपियों को बुधवार को एसओजी ने अलग-अलग जिलों में तैनात कनिष्ठ सहायक-एलडीसी को दबोच लिया है। अब इन्हें रिमांड पर लेकर पूछताछ की जाएगी। नकल कर पास हुए बाकि अभ्यर्थियों को लेकर भी एसओजी पड़ताल में जुटी है।

### 30 जनवरी को कोर्ट में किया जाएगा पेश

एसओजी-एटीएस के एडीजी वीके सिंह ने बताया कि बीकानेर के भीनासर निवासी द्रौपदी सिहाग, श्रीगंगानगर के चक-5, पीएडी-बी निवासी सुनीता, बीकानेर के नाथूसर बास निवासी उमेश तंवर, हनुमानगढ़ के कोहला गांव निवासी सुमन भूखर, नागौर के खजवाना निवासी सुरेश, बीकानेर के केसर देसर जाटान निवासी राकेश कस्वा, नागौर के खजवाना निवासी विभीषण और रामलाल को रामलाल जिला पुलिस के सहयोग से जयपुर लाकर गिरफ्तार किया गया है। उन्हें 30 जनवरी को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया जाएगा।

### » 9 जिलों की पुलिस ने पकड़कर सौंपा

द्रौपदी सिहाग पाली जिले के बाली में एसीजेएम कोर्ट में, सुनीता सरदारशहर एसीजेएम कोर्ट में, उमेश तंवर सुजानगढ़ के जेएम कोर्ट में सुमन भुखर भीलवाड़ा के महिला उत्पीड़न कोर्ट में, सुरेश उदयपुर (दक्षिण) न्यायिक मजिस्ट्रेट में, राकेश कस्वा उदयपुर सीजेएम कोर्ट में और रामलाल गुलाबपुरा (भीलवाड़ा) एसीजेएम कोर्ट में कनिष्ठ सहायक-एलडीसी के पद पर कार्यरत है। इन्हें 9 जिलों की पुलिस की दस टीमों ने हिरासत में लेकर एसओजी के सुपुर्द किया है।

### » 26 के खिलाफ सबूत, 18 संदेह के घेरे में

उन्होंने बताया कि पौरव कालेर से पूछताछ में हाईकोर्ट एलडीसी भर्ती परीक्षा में ब्लूटूथ से नकल की बात सामने आने पर एएसपी हरिप्रसाद सोमानी के निर्देशन में विशेष टीम का गठन किया गया। इस टीम ने जांच के दौरान पाया कि 26 अभ्यर्थियों ने ब्लूटूथ से नकल कर परीक्षा पास की है। जबकि 18 अन्य अभ्यर्थी भी संदेह के घेरे में हैं। जिनके संबंध में गहराई से जांच जारी है। हाईकोर्ट एलडीसी भर्ती परीक्षा-2022 का आयोजन 12 मार्च व 19 मार्च 2023 को दोपहर 12 से 2 बजे के बीच हुआ था। राजस्थान उच्च न्यायालय द्वारा आयोजित इस परीक्षा का परिणाम 11 जून 2023 को जारी किया गया था। यह परीक्षा कनिष्ठ सहायक-एलडीसी के 2800 पदों पर भर्ती के लिए हुई थी।

### » सालासर में बैठकर पौरव कालेर ने पढ़ाया था पेपर

एडीजी वीके सिंह ने बताया कि नागौर, भीलवाड़ा, पाली, उदयपुर, जालौर, बीकानेर, चूरू, सीकर और ब्यावर के एसपी से संपर्क कर 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पौरव कालेर के खिलाफ द्वितीय श्रेणी शिक्षक भर्ती, एसआई भर्ती परीक्षा-2021, रीट-2021, ईओ-आरओ भर्ती परीक्षा-2022, पटवारी भर्ती परीक्षा-2021 और महिला सुपरवाइजर भर्ती परीक्षा-2020 में भी ब्लूटूथ से नकल करवाने के मुकदमें दर्ज हैं। उसने अभ्यर्थियों को ईओ-आरओ और एलडीसी भर्ती परीक्षा का पेपर सालासर में बैठकर पढ़ाया था।

---

# 16 हजार की रिश्वत लेते वीडीओ रंगे हाथों गिरफ्तार

## वेतन के लिए मांगी थी 25 हजार की रिश्वत, 20 हजार में हुआ सौदा

**बांसवाड़ा।** राजस्थान में सरकारी अधिकारी और कर्मचारियों में भ्रष्टाचार को लेकर शिकंजा कसा जा रहा है। इसके तहत भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) लगातार एक के बाद एक भ्रष्ट सरकारी कर्मचारियों पर कार्रवाई कर रही है। नया मामला बांसवाड़ा से आया है जहां ग्राम विकास अधिकारी (वीडीओ) को रिश्वत लेते रंगे हाथ ट्रैप किया गया है। भ्रष्टाचार निरोभ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने बड़ी कार्रवाई करते हुए ग्राम विकास अधिकारी को रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो बांसवाड़ा ने बुधवार को सरकारी कार्मिक को रंगे हाथों गिरफ्तार किया। एसीबी के अनुसार भापोर ग्राम विकास अधिकारी प्रभुलाल पारगी को 16 हजार रुपए की रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

महानिदेशक पुलिस डॉ रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि एसीबी बांसवाडा को एक शिकायत मिली थी। जिसमें बताया गया था कि परिवादी के पिता अटल सेवा केन्द्र भापोर में ठेके के माध्यम से सुरक्षा गार्ड की नौकरी करते हैं। उसके पिताजी को पिछले पांच माह से वेतन का भुगतान नहीं हुआ है। वेतन भुगतान के लिए वेतन बिल बनाना पड़ता है। ऐसे में वेतन बिल बनाने के एवज में ग्राम पंचायत भापोर के वीडीओ प्रभुलाल पारगी ने 25,000 की मांग कर परेशान कर रहा था। शिकायत के बाद विभाग ने बीते 20 जनवरी को रिश्वत की राशि मांगने का सत्यापन कराया। आरोपी द्वारा परिवादी से 20 हजार रुपए रिश्वत राशि लेने की सहमति बनी। सत्यापन के दौरान 4 हजार रुपए दिए। इसके बाद एसीबी उदयपुर रेंज के उप महानिरीक्षक राजेन्द्र प्रसाद गोयल के सुपरवीजन में एएसपी ऋषिकेश मीना के नेतृत्व में बुधवार को टीम ने ट्रैप की कार्रवाई को अंजाम दिया।

---

सीएम भजनलाल शर्मा की उपस्थिति में हुई घोषणा

# जयपुर दक्षिण भाजपा जिलाध्यक्ष बने राजेश गुर्जर



**जयपुर।** जयपुर दक्षिण भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश गुर्जर बने हैं। राजेश गुर्जर को फिर से जिलाध्यक्ष बनाया गया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की उपस्थिति में राजेश गुर्जर के नाम की घोषणा हुई। बुधवार को भाजपा जयपुर दक्षिण देहात द्वारा आयोजित संगठन पर्व 2024 की कार्यशाला को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने संबोधित किया। इस अवसर पर संगठन की तय कार्ययोजना सहित अन्य रणनीतियों व विभिन्न संगठनात्मक विषयों पर सकारात्मक चर्चा की गई।

### कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने दीं शुभकामनाएं

राजस्थान सरकार में कैबिनेट मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने संगठन पर्व के तहत चुने गए राजस्थान के सभी भाजपा जिलाध्यक्षों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ एवं प्रदेश प्रभारी राधा मोहन दास अग्रवाल के सशक्त नेतृत्व में राजस्थान में भाजपा निरंतर जनसेवा एवं राष्ट्र निर्माण के संकल्प को आगे बढ़ा रही है। आप सभी के कुशल नेतृत्व में संगठन और अधिक मजबूत होगा तथा पार्टी की विचारधारा जन-जन तक पहुंचेगी, यही कामना है।

---

जयपुर में हाउसिंग बोर्ड में एसीबी की बड़ी कार्रवाई

# एक लाख रुपये की रिश्वत लेते लीगल ऑफिसर गिरफ्तार

**जयपुर।** एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर एसीबी चौकी भरतपुर इकाई द्वारा बुधवार को कार्रवाई करते हुए प्रशान्त गुप्ता कनिष्ठ विधि अधिकारी, आवासन मण्डल जयपुर को एक लाख रुपए रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया गया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक पुलिस डॉ. रवि प्रकाश मेहरडा ने बताया कि एसीबी चौकी भरतपुर को एक शिकायत इस आशय की मिली कि परिवादी के पिता के नाम राजस्थान हाउसिंग बोर्ड की विशिष्ट पंजीकरण योजना 2003 के अन्तर्गत इंदिरा गांधी नगर जगतपुरा में आवास आवंटित हुआ था। पिता की मृत्यु पश्चात उक्त आवास का स्थानान्तरण परिवादी के नाम हो गया था उक्त अधिकारी द्वारा उक्त आवास का मांग पत्र जारी करने की एवज में 2,50,000 रुपए की रिश्वत की मांग कर परेशान किया जा रहा है। जिस पर एसीबी रेंज भरतपुर के उप महानिरीक्षक राजेश सिंह के सुपरविजन में एसीबी चौकी भरतपुर के अमित सिंह अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में बुधवार को ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी प्रशान्त गुप्ता कनिष्ठ विधि अधिकारी, आवासन मण्डल जयपुर को एक लाख रुपए रिश्वत लेते हुए ट्रेप किया गया है एवं संदिग्ध अनिल पालीवाल उप सचिव आवासन मंडल जयपुर की भूमिका की जांच की जा रही है।

---

विजय चौक पर बीटिंग रिट्रीट सेरेमनी

# सशस्त्र बलों की बैंड धुनों ने बिखेरा देशभक्ति का रंग

### राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और पीएम मोदी रहे मौजूद

### तीनों सेनाओं और सीएपीएफ के बैंड ने धुनें पेश कीं





**नई दिल्ली।** दिल्ली के विजय चौक पर बुधवार शाम को बीटिंग द रिट्रीट सेरेमनी हुई। इसके साथ ही गणतंत्र दिवस के 4 दिन तक चलने वाले कार्यक्रमों का समापन हुआ। तीनों सेनाओं के साथ सीएपीएफ के बैंड ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के सामने 30 फुट टैपिंग भारतीय धुनें बजाईं। समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह स्पीकर ओम बिड़ला सहित अन्य केंद्रीय मंत्री और आम जनता मौजूद रही। विजय चौक की सभी प्रमुख इमारतों को रंग-बिरंगी लाइटिंग से सजाया गया था। समारोह की शुरुआत में सेना द्वारा राष्ट्रपति को नेशनल सैल्यूट दिया। इसके बाद तिरंगा फहराया गया और राष्ट्रगान की धुन बजाई गई।

तीनों सेनाओं के बैंड ने सेरेमनी की शुरुआत धुन कदम-कदम बढ़ाए जा बजाकर की। पाइप्स एंड ड्रम्स बैंड ने अमर भारती बजाकर मैप ऑफ इंडिया बनाया। सीएपीएफ बैंड ने विजय भारत का संगीत पेश किया। एयरफोर्स ने गैलेक्सी राइडर धुन पेश की। इस धुन को रिटायर्ट विंग कमांडर जी जयचंद्रन ने तैयार किया था। सेनाओं के द्वारा कौरवों-पांडवों, सलामी देते जवान, एक पेड़ मां के नाम और चक्रव्यूह की आकृति तैयार की गई। समारोह के मुख्य संचालक कमांडर मनोज सेबेस्टियन थे। बीटिंग रिट्रीट कार्यक्रम का समापन 'सारे जहां से अच्छा' के साथ किया गया। समारोह के अंत में सभी बैंड मास्टर राष्ट्रपति के पास गए और बैंड वापस ले जाने की इजाजत मांगी। इसके बाद समारोह समाप्त किया गया।

स्वत्वाधिकारी - नारायण पब्लिकेशन प्रा. लि., प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक, हेमल पुरोहित के लिए अम्बर ऑफसेट प्रा. लि., डी.एल. टॉवर, 3-ए, विद्याश्रम संस्थानिक क्षेत्र, जे.एल.एन. मार्ग, जयपुर से मुद्रित एवं कोरल स्टूडियो-1, प्लॉट नं. बी-64/65 , फ्लैट नं. 106, सहकार मार्ग, इमली फाटक, जयपुर से प्रकाशित। रजि. नं. RAJHIN/2009/31386 सम्पादक- हेमल पुरोहित। सम्पर्क करें: 0141-2743001, e-mail : Jtjaipur@gmail.com